डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 08 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-260, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



अभिषेक शर्मा बने प्लेयर ऑफ द मैच

**सेंसेक्स**
79,996.60 ↑ -53.07

**डॉलर**
83.468 ↑ -0.034

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 73,170
01 किलो 93,530

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा संग मौसी बाड़ी पहुंचे जगन्नाथ स्वामी

**मुख्यमंत्री ने राज्य की जनता को बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दीं**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा में सोमवार सुबह से ही उत्साह का माहौल देखा गया। सुबह से ही लोग भगवान के दर्शन-पूजन के लिए मंदिर में कतारबद्ध दिखे। इस दौरान दिनभर विभिन्न अनुष्ठान होते रहे। मेले में लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। सभी को शाम होने का इंतजार था जब रथ खींचकर भगवान को मौसीबाड़ी पहुंचाया जाएगा। ठीक चार बजे विष्णुसहस्त्रनाम जाप हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम पांच बजे श्रद्धालु भगवान का रथ खींचकर मौसीबाड़ी की ओर रवाना हुए। इस दौरान रथारूढ़ भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा और महाप्रभु के विग्रह मोहक श्रृंगार में श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे। इसके साथ ही मौसीबाड़ी के पूरे रास्ते में जय जगन्नाथ का नारा गुंजायमान होता रहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी जगन्नाथपुर रथयात्रा महोत्सव में सम्मिलित हुए। उन्होंने इस अवसर पर आयोजित पूजन-अनुष्ठान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने भगवान ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## जय जगन्नाथ के जयकारे से गूंजा शहर, श्रद्धालुओं ने खींचे रथ

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यालय मेदिनीनगर व चैनपुर से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा धूम धाम से निकाली गयी। जिससे पूरा शहर भगवान जगन्नाथ मय हो गया। जय जगन्नाथ के जयकारे से गूंजते माहौल में श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ रथयात्रा में उमड़ी। श्रद्धालुों ने फूलों की बारिश, प्रसाद, ऋतुफल अर्पित कर मौसीबाड़ी जा रहे भगवान का रास्ते में स्वागत किया। करीब 18 दशक से पारंपरिक रूप से नियमित रूप से हर साल चैनपुर राजगढ़ स्थित मंदिर परिसर से निकाली जा रही रथयात्रा की परंपरा रविवार को पुनः आगे बढ़ी। भगवान जगन्नाथ स्वामी बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को रथ पर विराजमान कराकर पूर्ण उल्लास के साथ रथयात्रा निकाली गयी। राजगढ़ मंदिर के मुख्य पुजारी संतोष पाठक के नेतृत्व में पूजा अर्चना के बाद दिन में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# हेमंत सरकार आज प्राप्त करेगी विश्वास मत

- **झारखंड विधानसभा में यह 13वां फ्लोर टेस्ट**
- **सदन में अबतक दो बार अविश्वास प्रस्ताव आया**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को फ्लोर टेस्ट का सामना करेंगे। सदन में विभिन्न दलों के संख्याबल को देखते हुए मुख्यमंत्री को विश्वास मत प्राप्त करने में किसी परेशानी की उम्मीद नहीं है। राज्य गठन के बाद से अब तक झारखंड विधानसभा में रिकॉर्ड 12 बाद सदन में फ्लोर टेस्ट हो चुका है यह 13वीं फ्लोर टेस्ट है। करीब 23 साल 08 माह की उम्र वाले इस सूबे में अब तक 13 बार मुख्यमंत्री बने और तीन बार राष्ट्रपति शासन लगा है। चार जुलाई को 13वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन के शपथ लेने के बाद राज्य में नई सरकार अस्तित्व में आई है। इसके पहले हेमंत सोरेन दो बाद डिप्टी मुख्यमंत्री रहते और एक दफा मुख्यमंत्र के रूप में फ्लोर टेस्ट पास कर चुके हैं। इस साल दो बार फ्लोर टेस्ट की परिस्थिति बनी है। पांच फरवरी को हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपाई सरकार ने फ्लोर टेस्ट में विश्वास मत हासिल किया था। सदन में अबतक 12 बार तत्कालीन सरकारों द्वारा लाए गए विश्वास प्रस्ताव में नौ बार सरकारों ने बहुमत साबित किया। दो बार प्रस्ताव आने के बाद वोटिंग से पहले ही तत्कालीन मुख्यमंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था। एक बार वोटिंग की अनुमति ही नहीं दी गई थी। सदन में अबतक दो ही बार अविश्वास प्रस्ताव आया है।




### सदन में पहली बार साथ होंगे हेमंत-कल्पना

हेमंत सोरेन के साथ पहली बार सदन की कार्यवाही में कल्पना सोरेन भाग लेंगी। राज्य के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा जब दो विधायक बतौर पति-पत्नी सदन में उपस्थित होंगे और वोट करेंगे। सीएम हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन सदन की कार्यवाही में भाग लेंगी। ऐसे में हेमंत और कल्पना के लिए सोमवार का दिन बेहद खास होने वाला है। बता दें कि गांडेय सीट पर हुए उपचुनाव में कल्पना सोरेन निर्वाचित हुई हैं।

### आज हेमंत सरकार का कैबिनेट विस्तार



**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार आठ जुलाई को ही अपना मंत्रिमंडल विस्तार करेंगे। राजभवन के बिरसा मंडप में आठ जुलाई को शाम के 3:30 बजे हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल सहयोगी शपथ लेंगे। हेमंत सरकार मंत्रिमंडल में नए चेहरों को मौका मिल सकता है। न केवल झामुमो बल्कि कांग्रेस भी अपने पुराने कई चेहरों को बदल सकती है। झामुमो से दीपक बिरुआ, बेबी देवी, हफीजुल अंसारी और मिथिलेश ठाकुर को छोड़कर नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। जानकारी के अनुसार हेमंत सोरेन के छोटे भाई बंसत सोरेन ड्राप हो सकते हैं। इनके बदले लातेहार विधायक बैजनाथ राम को जगह दी जा सकती है। ये पलामू प्रमंडल से मिथिलेश ठाकुर की जगह ले सकते हैं। ठीक इसी तरह से कांग्रेस की तरफ से आलमगीर के बदले डॉ. इरफान अंसारी को जगह मिलना तय है। इसके अतिरिक्त बादल पत्रलेख को भी बदले जाने की चर्चा है। इनकी जगह दीपिका सिंह पांडेय को जगह देने की चर्चा है।

## हेमंत बने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत : अविनाश देव



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने रांची आवास पर मुलाकात कर माटी के बर्तन में मिष्ठान, पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर बधाई दी। मुलाकात के दौरान श्री देव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि राजनीतिक, विभाजनकारी, षड़यंत्रकारियों के साजिश का अंत कर पूरे झारखंड को अन्याय व षड्यंत्र के खिलाफ डट कर संघर्ष करने की प्रेरणा दी है। इससे युवाओं को प्रेरणा मिली है। साथ ही झारखंड को एक नई पहचान मिली है। विरोधियों को यह संदेश दिया कि अन्याय के खिलाफ झारखंड घुटना टेकने वाला नहीं है, बल्कि झारखंड सच के सवाल पर संघर्ष करने वालों की धरती है। राज्य के युवा जब विरोधियों के चाल से घबरा रहे थे उस दौर में भी आपने मजबूती के साथ हौसला दिया और डट कर संघर्ष करने की ताकत दी। आपके द्वारा दिए गए हौसले का प्रतिफल है कि पांच माह में ही राजनीतिक विरोधियों के साजिश का अंधेरा छटा, सत्य का सूरज निकला। इससे एक बार फिर से यह तथ्य स्थापित हुआ की सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं। साजिशों के अंत के बाद हमारे हेमंत अब अपने बीच है। इससे पूरे झारखंड में हर्ष व उल्लास का वातावरण कायम है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी फिर से हेमंत राज आयेगा क्योंकि, झारखंड को हेमंत पसंद है। विरोधी खेमा मंसूबा पाले हुए हैं। अबकी बार हमारी सरकार, किंतु इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने दिखा दिया कि जो लोकतंत्र संविधान कि बात करेगा वही ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**एक नजर**

### गिरिडीह में दो बच्चों के शव मिले, मां दस माह के बच्चे के साथ लापता

**गिरिडीह।** जिले के नक्सल प्रभावित पीरटांड़ थाना क्षेत्र स्थित धावाटांड़ में रविवार की सुबह एक नाले से एक ही परिवार के दो बच्चों के शव मिले। दोनों बच्चे रिश्ते में भाई-बहन हैं। इनकी पहचान बिशनपुर पंचायत के धावाटांड़ निवासी राधिका कुमारी (08) और सचिन सोरेन (06) के रूप में हुई है। घटना के बाद से दोनों बच्चों की मां सोना देवी दस माह के बच्चे के साथ गायब है। इस बाबत मासूमों के पिता सुखलाल सोरेन का कहना है कि वो शनिवार रात खाना खाकर सो गया था। दूसरे दिन रविवार की सुबह जब कुछ ग्रामीण पशु चराने जंगल गए, तो देखा कि जंगल के नाले में दोनों बच्चों का शव फेंका हुआ था। सुखलाल दोनों बच्चों के शव को देखकर वहीं बेसुध हो गया। ग्रामीणों ने कहा कि सुखलाल की पत्नी सोना देवी तीसरे बच्चे को लेकर फरार है। उसे खोजने में परिजन लगे हैं। घटना को लेकर लोगों का कहना है कि सोना देवी ने पहले इन्हें जहर देकर मारा और फिर शव को नाले में फेंक दिया। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाते ही पीरटांड़ थाना प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों बच्चों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं एक अन्य बच्चे को लेकर फरार हुई मां की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मौके पर पहुंचे एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने कहा कि मामले पर नजर रखे हुए हैं। सोना देवी ने हत्या क्यों की, और तीसरे बच्चे को लेकर गायब क्यों हुई, इसे लेकर ग्रामीण तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

**आज | कल**




## झारखंड के देवघर में तीन मंजिला इमारत गिरी, तीन की मौत

**देवघर।** झारखंड के देवघर में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। नगर थाना क्षेत्र के सीता होटल के पास बमबम बाबा पथ हंसकुप मुहल्ले में एक तीन मंजिला इमारत ढह गयी। हादसे के बाद शुरू हुआ एनडीआरएफ और प्रशासन की टीम का रेस्क्यू ऑपरेशन आठ घंटे बाद खत्म हुआ। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग सुरक्षित निकाले गए। इस हादसे में मनीष दत्त द्वारी (50), सुनील यादव (35) और सुनील यादव की पत्नी सोनी देवी (28) की मौत हो गई। दिनेश बर्नवाल, मुन्नी बर्नवाल, सत्यम और अनुपमा देवी घायल हैं, जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद एनडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम को घटनास्थल पर प्रतिनियुक्त किया गया है। घटनास्थल पर डीसी और एसपी कैंप कर रहे हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर मलबे में फंसे लोगों को एक-एक करके निकाला। बताया जाता है कि यह भवन सीताकांत झा का है। तीन मंजिला इस भवन में किराएदार रह रहे थे। पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण भवन कमजोर होता जा रहा था।

### रिश्वतखोरी में दक्षिण मंडल मध्य रेलवे के डीआरएम सहित पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने रिश्वतखोरी के आरोप में दक्षिण मंडल मध्य रेलवे के रेल प्रबंधक (डीआरएम) सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने बताया कि 11 लाख रुपये के रिश्वतखोरी मामले में गुतंकल मंडल के डीआरएम विनीत सिंह, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक कूंडा प्रदीप बाबू, वरिष्ठ मंडल अभियंता यू अक्की रेड्डी, कार्यालय अधीक्षक एम बाला जी और लेखा सहायक डी लक्ष्मी पति राजू को गिरफ्तार किया गया है।

## रांची में पूर्व पार्षद को अपराधियों ने मारी गोली, सड़क जाम

- **शाम में अपने सहयोगियों के साथ धुर्वा बस स्टैंड के निकट स्थित चाय की दुकान में बैठे थे वेद**
- **उन्हें एचईसी क्षेत्र स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में रविवार शाम 6.30 बजे अपराधियों ने पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह को गोली मार दी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वेद प्रकाश हर दिन की तरह शाम में अपने सहयोगियों के साथ धुर्वा बस स्टैंड के निकट स्थित चाय की दुकान में बैठे थे। इसी दौरान दो-तीन युवक पहुंचे और वेद प्रकाश के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने ही वेद प्रकाश अपनी कुर्सी से गिर गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक गोली लगने के बाद वेद प्रकाश कुर्सी से नीचे गिर गए। गोलीबारी से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में उन्हें एचईसी क्षेत्र स्थित पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद बड़ी संख्या में आसपास के लोग अस्पताल के बाहर इकट्ठा हो गए। आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

### पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी

मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है। इस मामले को लेकर धुर्वा थाने की पुलिस ने बताया की पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं आसपास के लगे सीसीटवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। अपराधी एक पिस्टल भी छोड़कर फरार हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि पुरानी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस वेद प्रकाश के परिजनों से भी मामले में जानकारी हासिल करने में जुटी है।

### छाती और गर्दन में गोली लगने के कारण हालत गंभीर

बताया जा रहा है कि वेद प्रकाश को छाती और गर्दन में गोली लगी है। जिसके कारण उनकी हालत काफी गंभीर है। जिस जगह अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया, वो भीड़ वाला इलाका है।


**इंडिया**

## ढोंगी बाबाओं पर रोक की मांग के बीच भी हटा नहीं है अंधविश्वास



सुनील बादल

उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग सुनने आए लोगों की भगदड़ में 121 लोगों हुई मौत की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग ने जांच शुरू कर दी है । ऐसे अनेक कथित संतों की पोल पहले भी खुल चुकी है और दुर्घटना के बाद अनेक लोगों की आंखें खुल गईं हैं और वे कथित 'भोले बाबा' को ढोंगी बता रहे हैं एक भक्त गुस्से में कहते हैं -"बाबा ही जिम्मेदार हैं। उनकी इतनी प्रार्थना होती है। इतने लोग मर रहे थे, बाबा कोई चमत्कार करते, कुछ ऑक्सीजन बनाते। मौसम को ठंडा करते, बाबा ने कुछ नहीं किया। इतनी दूर-दूर से लोग बाबा के चरणों में आए थे, अब उनकी मिट्टी जा रही है। बाबा ने कोई चमत्कार नहीं किया।" पर ऐसे भक्तों की भी कमी नहीं जो बाबा को दोषी नहीं मानते -"इसमें परमात्मा (नारायण साकार) की कोई गलती नहीं है। उनको दोषी क्यों माना जाए, जो हुआ है उनके जाने के बाद हुआ है। लोगों ने नियम तोड़ा तब ऐसा हुआ, उन्होंने लोगों से कहा था कि अब घर लौट जाओ, इतनी भीड़ बढ़ाने क्यों आए हो।" झारखंड सहित देश के अनेक राज्यों में जहां अशिक्षित या कम पढे लिखे लोग सरकारी अस्पतालों से निराश होते हैं वे इन बाबाओं,ओझा या चमत्कारिक चंगाई करने वालों के चक्कर में पड़ते हैं। इस प्रकार का मामला सामने आने के बाद विज्ञापनों,मुफ्त सत्संग जैसी मार्केटिंग के सहारे भीड़ इकट्ठी कर, टीवी या यूट्यूब पर खुद से बनाए वीडियो से अपने को चमत्कारिक बताने वाले कथा वाचकों,फर्जी बाबाओं, साधु-संतों पर चर्चा शुरू हो गई है। बड़े पैमाने पर जादू-चमत्कार दिखाकर खुद को संत बताने का प्रयास किया जाता रहा है। इस पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद कार्रवाई करने की तैयारी में है। प्रयागराज महाकुंभसे पहले अखिल भारतीय



अखाड़ा परिषद फर्जी संतों की सूची को सार्वजनिक कर एक बार फिर मामले को गरमाने की तैयारी में जुट गया है ।अखाड़ा परिषद की तैयारी है कि प्रयागराज से एक बार फिर फर्जी संतों के विरुद्ध गाइडलाइन तैयार करने की मांग मेला प्रशासन से की जाएगी। प्रयागराज मेला प्राधिकरण और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के साधु संतों की बैठक 18 जुलाई को प्रस्तावित है। फर्जी संतों को महाकुंभ के मंच पर स्थान दिए जाने का विरोध भी होगा। अखाड़ा परिषद से जुड़े संतों का कहना है कि ऐसे लोग चमत्कार के नाम पर जनता को गुमराह कर भीड़ जुटाते हैं। ये लोग संतों को बदनाम करते हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महंत रवींद्रपुरी ने कहा कि फर्जी बाबा का चोला पहनने वालों के खिलाफ नियम बनाने के लिए प्रशासन से कहा जाएगा। वहीं, बड़ा उदासीन अखाड़ा के पंच परमेश्वर में शामिल श्रीमहंत महेश्वरदास का कहना है कि पहले भी फर्जी संतों के खिलाफ कार्रवाई की मांग इस बार भी रखी जाएगी। श्रीमंत महेश्वरदास ने कहा कि ऐसे लोगों को बाबा या संत कहा ही क्यों जाता है? ये कथावाचक हो सकते हैं। प्रचारक हो सकते हैं। इन्हें संत नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ शासनादेश जारी करना होगा। वहीं, पंच परमेश्वर में शामिल महंत दुगार्दास ने कहा कि फर्जी बाबा लोगों की सूची प्रशासन को दी जाएगी। इन्हें हटाने के लिए कहा जाएगा। चातुर्मास में प्रयागराज प्रवास करने आए महंत अद्योतानंद ने कहा कि प्रयागराज की बैठक में इस प्रकार के फर्जी संतों के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी।झारखंड सहित देश में इस घटना के मूल में जो कारण हैं उनकी विवेचना होनी चाहिए जिसमें प्रमुख है गरीबों की स्वास्थ्य व्यवस्था का ध्वस्त होना जिससे जनता इनके पास जाती है और राजनीतिक लाभ के लिए इन भीड़ जुटाऊ फर्जी संतों के कार्यक्रमों में बड़े नेताओं का शामिल होना,जिससे उन्हें सरकारी मान्यता मिल जाती है और सुरक्षा के नियम शिथिल कर दिए जाते हैं। चूंकि इस घटना में मरने वाले लोगों की संख्या ज्यादा थी इसलिए इसे बड़ा कवरेज मिला पर अन्यथा लगभग सभी धर्मों के ऐसे अनेक ढोंगी हत्या,बलात्कार और शोषण के आरोपी पकड़े जा चुके हैं। इसपर संसद में बहस के बाद सख्त कानून भी बनाया जाना चाहिए अन्यथा भोले भाले निर्दोष लोग इन ढोंगियों के शिकार बनते रहेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट में नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार (8 जुलाई) को नीट-यूजी परीक्षा को रद्द करने समेत उससे जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित कॉज लिस्ट के अनुसार, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच सोमवार को मामले की सुनवाई करेगी। केंद्र ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने का विरोध किया था। साथ ही कहा था कि पूरी परीक्षा रद्द करने से उन लाखों ईमानदार स्टूडेंट को नुकसान होगा, जिन्होंने इस वर्ष 5 मई को आयोजित परीक्षा में हिस्सा लिया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया, अखिल भारतीय परीक्षा में किसी बड़ी गड़बड़ी के सबूत के अभाव में पूरी परीक्षा और पहले से घोषित परिणाम को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा। बड़ी संख्या में छात्रों के हितों को भी खतरे में नहीं डाला जाना चाहिए, जिन्होंने बिना किसी कथित अनुचित साधन को अपनाए परीक्षा दी है। हलफनामे में कहा गया है कि धोखाधड़ी और कदाचार समेत अनियमितताओं के कथित मामलों के संबंध में सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई ने विभिन्न राज्यों में दर्ज मामलों को अपने हाथ में ले लिया है। केंद्र ने कहा कि वह सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कुछ आपराधिक तत्वों के इशारे पर प्रतियोगी परीक्षा की गोपनीयता भंग की गई है, तो उनके साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए। केंद्र सरकार ने कहा, सरकार परीक्षाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### होमियोपैथिक चिकित्सक ने किया आत्महत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

**छतरपुर।** छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के हाई स्कूल के समीप एक होमियोपैथिक चिकित्सा ने अपने ही घर में फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। उक्त चिकित्सक की पहचान छतरपुर के पूर्व होम्योपैथिक चिकित्सक स्व. उमाशंकर सिंह के पुत्र मुकेश सिंह के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मुकेश के बेटे ने तुरंत स्थानीय लोगों के दिया। इसके बाद उसे तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुकेश मूल रूप से बिहार के ओबरा थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के रहने वाले थे जो अपने पिता के निधन के बाद क्लीनिक का देखरेख वह खुद कर रहे थे। बता दे किकुछ माह पहले ही मुकेश की पत्नी का भी निधन हो चुका था। घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई। इस मामले में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि छानबीन की जा रही है। अंत्यपरीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिहरगंज।** शहर के मेन रोड स्थित मिडिल स्कूल के प्रांगण में जीनियस कंप्यूटर सेंटर द्वारा लिखित व मौखिक कंप्यूटर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सेंटर के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता के लिखित परीक्षा में 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले 23 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। जबकि मौखिक परीक्षा में छात्रा ग्रुप में टॉप 4 में प्रथम प्रीति, द्वितीय विभा, तृतीय नंदनी तथा चतुर्थ अफसाना जबकि छात्र वर्ग में विवेक, विक्रम, अमरेंद्र व चंदन के अलावे सफल 100 विद्यार्थियों को सेंटर के निदेशक कुमुद रंजन सिंह द्वारा मोमेंटो और मेंडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर निदेशक कुमुद रंजन सिंह ने कहा कि इस तरह की क्विज प्रतियोगिताओं से प्रतिस्पर्द्धा की भावना पैदा होती है।

### बिहार ले जा रही शराब को जपला आरपीएफ ने पकड़ा

# शराब के साथ एक गिरफ्तार

- बरामद शराब का मूल्य 55,500 रुपए बताया जा रहा है
- देशी शराब 180 एमएल की 740 बोतल व 375 एमएल की अंग्रेजी शराब की 70 बोतल बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला आरपीएफ ने रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस में छापामारी कर झारखंड से बिहार तस्करी कर ले जाई जा रही भारी मात्रा में शराब के साथ मोहम्मदगंज के कडंडा गांव निवासी सूर्यमल कुमार भुइयां को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ जपला पोस्ट के निरीक्षक राजेश कुमार मीणा व उप निरीक्षक कार्तिक बिंजा के नेतृत्व में की गई। छापामारी में देशी व विदेशी शराब बरामद की गई है। देशी शराब 180 एमएल की 740 बोतल व 375 एमएल की अंग्रेजी शराब की 70 बोतल के साथ सूर्यमल कुमार भुइयां को दबोचा गया है। आरपीएफ निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि बरामद शराब का मूल्य 55,500 रुपए बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह छापामारी आरपीएफ जपला व सीआईबी गया के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। उन्होंने कहा कि झारखंड से बिहार जाने वाली सभी ट्रेनों में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## एसबीआई एसएम स्ट्रीट लाइट खराब स्विच को निजी खर्चों से बदलते हैं : इंजीनियर

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** भारतीय स्टेट बैंक छतरपुर शाखा में सेवा प्रबंधक (सर्विस मैनेजर) के पद पर कार्यरत संजय कुमार ने रोज सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान रास्ते में अनावश्यक रूप से जल रहे सभी स्ट्रीट लाइटों को न सिर्फ स्विच ऑफ करते हैं, बल्कि उनके खराब स्विच को अपने निजी खर्चे से अपने ही हाथों उसे बदलते भी हैं। उक्त बातें छतरपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार सुरेश कुमार इंजीनियर ने कही। उन्होंने कहा कि संजय कुमार समाज के लिए एक उदाहरण हैं। इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए कि जब बिजली की काम ना हो तब उसे अनावश्यक तरीका से बर्बाद नहीं करनी चाहिए और यही बात दूसरों को भी बतानी चाहिए। एसबीआई एसएम को प्रायः देखा गया है कि वे मौन रहकर चुपचाप से अपनी नैतिकता का निर्वहन करते हैं। बिजली की बचत करना हम सभी आम अवाम का न सिर्फ नैतिकता है, बल्कि यह जिम्मेवारी भी है। जिन क्षेत्रों में बिजली का उत्पादन होता है। वह क्षेत्र कितना प्रदूषित होता है यह किसी से छिपा नहीं है। हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका बिजली। कितनी मुश्किलों से मिलती है इस बात को हम सभी को समझने की जरूरत है। मौके पर एसएम संजय कुमार ने बताया कि अगर दिन में जलता कोई स्ट्रीट लाइट को देख कर आगे बढ़ जाए व उसका स्विच ऑफ नहीं करें तो अपने देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक खुद को कैसे कहें।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक आलोक ने की ग्रामीणों के साथ बैठक, सुनी समस्याएं



**सतबरवा।** स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रविवार को सतबरवा प्रखंड के बारी, खामडीह, पोंची, हलुमाड़ सहित प्रखंड के कई गांव के ग्रामीणों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मौके पर विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि लोगों की सेवा में ही मिशन है। ग्रामीणों की समस्या का निदान करने के लिए ही विधायक बने हैं। बारी पंचायत में 60 हजार रुपए का चेक व खामडीह में 50 हजार रुपए का चेक विवाह मंडप निर्माण के लिए दिया। मौके पर जिप सदस्या सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सदर प्रतिनिधि मोहम्मद शमीम, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विजय शर्मा, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, भरदुल सिंह, जोगिंद्र भुइंया, प्रीति गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

### मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का गठन, आरजू खान बने सदर, तनवीर अहमद बने सचिव

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला पंचायत के हार्वे नगर स्थित मदरसा परिसर में मुस्लिम समाज की बैठक हुई। बैठक में हार्वे नगर, मिस्त्री लाइन, सूखन बिगहा, छोटी लाइन, देवरी बजार, देवरी कला गोला पर के कई लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता शेख इरफान आजाद व संचालन फखरुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारा के साथ मानने का निर्णय लिया गया। साथ ही सरकार द्वारा गाइड लाइन के तहत मुहर्रम जुलूस निकालने की चर्चा हुई। जुलूस के सफल संचालन के लिये मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से आरजू खान को सदर बनाया गया। सचिव तनवीर अहमद उर्फ बब्लू को बनाया गया। वहीं संरक्षक फकरुद्दीन अंसारी, जावेद खान, शेख इरफान आजाद, को बनाया गया। इसके अलावा प्रत्येक मोहल्ला में दो से तीन सक्रिय सदस्यों को चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से मुस्तफा खान, शमशेर खान हफीज खान, सकील खान, जहंगीर अंसारी, यासीन अंसारी,सैयद अफान मीर, अफताब खान, आदिल, चिंटू मंसूरी, असलम खान, शमीम खान, आलमगीर आलम, मोहसिन इदरीशी, सैयद सन्नी, पप्पू खान, असलम अंसारी, शेख अब्दुल्ला, राजा अंसारी, शमशेर जाफर, सैयद अमान मीर समेत कई लोग मौजूद थे।

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान अभिनंदन समारोह 14 को



**पाटन।** भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान अभिनंदन समारोह का आयोजन 14 जुलाई को छतरपुर में किया जाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पाटन मंडल एवं किशुनपुर मंडल की संयुक्त बैठक किशुनपुर के काली मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित किया गया। अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने की। संचालन किशुनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता व पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार उपस्थित रहे। बैठक के मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ता जिस तरह पार्टी के लिए समर्पण भाव से पार्टी के उम्मीदवार को जिताने व पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने में योगदान दिया वह सराहनीय है। इसलिए प्रदेश भाजपा द्वारा कार्यक्रम निर्धारित कर कार्यकर्ताओं को सम्मान अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, कामता सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, जितेंद्र सोनी, पशुपति शर्मा, अर्जुन तिवारी, अंजय सिंह, गुड्डू सिंह, श्रीकांत तिवारी, चंदन दुबे, अनुज चौधरी, शबय साची उपाध्याय, धनपत राम, निरंजन पासवान, उमेश सिंह राजू मालाकार, ईद मोहम्मद अंसारी जितेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप चंद्रवंशी अरुण कुमार पासवान काफी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मोहम्मदगंज में एक बूथ दस यूथ कार्यक्रम की हुई शुरूआत

- एनसीपी व टीम सूर्या ने भीम चूल्हा स्थल पर की बैठक
- बैठक में प्रत्येक बूथ स्तर पर दस-दस युवाओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** एनसीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक के निर्देश पर रविवार को मोहम्मदगंज स्थित पर्यटक स्थल भीम चूल्हा परिसर में युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक उर्फ हरि सिंह ने की। संचालन युवा एनसीपी के मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष संजय ठाकुर व अजीत सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक में युवा एनसीपी के संगठन पर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर दस-दस युवाओं को जोड़ने का सभी ने संकल्प लिया। बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष हरि सिंह ने कहा कि इसकी शुरूआत मोहम्मदगंज प्रखंड से की गई है। युवा एनसीपी व टीम सूर्या के युवा कार्यकर्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष संजय ठाकुर व वरीय कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में सभी 8 पंचायतों में क्रमवार बैठक कर इस अभियान को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। हरि सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में शुरूआत करने के बाद मोहम्नदगंज प्रखंड में भी युवा एनसीपी की टीम सूर्या विंग कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई है। इसमें एक बूथ दस यूथ अभियान चला कर युवाओं को जोड़ने की मुहिम चलाना है। उन्होंने कहा कि आज भी एनसीपी का संगठन सभी बूथों तक काफी मजबूत है। इसे और मजबूत करने के उद्देश्य से युवाओं को जोड़ने का काम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर दस दस युवाओं को जोड़ने के बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह की मौजूदगी में सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह उर्फ हरी सिंह, मोहम्मदगंज युवा प्रखंड अध्यक्ष संजय ठाकुर, अजीत सिंह, हैदरनगर युवा प्रखंड अध्यक्ष रविरंजन सिंह, सिकंदर रजवार, नगीना सिंह, शुभम सिंह, गुड्डू चौधरी, राजेश मेहता, अभिषेक सिंह, पंकज सिंह, प्रमोद रजवार, कन्हाई मेहता, ज्योतिष मालाकार, संजू विश्वकर्मा, रंजीत शर्मा, अनिल मेहता, कौशल सिंह, बबलू सिंह, मिथुन सिंह, रजनीश सिंह, गुड्डू पाल, गोरख पासवान, मनु सिंह, अजय चंद्रवंशी, पवन प्रजापति, अंगद कुमार आदि मौजूद थे।

## आईटीआई के समीप जल जमाव से हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड तीन के पूर्व पार्षद राजेन्द्र पाल ने वार्ड नंबर तीन में आईटीआई के समीप जर्जर सड़क पर बने गड्ढे को भरने व कीचड़ की सफाई कराने की मांग पलामू डीसी से की है। उन्होंने बताया कि बारिश का पानी जमा होने से राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में ईओ को कई बार लिखित रूप में जानकारी दी गई है। बावजूद इसका समाधान नहीं किया गया है। उनका कहना है कि शहरी क्षेत्र केवल नाम का है। स्थिति ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर हो गई हैं। जबकि टैक्स के नाम पर शहरी उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है और सुविधा नगण्य है। उन्होंने चेतावनी दी है कि इस पर तत्काल पहल नहीं किया गया तो शहरवासियों के साथ मिलकर जोरदार आन्दोलन किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही नगर पंचायत की होगी।

## खुर्शीद अनवर जनरल खलीफा, छोटन खान बनाए गए नायब जनरल खलीफा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** तरहसी प्रखंड के तरहसी मदरसा प्रांगण में मोहर्रम इंतजामिया कमेटी द्वारा मनाजरूल हक खान की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी द्वारा मनगढ़ में आयोजित ताजिया, सीपड़ के मिलन कार्यक्रम के भव्य तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कई अहम बातों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम को संपन्न बनाने को लेकर जनरल खलीफा का चुनाव किया गया। खुर्शीद अनवर को जनरल खलीफा (तरहसी), छोटन खान (हुरलौंग, पांकी) को नायब जनरल खलीफा बनाया गया है। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में समय की पाबंदी पर विशेष चर्चा हुई। इसके अलावा शांतिपूर्ण व नशा मुक्त तरीके से जुलूस निकालने, ताजिया, सीपड़ को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बता दें कि तरहसी के मनगढ़ पर हर वर्ष मुहर्रम के पहलाम के दिन कई गांव का ताजिया, सीपड़ का मिलान होता है। ताजिया, सीपड़ को देखने के लिए लोगों का काफी भीड़ लगती है। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई। मौके पर मो. कासिम अंसारी (सुड़ी), शमसे आलम (भरी), असलम अंसारी (झरहा), नईम अनवर (छकनाडीह), शकील अहमद (अरका) तौफीक आलम (टरिया), अकबर हुसैन (सिकनी), इनामुल हक अंसारी (तरहसी), अनवर आलम (आसेहार), जावेद अंसारी (गोगदा), जुबेर अंसारी (परसिया) सहित कई गांव के लोग मौजूद थे।

## फोर्टिस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नौगढ़ा फोर्टिस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा रविवार को स्थानीय मध्य विद्यालय प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 200 मरीजों का जांच और उपचार मुफ्त किया गया। स्वस्थ शिविर में अस्पताल के पांच चिकित्सक फिजिशियन अभिनव कुंज, फिजिशियन विनीत रंजन, फिजिशियन एसके गिरी, बाल रोग विशेषज्ञ गोस्वामी तथा महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. किशा सहित पूरी टीम ने भाग लिया। ग्रामीणों को जांच व उपचार के अलावा चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। साथ हीं निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इसके लिए शिविर में जांच, इलाज और परामर्श के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। इसके पूर्व स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन सत्य साइन एजुकेशनल ट्रस्ट सह फोर्टिस मल्टीस्पेशलिटी होस्पीटल के चेयरमैन नीतिश पाठक, समाजसेवी प्रवीण मिश्रा, अविनाश पाठक व संस्थान के निदेशक प्रेम पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सत्य साइन एजुकेशनल ट्रस्ट सह अस्पताल के चेयरमैन नीतिश पाठक ने कहा शिविर का आयोजन नियमित ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता रहेगा। पूर्व में भी सभी रोग के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम बुलाकर शिविर लगाया जाता रहा है। वैसे लोग जो शिविर में भाग नहीं ले सके उन्हें फोर्टिस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। समाजसेवी प्रवीण मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित अस्पताल का होना अपने आप में गर्व की बात है। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**पहल**

### वर्षों पूर्व बना स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन कोरोना काल तक खंडहर में तब्दील था

# बोरोदीरी स्वास्थ्य उप केंद्र में प्रतिदिन पहुंच रहे हैं दो दर्जन मरीज




**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के केल्हवा पंचायत अंतर्गत बोरोदीरी गांव में करोड़ों की लागत से वर्षों पूर्व बना स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन कोरोना काल तक खंडहर में तब्दील था। स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर सिर्फ केंद्र में टीकाकरण का ही कार्य महीने में एक बार किया जाता था। बीते दो वर्षों से केंद्र की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उक्त केंद्र में अब स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थित हमेशा देखी जा रही है, जिससे प्रतिदिन दर्जनों मरीज अपना इलाज करवाने स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं। आपको बता दें कि स्वास्थ्य केंद्र में कुल चार कर्मियों की पदस्थापना स्वास्थ्य विभाग ने की है। उक्त केंद्र में एक एमबीबीएस डॉक्टर शिव शंकर मुर्मू सप्ताह में दो दिन बैठते हैं। शांतनु कुमार प्रतिदिन स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित रहते हैं, इनके अलावा एक एएनएम व एक सफाई कर्मी भी केंद्र में मौजूद हैं। शनिवार की सुबह स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि मुकेश सिंह ने अपना स्वास्थ्य जांच भी कराया साथ ही केंद्र की व्यवस्था को और बेहतर करने हेतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को कई निर्देश भी दिए। मौके पर मौजूद ग्रामीण अजीत सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेंद्र बोरोदीरी के दिन अब लौट आए हैं पहले यह भवन सिर्फ खंडहर में तब्दील था लेकिन जब से स्वास्थ्य उप केंद्र में शांतनु कुमार सहित अन्य कर्मियों ने योगदान दिया है, तब से केंद्र की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उक्त केंद्र में अब मरीजों का आना-जाना हमेशा लगा रहता है। उक्त केंद्र में प्राथमिक उपचार की सारी सुविधाएं व दवाएं मिल रही है जिससे मरीजों को विशेष लाभ पहुंच रहा है। मौके पर मौजूद स्वास्थ्य उप केंद्र के सीईओ शांतनु कुमार ने बताया कि केंद्र में प्राथमिक उपचार की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं लेकिन केंद्र में पानी एवं बिजली का अभी भी अभाव है। इस संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महेंद्र प्रसाद ने बताया कि पानी बिजली की सुविधा को लेकर लिखित रूप से जनप्रतिनिधियों एवं विभाग को सूचित किया गया है वहीं स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एमबीबीएस डॉक्टर का रोस्टर भी स्वास्थ्य केंद्र में लगाया जा रहा है ताकि मरीजों को सुविधा मिल सके।

## स्व. दिनेश कुमार सिंह की 19 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला धरहरा स्थित दिनेश सिंह स्मृति समिति के सौजन्य से स्व. दिनेश कुमार सिंह का 19वीं पुण्यतिथी मनाई गई। दिनेश सिंह चौक स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार यादव, ज़िप उपाध्यक्ष सह जेएमएम नेता आलोक कुमार सिंह, पलामू संसदीय क्षेत्र के राजद के पूर्व प्रत्याशी ममता भुइयां, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बसपा के जिला अध्यक्ष अजय भारती, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हसनैन जैदी, पूर्व ज़िप सदस्य मदन पासवान,जेएमएम नेता मुन्ना कुमार देव, दिनेश सिंह स्मृति के संयोजक कामलेश कुमार सिंह, लवकेश कुमार सिंह समेत कई अतिथियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत सरवस्ती विद्या मंदिर जपला के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैयद मशरुर अहमद ने की। जबकि संचालन जेएमएम के वरिष्ठ नेता जाकिर अली ऊर्फ राज अली ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि स्व. दिनेश कुमार सिंह शूरू से ही गरीबों दलितों की आवाज को बुलंद करने का काम करते थे। साथ ही उनकी सोच रहती थी की हुसैनाबाद का विकास कैसे हो, उन्होंने साहस, ईमानदारी व अपने अमूल्य अनुभव से सदैव क्षेत्र की भलाई की। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में पलामू जिप उपाध्यक्ष सह जेएमएम के वरिष्ठ व युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने कहा की स्व. दिनेश कुमार सिंह हर चुनौती का मुस्कुरा कर सामना करते थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्व. दिनेश सिंह के भाई कमलेश कुमार सिंह, भतीजे लवकेश कुमार सिंह के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो सका है। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से रामजनम सिंह, समाजसेवी मिथलेश कुमार सिंह, जक्की रिजवी, संजय पाठक, केदार सिंह, अजय सिंह, राजद के वरिष्ठ नेता कामाख्या नारायण सिंह, सुदेश्वर राम समेत कई लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।





## एक नजर

### खूंटी पूजा के साथ दुर्गा बाड़ी में दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू

**मेदिनीनगर।** बंगीय दुर्गा बाड़ी में रविवार को खूंटी पूजा के साथ दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू कर दी गई। खूंटी पूजा का प्रारंभ पुरोहित देवी प्रसाद बनर्जी ने की। प्रतिमा बनाने की शुरूआत मूर्तिकार सुकुमार पाल ने किया। दुर्गा बाड़ी ट्रस्ट बोर्ड के सचिव दिवेंदू गुप्ता ने बताया की रथयात्रा के दिन खूंटी पूजा करते हुए दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू की जाती है। पुरानी मान्यताओं अनुसार प्राचीन पूजा मंडपों में धारावाहिक रूप से यह परंपरा चली आ रही थी। दुर्गा बाड़ी में भी इस परंपरा का चलन था। कुछ वर्षो से यह बंद हो गया था जिसे फिर से शुरू किया गया है। परंपरा को फिर से जीवंत करने के पीछे वर्तमान समय के युवा वर्ग को इन खोई हुई मान्यताओं से फिर से अवगत कराना है। पूजा की शुरूआत करते हुए पुरोहित ने मंत्रोचारण के साथ धान, गेहूं के फसलों व डंठल की पूजा करते हुए यह देवी दुर्गा को बेटी के रूप में घर आने के लिए आह्वान किया। खूंटी का बांग्ला शब्द 'काठामो' है जिसमें मां विराजमान होती है। इसलिए इस परंपरा को बंगला में काठामो पूजा भी कहते हैं। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि में यह पूजा किया जाता है। इस अवसर पर अध्यक्ष देवेश मोइत्रा, देवाशीष सेन, उज्वल सेनगुप्ता, जयंत विश्वास, सव्यसाची भट्टाचार्य, दिलीप साहा, प्रसेनजीत दासगुप्ता, शुभंकर चक्रवर्ती, आशीष दशगुप्ता, परी पाल, प्रिया पाल, बासुदेव गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### डीटीओ ने अवैध परिवहन के खिलाफ चलाया अभियान



**मेदिनीनगर।** जिला परिवहन पदाधिकारी ने रविवार को पंड़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कुल 6 वाहनों को जब्त कर दो वाहनो का ऑनलाइन चालान कर दिया गया। जब्त सभी वाहनों को पंड़वा थाना परिसर में रखा गया है। सभी वाहनों पर दंड शुल्क लगाया गया। इन वाहनों पर कोयला, डस्ट, क्लिंकर लोड था। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के खिलाफ निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के अलावा कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

### संपूर्णता अभियान का लांच आज

**मेदिनीनगर।** अकांक्षी जिला व अकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत आठ जुलाई को पूर्वाह्न 10:45 बजे टाउन हॉल में जिला स्तर पर संपूर्णता अभियान को लांच किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के संयुक्त सचिव, जिले के उपायुक्त समेत जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। बता दे कि कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन द्वारा पिछले कई दिनों से बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा था।

## ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कृषक प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम

# किसान भारत के अन्नदाता हैं : पद्माकर लाल



### मौसम पूर्वानुमान के अनुसार मानसून की बारिश अच्छी होने वाली है : डॉ.अशोक कुमार

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ.अशोक कुमार ने किसानों को बताया कि इस बार किसानों के लिए खुशखबरी है, क्योंकि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार मानसून की बारिश अच्छी होने वाली है। जिससे खेती भी अच्छी होगी। उन्होंने किसानों को खरीफ फसल विशेषकर मडुवा, मक्का, तिल, अरहर, धान की उन्नत खेती के लिए खेत तैयार करने, बीज उपचार, बुआई, रोपाई, सिंचाई, खरपतवार प्रबंधन के विषय में किसानों को प्रशिक्षित किया। साथ ही फसलों में होने वाले विभिन्न रोगों, बीमारियों की रोकथाम के लिए उपाय भी बताया गया। उन्होंने किसानों के खरीफ फसल, अन्य कृषि समस्याओं से संबंधित प्रश्नों का निराकरण भी किया।

● **खेती में नई तकनीक का इस्तेमाल करने को लेकर किसानों को जागरूक करने की जरूरत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व रेहला द्वारा बिशनपुर स्थित सीएसआर प्रशिक्षण केंद्र में खरीफ फसलों से संबंधित मडुवा, मक्का, अरहर, तिल, धान की उन्नत खेती के लिए एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला के मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार, प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, गढ़वा सह प्राचार्य कृषि महाविद्यालय गढ़वा, कृषि वैज्ञानिक डॉ. अमरेश चन्द्र पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से दीप जला कर किया गया। मौके पर मानव संसाधन प्रमुख ने पद्माकर लाल दास कहा कि किसान भारत के अन्नदाता हैं। खेती में नई तकनीक का इस्तेमाल कर किस तरह से उत्पादकता को बढ़ाया जाए इस पर लगातार किसानों को जागरूक करने की जरूरत है। सीएसआर के माध्यम से किसानों के ज्ञानवर्धन के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन के साथ-साथ उनके बीच उन्नत किस्म के बीजों का भी वितरण करते हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अमरेश चंद्र पांडेय ने किसानों को खेती में जल प्रबंधन, जल संरक्षण की तकनीक के बारे में प्रशिक्षित किया। उन्होंने किसानों को वर्षा जल संचय के विभिन्न तरीके, खेती में उसका बेहतर उपयोग के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में किसानों के बीच मडुवा, अरहर, धान के उन्नत किस्म के बीजों का वितरण किया गया। प्रशिक्षण में 104 किसानों ने भाग लिया, जिनमें 22 महिला कृषक भी थी। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर के अनिल गिरि ने किया। कार्यक्रम में जन सेवा ट्रस्ट के डॉ. पीपी पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र यादव, गोपीनाथ विश्वकर्मा, योगेश पाल, आफताब अंसारी, मो. कैफ, सत्येंद्र सिंह, भोला सिंह, बीरेंद्र सिंह, श्रीकांत सिंह मौजूद थे।

## जनता में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा: राजेंद्र सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता**


**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को चैनपुर के बसरिया कला में चार पंचायत के कार्यकताओं के साथ सम्मेलन सह बैठक का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कार्यकताओं को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही लोगों के बीच जा कर योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने व सहयोग प्रदान करने की सलाह दी। झारखंड सरकार द्वारा दी जाने वाली महिलाओं को प्रोत्साहन राशि, दो सौ यूनिट बिजली फ्री, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सर्वजन पेंशन सहित सभी योजनाओं का सभी को लाभ मिले व सबों के पास राशन कार्ड हो ये झामुमो के कार्यकर्ता सुनिश्चित कराने का प्रयास करें। झारखंड सरकार द्वारा दर्जनों योजनाएं चलाई जा रही है, जिसका लाभ ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा का काम झामुमो के कार्यकर्ता करें। चैनपुर पलामू का सबसे बड़ा प्रखंडों में से एक है। इसमें 25 पंचायत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी ने की। संचालन सचिव सह बसरिया के मुखिया नीतीश सिंह चेरो ने किया। मौके पर अविनाश देव, चंदन सिन्हा, सन्नू सिद्धिकी, फजायल अहमद, सुशीला मिश्र ने भी संबोधित किया।

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ चातुर्मास कथा, आस्था का केंद्र बना सिंगरा

## भगवत कथा जिस ने नही सुनी उसका मनुष्य जीवन बेकार: जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिंगरा स्थित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ चातुर्मास कथा में जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि शास्त्रों में बताया गया है कि वेद, पुराण, उपनिषद के अध्ययन से जो लाभ होता है, उससे अधिक लाभ भागवत कथा के श्रवण मात्र से होता है। मनुष्य का जीवन पाकर जिसने एक बार भी भागवत कथा का श्रवण नहीं किया, उसका मनुष्य योनि में जन्म लेना बेकार व व्यर्थ है। भागवत कथा के श्रवण का सुअवसर करोड़ों जन्मों के भाग्य व पुण्यफल के उदय होने पर मिलता है। इसीलिए हमें बार-बार और हर समय श्रवण करना चाहिये। भागवत कथा कि महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि ब्रह्मा की उत्पत्ति जल में उत्पन्न कमल पर हुई। तभी एक शब्द सुनाई दिया तपस-तपस। तब ब्रह्मा ने सौ वर्षों तक वहीं आंख बंद कर तपस्या की। फिर ब्रह्मा को भगवान श्रीहरि विष्णु की प्रेरणा से सृष्टि रचना का



आदेश मिला। ब्रह्मा जी ने सर्वप्रथम चार पुत्रों की उत्पत्ति की। सनक, सनन्दन, सनातन, सनत कुमार। ब्रह्मा ने इन्हें सृष्टि रचना की आदेश दिया। परन्तु ये चारों भी सृष्टि रचना छोड़कर तपस्या में लीन हो गए। अपने पुत्रों की इस हरकत से जब ब्रह्मा क्रोधित हुए तो उनकी भौहों से एक बालक का जन्म हुआ। यह बालक रोने लगा तो इसका नाम रुद्र रख दिया गया। सनक, सनन्दन, सनातन, सनत कुमार नाम के चार मुनियों के रूप में अवतार लिया। ये चारों प्राकट्य काल से ही मोक्ष मार्ग परायण, ध्यान में तल्लीन रहने वाले, नित्यसिद्ध, नित्य विरक्त थे। ये भगवान श्रीहरि विष्णु के सर्वप्रथम अवतार माने जाते हैं। ये सभी लोग सर्वदा पांच वर्ष आयु के ही रहे। न कभी जवान हुए ना बुढ़े। चार भाई एक साथ ही रहते हैं ब्रह्मांड में विचरण करते रहते हैं। स्वामी जी ने कहा कि सनाकादि ऋषियों (सनक, सनन्दन, सनातन, सनत्कुमार) ने अपना प्रथम उपदेश नारदजी को दिया था। पुराणों में इन चारों कुमारों के श्राप, वरदान देने के कई किस्से, कहानियां वर्णित हैं। एक बार श्रीहरि विष्णु जी के द्वारपाल (जय और विजय) ने इन्हें अन्दर जाने से रोक दिया था, जिसके चलते उन्होंने जय और विजय को धरती पर 3 जन्मों तक राक्षस योनी में जन्म लेने का श्राप दे दिया था। दोनों ही भाई बाद में (हिरण्याक्ष, हिरण्यकश्यप) के रूप में जन्म लिया।

## चौकीदार बहाली में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति की बैठक, लिए गए निर्णय

**मेदिनीनगर।** चौकीदार बहाली में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति पलामू के बैनर तले पलामू क्लब में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति पलामू के सभी संगठन, सभी राजनीतिक दल से संबंध रखने वाले काफी संख्या में उपस्थित सदस्यों ने चौकादार बहाली के लिए निकाले गए विज्ञापन पर अपना विचार व्यक्त किए। सभी ने एक स्वर से वर्तमान विज्ञापन संख्या को निरस्त कर अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण का लाभ देते हुए नए सिरे से बहाली करने की प्रशासन से




मांग की। मांग नहीं मानने की स्थिति में अनुसूचित जाति के लोग उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। सर्वसम्मति से आंदोलन के शुरू करने के लिए प्रस्ताव पास किया गया। इसके तहत संघर्ष समिति का गठन करने, न्यायालय के शरण में जाने, पलामू उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन व आमरण अनशन करना शामिल है। इसके अलावा झारखंड राज्य एवं पलामू प्रमंडल के सभी अनुसूचित जाति के विधायक, सांसद को ज्ञापन देने, पलामू जिला के सभी विधायक को ज्ञापन देने, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को पत्र देने का प्रस्ताव शामिल है। इसके लिए सर्वसम्मति से एक संघर्ष समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष संदीप पासवान, उपाध्यक्ष कुमार गौरव, विश्वनाथ राम, निर्मला कुमारी, महासचिव राजू भुइयां, सचिव साकेत पासवान, यशवंत पासवान, परमानन्द कुमार रवि, प्रभात कुमार रवि, रवि रजक, दीपक रजक, सतीश कुमार रवि, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र पासवान को बनाया गया है।

### प्रतिभा

## पर्यावरणविद व जिला पार्षद ने खिलाड़ियो को किया सम्मानित

# राष्ट्र के धरोहर व पर्यावरण के अंग हैं युवा : कौशल किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के सिलदाग पंचायत के खेल मैदान में शनिवारको आयोजित क्रिकेट फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने औपचारिक बैटिंग कर खेल का शुभारंभ किया। मौके पर पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि युवा, खेल, कला, संस्कृति वन ये सभी पर्यावरण के अंग व राष्ट्र धरोहर हैं। इनकी हिफाजत करना सबका दायित्व है। बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, जल संकट से निपटने के लिए समाज के सभी लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनाना होगा, तभी भयावह स्थिति का सामना करने में कामयाब हो सकते है। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि भोजन से मनोरंजन कहीं ज्यादा जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस जरूरत है उन्हें उचित प्लेटफार्म मुहैया कराकर उनकी प्रतिभा को निखारने की। उन्होंने कहा कि सरकार खेल को प्रोत्साहन के लिए पैसे पानी की तरह बहा रही है। बावजूद इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ियों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों टीम के पांच खिलाड़ियों के पैरों में जूते नहीं थे। जिन्हें उनके पिता सह पर्यावरणविद द्वारा मैच के समाप्ति पर आर्थिक सहयोग कर उनका हौसला बढ़ाया गया व भविष्य में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया गया। दोनों टीम के कप्तान को पर्यावरणविद कौशल व जिला पार्षद अमित ने कप के साथ आम,अमरूद का पौधा देकर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।

**बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, जल संकट से निपटने के लिए समाज के सभी लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनाना होगा**

### तुकतुका की टीम का कप पर कब्जा



फाइनल मैच में तुकतुका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 95 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी बरछाही की टीम ने मात्र 75 रन पर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का खिताब राजन कुमार को दिया गया। टूर्नामेंट का संचालन कमेटी के अध्यक्ष रमन यादव, कोषध्यक्ष छोटू विश्वकर्मा, सचिव पप्पू सिंह, ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, चिरू से सचिन कुमार पांडेय, सिलदाग पंचायत मुखिया पति उमेश कुमार यादव, पंचायत समिति शिवपूजन तिवारी, लव जी, सिंटू , राजद युवा जिला सचिव राकेश कुमार ठाकुर, रोजगार सेवक आलोक सिंह, डॉ रंगीला सिंह , डॉ अखिलेश सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। मैच में अंपायर की भूमिका करण स्टार छतरपुर व, पप्पू सिंह ने निभाई।

## न्यूज बॉक्स

### एबीपीएस में आपातकाल सुरक्षा, सतर्कता व मॉक ड्रिल का सफल आयोजन



**मेदिनीनगर।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला में ग्रासिम इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी व प्राचार्य नुरूल हक के नेतृत्व में आपातकाल सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल को ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला की सुरक्षा टीम के निर्देशन में आयोजित किया गया। स्कूल की उप प्राचार्या जेस्सी साजी मैथ्यू, सहित सभी शिक्षक, सेफ्टी डिपार्टमेंट से अशोक सिंह, दिवाकर विश्वकर्मा, सिक्योरिटी डिपार्टमेंट से विपिन दीक्षित, फायर सेफ्टी से सुरेश कोप सहित सभी उपस्थित अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ड्रिल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्कूल के सभी सदस्यों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित रूप से बाहर निकालने व सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए था। ड्रिल के क्रियान्वयन में सभी मानकों का पालन किया गया। ऐसा वातावरण निर्मित किया गया, जिससे यह ड्रिल वास्तविक घटना जैसी प्रतीत होने लगी। सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए 13 मिनट के भीतर सभी छात्रों को सुरक्षित रूप से स्कूल भवन से बाहर निकाल कर विद्यालय प्रांगण में एकत्रित कर लिया गया। उप-प्राचार्य ने प्राचार्य को रिपोर्ट सौंपी कि सभी छात्र-छात्राओं, स्टाफ को सुरक्षित रूप से स्कूल भवन से बाहर निकाल लिया गया है। मौके पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इकाई प्रमुख हितेंद्र केशव अवस्थी ने सुरक्षा के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल्स जीवन सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भविष्य में ऐसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने में सहायक होती हैं। इस सफल आयोजन के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों, उप प्राचार्या, प्राचार्य, सुरक्षा विभाग को धन्यवाद दिया।

### जनसेवा ही एकमात्र उद्देश्य है : विकाश उदयपुरी




**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने एक नहीं बल्कि तीन-तीन सेवा का कार्य किए हैं। प्रातः काल में डायबिटीज क्लब व निःशुल्क परामर्श होमियोपैथिक दवाखाना व संध्या में रथ यात्रा में सेवा शिविर का आयोजन किया। रविवार को प्रातः 6 से 8 बजे तक मंच के कार्यकर्ताओं ने थाना रोड स्थित अंबेडकर पार्क में डी क्लब का आयोजन किया। मारवाड़ी युवा मंच हर माह के प्रथम रविवार को थाना रोड अंबेडकर पार्क व तृतीय रविवर को बेलवाटिका चौक स्थित गांधी मैदान में पिछले कई महीनों से सुचारु रूप से यह शिविर लगा रहा है। इसमे निःशुल्क वजन, बीपी, मधुमेह जैसे बीमारियों के संबंध में चिकित्सक व विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को सलाह दिया जाता है। इसके अलावा मंच माह के हर रविवार को गणपति धर्मशाला में निःशुल्क होमियोपैथिक दवा के साथ मरीजों को सलाह दिया जाता है। संध्या में मारवाड़ी युवा मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा तिनकोनिया गैराज स्थित राधे-राधे स्वीट्स के पास रथ यात्रा सेवा शिविर लगाई गई। इस कार्यक्रम में मंच जन सेवा प्रभारी विमल उदयपुरी, स्वरूप शंघाई के नेतृत्व में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में भक्तों को सेवा किया। कोषाध्यक्ष संदीप केजरीवाल ने बताया कि 1000 से अधिक श्रद्धालुओं को मंच कार्यकर्ता द्वार प्रभु कृपा से सेवा प्रदान की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष विकास उदयपुरी, सचिव सज्जन संघई, संदीप केजरीवाल, केशव लाठ, हिमांशु सराफ, शिवम खेतान, रोहित लाठ, शशांक केजरीवाल,अशोक हाजीपुरिया, यश सराफ, गणेश वर्मा, सौरभ सराफ, दिनेश अग्रवाल, विशाल सांवरिया, ज्ञान चंद भूत, रवि कामदार, राकेश सुरेखा, दीपक नेमाला, नेरज कामदार, अरुण शंघाई, स्वरूप शंघाई, सुबोध कुमार, आलोक पसारी, सुमित सांवरिया, पुनित लाठ, विमल उदयपुरी एवं आन्या अपस्थित थे।

### अग्नी पथ में भर्ती के प्रक्रिया 8 से शुरू होगी

**मेदिनीनगर।** भारतीय वायु सेना (एआईएफ) ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष, महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 8 जुलाई को आधिकारिक वेबसाइट अग्नीपथ वायु सीडीएसी.इन पर खुली रहेगी।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ

**श्री बंशीधर नगर।** सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया इसके बाद सामूहिक नाम-जप, ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया संगीताजली कार्यक्रम में ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल, अखिलेश प्रसाद, गीता देवी, सत्यवंती देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी सभी जीवों की रक्षा करते हैं। उन्होंने सात्वति पत्रिका के माध्यम से श्री श्री ठाकुर जी से जुड़ी प्रेरक प्रसंग का वर्णन किया उन्होंने कहा कि इस प्रसंग से स्पष्ट होता है कि श्री श्री ठाकुर जी प्रेममय हैं,वे ईश्वर हैं सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि मानव को अपने गुरु के प्रति समर्पित होना चाहिये।

### बाबा केशव नारायण दास ने किया शृंगार स्टोर उदघाटन

**मझिआंव।** मझिआंव ब्लॉक रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप गायत्री परिवार के कोषाध्यक्ष अशोक चौरसिया के नये प्रतिष्ठान, सिद्धि विनायक श्रृंगार स्टोर का राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाल ब्रह्मचारी साधु श्रीश्री1008श्री बाबा केशवनारायण दास, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी एवं सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। तथा नये प्रतिष्ठान को फलने फूलने का आशीर्वाद दिया। मौके पर प्रदीप सिंह, अरुण सोनी, पवन जायसवाल, विवेक सोनी,बेचन राम, राम विलास प्रसाद, धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : अनंत

**केतार।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पुर्व विधायक व झामुमो नेता अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने केतार प्रखंड के एक दर्जन गांवों का भ्रमण किया। इस क्रम में उन्होंने परती गांव स्थित कोठार भगवती मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके पश्चात उन्होंने परती - कूशवानी, छाताकुड़, आमवाडीह, पाचाडुमर, नावाडीह गांव में झामुमो कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा की राज्य की झामुमो सरकार अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

### अवैध जमीन में अबुआ आवास बनाए जाने को लेकर आवेदन

**कांडी।** अंचल अंतर्गत राणाडीह पंचायत क्षेत्र के ग्राम कुरकुटा में अब तरीके से दूसरे के जमीन में अबुआ आवास बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर ग्राम भंडारिया निवासी स्वर्गीय दरोगा सिंह के पुत्र राजेश्वर सिंह ने अंचल अधिकारी को आवेदन दिया है। उक्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि कुरकुटा में हमारा पुत्र आदर्श कुमार सिंह के नाम से खाता एक प्लॉट संख्या 160, 161, 162 में जमीन है इस जमीन में कुरकुटा गांव निवासी शहनाज बीबी पति हबीब अंसारी अबुआ आवास बनाने के लिए इंट, बालू गिराया है।

## खरौंधी का स्वास्थ्य केंद्र खंडहर में तब्दील, एक भी डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं

# 100 बेड का स्वास्थ्य केंद्र, 3.50 करोड़ लागत, लोगों का इलाज भगवान भरोसे

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी (गढ़वा)**

प्रखंड कार्यालय के बगल में लगभग 3.50 करोड़ की लागत से बना 100 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडहर में तब्दील हो गया। हॉस्पिटल में डॉक्टर का प्रतिनियुक्ति नही होने से लगभग 15 वर्षो से बंद है। प्रखंड के लगभग 80 हजार की आबादी का इलाज भगवान भरोसे हो रहा है। प्रखंड में सरकार करोड़ों की लागत से हॉस्पिटल तो बना दिया। परंतु इसमे आजतक एक भी डॉक्टर तक की प्रतिनियुक्ति नहीं की गयी। निवर्तमान गढ़वा उपायुक्त राजेश कुमार पाठक ने पूर्व सिविल सर्जन को डॉक्टर का प्रतिनियुक्ति कर चालू कराने का आदेश दिया था। अगर हॉस्पिटल में डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति हो गई होती तो हॉस्पिटल खंडहर नही बनता।



**ग्रामीण क्या कहते हैं**

ग्रामीणों ने बताया कि हमारी जिंदगी भगवान भरोसे है। हर छोटे-बड़े बीमारी के लिए गढ़वा, डाल्टनगंज, रांची तथा वाराणसी जाना पड़ता है। छोटे बीमारी का इलाज में जितना खर्च नहीं होता उससे ज्यादा खर्च आने-जाने में ही हो जाता है। कोरोना काल में प्रखंड के दर्जनों लोग का करोना संक्रमण से असमय मौत हो गया। कोरोना काल में भी हॉस्पिटल को नहीं चालू करवाया गया।

**जनप्रतिनिधियों ने कहा**

विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा विभाग की लापरवाही से हॉस्पिटल खंडहर में तब्दील हो गया। जबकि क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप शाही के अथक प्रयास से खरौंधी में हॉस्पिटल बना था। उस समय विभाग इस हॉस्पिटल में एक डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति कर देती तो हॉस्पिटल खंडहर नही बनता। विभाग की लापरवाही से 3.50 करोड़ से बना हॉस्पिटल खंडहर बन गया। खरौंधी के लिए इससे बड़ी दुर्भाग्य की बात और क्या हो सकती है। साथ ही कहा आए दिन खरौंधी में दुर्घटना होते रहता है। प्रखंड में इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घायल व्यक्ति को भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाते है। अधिकांश घायल व्यक्तियों का भवनाथपुर से पहले ही रास्ते में ही मौत हो जाती है।

जानकारी के अनुसार प्रखंड कार्यालय के बगल मे लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से भवन का शिलान्यास तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री वर्तमान विधायक भानू प्रताप शाही ने 2007 मे किया था। जबकि हॉस्पिटल बनकर तैयार होने पर इसका उद्घाटन तत्कालीन विधायक अनंत प्रताप देव ने किया था। परंतु आज तक इस भवन मे प्रखंडवासियों के इलाज के लिये डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नही की गई। कई सालो से बंद रहने से हॉस्पिटल का स्थिति यह है कि भवन खंडहर बन गया हैं। हॉस्पिटल के सभी दरवाजा खिड़की को शरारती तत्व के लोगों ने तोड़ दिया है। हॉस्पिटल के अंदर के सारे कीमती सामान को चोर चुरा ले गये। आज हॉस्पिटल भवन का उपयोग स्थानीय लोग शौचालय के रूप में कर रहे है। हॉस्पिटल में गन्दगी का अंबार लगा हुआ है। हॉस्पिटल नशेड़ीओ तथा जुआरियों का अड्डा बना हुआ है। इसके अलावे प्रखंड मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरंगी मे है परंतु यहां भी सरकार के द्वारा रोगियों के इलाज के लिए समुचित ब्यवस्था नहीं की है। डॉ की पोस्टिंग हुई पर वह भी भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवा दे रहे हैं। प्रखंड के सिसरी, चौरिया, खरौंधी, अरंगी, अमरोरा, राजी, करिवाडीह मे उप स्वास्थ्य केंद्र भी जर्जर होते जा रहा है। किसी उपस्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति नहीं है।

## गैर कानूनी खाद-बीज के दुकानदारों में हड़कंप

# उर्वरक की दुकानों पर डीएओ ने की छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

बड़गड़ प्रखंड में बड़े पैमाने पर चल रहे रसायनिक उर्वरक एवं हाईब्रिड बीज के दूकानों पर जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) शिवशंकर प्रसाद के छापेमारी को लेकर पहुंचने की सुचना पर लोगों में हड़कंप मच गया। बड़गड़ बाजार में गैर कानूनी ढंग से संचालित कई रसायनिक खाद एवं बीज के बड़े पैमाने पर धंधा करनेवाले दूकानदार अपने दूकानों एवं गोदामों में ताला लगाकर भाग गए। जो दूकान खुली पाई गई वहां जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जांच किया गया तथा दूकान में रखे उर्वरक एवं बीज का सैंपल जांच के लिए लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाईसेंस तथा उर्वरक की बिक्री एवं स्टॉक की जानकारी ली। जिला कृषि पदाधिकारी ने सर्वप्रथम बड़गड़ बाजार स्थित नीलम बीज भंडार, एवं उर्वरक विक्रेता आनन्द सोनी के दूकान का निरीक्षण किया जहां जांच में सभी



चीजें संतोषजनक पाई गई। नीलम बीज भंडार नामक रसायनिक खाद, दवा एवं बीज की दूकान स्थाई रूप से अलग न रहकर कपड़े की दूकान के साथ संचालित होती पाई गई है। निरीक्षण के दौरान रसायनिक खाद विक्रेता राजू प्रसाद द्वारा संचालित दूकान व गोदाम बंद पाया गया।दूकानदार राजू प्रसाद से फोन पर संपर्क किए जाने पर उनके परिजनों ने एक गोदाम में रखे उर्वरक को कृषि पदाधिकारी को दिखलाया तब उन्होंने गोदाम में उर्वरक का विडियो बनाकर साथ लेते गये। वहीं बजार स्थित जयसवाल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की दूकान भी बंद पाई गई। दूकान के प्रोपराइटर रंजीत जयसवाल कहा कि वे सुबह से ही निजी कार्य से बाहर गए हुए थे। उन्होंने बताया कि उनकी दूकान में एक हजार रूपए दे कर किसानों का पंजीकरण होता है इसके बाद किसान सस्ते दर पर यहां से खाद और बीज प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह बाजार स्थित रमेश कुमार एवं रामू प्रसाद की दूकान का भी निरीक्षण किया गया।

# अनुमंडल बनाने को लेकर कांग्रेस ने की हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

मझिआंव नगर पंचायत, बरडीहा एवं कांडी प्रखंड मिलाकर लगभग तीन लाख की आबादी बताया जा रहा है जिसे अनुमंडल की अति आवश्यकता बताया गया, प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रभात कुमार दुबे उर्फ बड़ू दुबे ने बताया कि कांडी प्रखंड के श्रीनगर एवं सोन तटीय किनारे से जिला मुख्यालय में आने-जाने में लगभग 150 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है फिर भी लोगों को एक दिन में कार्य नहीं हो पता है, जिसे लोगों को शारीरिक आर्थिक एवं मानसिक तीनों का बबार्दी होता है, इसलिए वे चाहते हैं कि इतनी बड़ी घनी आबादी वाले तीनों प्रखंड मिलकर अनुमंडल बन जाने से यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। अपने घर से अपना कार्य कर सकते हैं। उन्होंने प्रेस वार्ता आयोजित कर पत्रकारों को बताया कि यह वह आज से मझिआंव को अनुमंडल



बनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू कर दिया गया है,यह तीनो प्रखंड में हस्ताक्षर अभियान चलाने के बाद में मुख्य मंत्री को सौंपा जाएगा,और मझिआंव को अनुमंडल बनाकर ही चैन की सांस लेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उदय नारायण तिवारी, 20 सूत्री अध्यक्ष विजय दुबे, उपाध्यक्ष आनंद यादव, बरडीहा प्रखंड 20सुत्री अध्यक्ष शिवप्रसाद गुप्ता, कांडी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष झरी प्रसाद गुप्ता, आनंद दुबे, हाजी अशफाक खां, सत्येंद्र तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, पिंटू उपाध्याय, पिंकू दुबे, नूरुल अंसारी, सरफराज खां, जियाउल अशफाक खां सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

### गढ़वा के होटल से चार लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ले गई रांची

**गढ़वा।** रांची पुलिस ने रविवार की अहले सुबह गढ़वा थाना क्षेत्र के साहिजना में स्थित होटल नवनीत से लोगों को पकड़कर अपने साथ रांची ले गई। जानकारी के अनुसार उक्त चारों युवक एक दिन पहले से होटल नवनीत में ठहरे हुए थे। सुबह रांची व गढ़वा पुलिस संयुक्त रूप से होटल में छापेमारी किया। उस दौरान अलग-अलग कमरे में चारो इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने होटल को घेर कर चारों युवक को पकड़ा। रांची पुलिस ने पत्रकारों से कुछ बताने से भी इनकार किया। लेकिन जानकारी के अनुसार उक्त चारों पर रांची में ही विभिन्न मामले में प्राथमिक की दर्ज है। पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर गढ़वा पहुंची थी। जहां गढ़वा पुलिस की मदद से होटल में छापेमारी की। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि न एक अपराधी पुलिस के बढ़ते घेराबंदी को देखकर एक अपराधी छत के तीसरे तले से कूदकर भागने का प्रयास भी किया।

## आपूर्ति विभाग का फूल रहा है दम, प्रखंड में नहीं है एक भी बीएसओ

# बीडीओ-सीओ के भरोसे आपूर्ति विभाग

**बिट्टू सिंह। केतार (गढ़वा)**

सरकार ने पूरे राज्य में खाद्य आपूर्ति को लेकर कई योजनाएं संचालित की है। ताकि आम- अवाम और जरूरतमंद लोगों को आसानी से खाद्य सामग्री गांव के ही जनवितरण प्रणाली की दुकान में सुगमता पूर्वक मिल सके। साथ ही जरूरतमंद लोगों को आसानी से प्रखंड स्तर पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से राशनकार्ड बनवाया या उसमें सुधार कराया जा सकें। चुकी राज्य सरकार ने प्रतिदिन डीलरों का क्रिया-कलापों की देखरेख के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) को ही अधिकृत किया है। लेकिन गढ़वा जिला में खाद्य आपूर्ति विभाग का दम घुटता हुआ नजर आ रहा है। इसका कारण यह है कि गढ़वा जिला में 20 प्रखंड है। लेकिन यहां पर स्थाई तौर पर किसी भी प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पदस्थापित नहीं हैं। सभी प्रखंडों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के स्थान पर बीडीओ और सीओ प्रभार में काम कर रहे हैं। जिस वजह से पिछले कई महीनों से जिला के विभिन्न प्रखंडों से राशनकार्ड धारियों को राशन नहीं मिलने और



**इन प्रखंडों में प्रभार में चल रहा है आपूर्ति विभाग**

भवनाथपुर, केतार, खरौंधी, कांडी, मझिआंव, बरडीहा, विशुनपुरा, रमना, नगर उंटारी, सगमा, धुरकी, डंडई, चिनिया, डंडा, रमकंडा, बड़गड़, मेराल, गढ़वा, भंडरीया और रंका में आपूर्ति विभाग बीडीओ व सीओ के भरोसे चल रहा है।

**एक भी प्रखंड में आपूर्ति पदाधिकारी नहीं : डीएसओ**

इस सम्बन्ध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे ने कहा की जिला के किसी भी प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पदस्थापित नहीं है। जिससे कार्य करने में भी परेशानी होती है। बीडीओ और सीओ के सहारे किसी तरह आपूर्ति विभाग का कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है।

डीलर द्वारा राशन कालाबजारी करने की शिकायत सम्बन्धित प्रखंड के बीडीओ, सीओ , उपायुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से लाभुकों द्वारा की जाती रही है। प्रखंडों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पदस्थापना नहीं होने से आपूर्ति विभाग बीडीओ-सीओ के माध्यम से जैसे तैसे चल रहा है।

### निर्माणाधीन सड़क की स्थिति बदतर, आक्रोश

**कांडी।** प्रखण्ड के पिपरडीह गांव में चार माह में भी कालीकरण सड़क का निर्माण नहीं हो सका। थोड़ी बारिश में भी निमार्णाधीन सड़क की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। कालीकरण तो दूर उक्त सड़क पर कीचड़ ही कीचड़ देखने को मिल रहा है। इस पर वाहन तो दूर लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। यह सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्माण हो रही है। जो पिपरडीह मोड़ से थमहन यादव के घर होते नदी किनारे टी- वाल के साथ झुरवाजरही अंतिम सिवान तक एक किमी में पथ निर्माण होना है। जानकारी के अनुसार उक्त सड़क 1.16 करोड़ की लागत से निर्माण हो रहा है। 8 मार्च को क्षेत्रीय विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने उक्त सड़क निर्माण का विधिवत शिलान्यास किया था। किन्तु चार माह बीतने के बाद भी सड़क पूर्ण रूप से बन कर तैयार नहीं हुई। यदि गांव में किसी गरीब की तबियत खराब होती है तो गांव से बाहर ले जाना लोहे का चना चबाने जैसा होगा।

## न्यूज बॉक्स

### सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृत सप्ताह संपन्न



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में संस्कृत सप्ताह का समापन विद्यालय स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता से किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पांडेय ने कहा कि संस्कृत देव भाषा है। बच्चों में संस्कृत के प्रति जागरूकता हेतु इस तरह का एक कार्यक्रम प्रांत निदेर्शानुसार किया जाता है। प्रश्न मंच में प्राशनिक कौशलेंद्र झा स्कोर अशोक कुमार वी प्रश्न मंच प्रमुख अंकित जैन का प्रमुख योगदान रहा। शिशु वर्ग में कक्षा पंचम की बहने नंदनी कुमारी, संजना कुमारी, परी गुप्ता एवं बाल वर्ग में कक्षा षष्ठ के लक्ष्मी कुमारी, अर्पणा कुमारी और मानवी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त की। ज्ञातव्य हो कि सप्ताह भर से संस्कृत सप्ताह आयोजित हो रही है जिसके अंतर्गत भोजन मंत्र, प्रातः स्मरण, गीता सार, सुभाषितानि, संस्कृत वंदना आदि का कक्षा सह सामूहिक सस्वर पाठ किया गया। भैया बहनों में संस्कृत के प्रति उत्साह देखा गया। संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत प्रश्न मंच प्रतियोगिता को सफल बनाने में नंदलाल पांडे, अविनाश कुमार, सत्येंद्र प्रजापति, प्रदीप कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार, उमेश कुमार कृष्ण मुरारी, सुजीत कुमार दुबे, दिनेश कुमार, प्रसून कुमार, आरती श्रीवास्तव, सलोनी कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंवदा आदि का प्रमुख भूमिका रही।

### भूमि विवाद के निपटारे को लेकर कुशवानी गांव में भाकपा का अनिश्चितकालीन धरना



**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के परती-कूशवानी पंचायत में भाकपा माले ने भूमि विवाद निपटारे को लेकर धरना- प्रदर्शन किया गया। यहां जयशंकर गुप्ता और लखपतिया देवी के बीच रास्ते को लेकर एक वर्ष से विवाद चल रहा है। प्रथम पक्ष उक्त विवादित भूमि पर पक्का का मकान का निर्माण करा रहा है। इसे रोकने तथा रास्ता दिलाने को लेकर भाकपा माले ने दुसरे पक्ष के लाखपतिया देवी के साथ धारना दिया। इस मौके पर कामरेड एरिया सचिव दिलीप गुप्ता ने कहा की पदाधिकारीयों के मिली भगत से दबंगों द्वारा अवैध कार्य गैरमजरूआ भूमि पर किया जा रहा है लेकिन प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा की चार माह पुर्व जब हम लोगों ने प्रखंड कार्यालय का घेराव किया था तो सीओ के द्वारा लिखित आश्वासन मिला था की इस भुमि विवाद को एक माह के भीतर निबटारा करा दिया जाएगा। लेकिन भुमि विवाद का निबटारा नहीं हुआ और उस विवादित भूमि पर पक्का का मकान का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर भाकपा माले नेता कामेश्वर विश्वकर्मा, गुप्त सिंह, त्रिभुवन सिंह, अजय प्रजापति, लखपतिया देवी, ललिता देवी, सबिता देवी, संगीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जब आप इन बच्चों में अपना बच्चा ढूंढ लेंगे उसी दिन इनके साथ न्याय हो जाएगा : बीडीओ



**कांडी।** आप जिस दिन इन बच्चों में अपना बच्चा ढूंढ लीजिएगा उसी दिन इनके साथ न्याय हो जाएगा। उक्त पंक्तियां कांडी बीडीओ राकेश सहाय ने अपग्रेड हाई स्कूल लमारी कला के औचक निरीक्षण के दौरान शिक्षकों से कही। इस विषय में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि उन्होंने बुधवार को भी काफी संख्या में बच्चों को बाहर खेलते देखा था। इसी तरह आज गुरुवार को भी बहुत से बच्चे स्टडी पीरियड में बाहर दिखाई पड़े तो वह स्कूल में घुस गए। उन्होंने इस बाबत पूछताछ की तो पता चला कि पीएम श्री विद्यालय के रूप में इस विद्यालय का चयन हुआ है। उसी के प्रशिक्षण में 23 में से 10 शिक्षक व्यस्त हैं। शेष 13 शिक्षक विद्यालय में उपस्थित थे। उपस्थिति पंजी में भी इसकी प्रविष्टि थी। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक वातावरण के सृजन का निर्देश दिया। कहा कि उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर में ही अपना बेस्ट देने का प्रयास कीजिए। सारी व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी। बीडीओ राकेश सहाय ने वर्ग 7 एवं 8 में जाकर बच्चों से भी सवाल जवाब किया। उन्हें बेहतर करने का टिप्स भी दिया। शिक्षकों ने बताया कि यहां शनिवार को वीकली टेस्ट होता है।

### बसपा छोड़ सैकड़ों लोगों ने आजाद समाज पार्टी की ली सदस्यता



**मझिआंव।** बसपा छोड़ सैकड़ो लोगो ने आजाद समाज पार्टी में लिया सदस्यता पार्टी का कार्य कर्ता मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को बरडीहा प्रखंड के बभनी स्कूल के समिप किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश महासचिव सह विश्रामपुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी सिराज खां थे। जिसमें मझिआंव बरडीहा एवं कांडी प्रखंड से हजारों हजार की संख्या में लोग इस कार्य -कर्ता सम्मेलन में भाग लिये, तथा बसपा को छोड़कर समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सूनेश्वर राम, नंदु राम, श्रवण कुमार राधेश्याम रवि, नारायण कुमार, विजय राम, सहित सैकड़ों की संख्या में सदस्यता ग्रहण किया ने बसपा को छोड़कर आजाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

## समस्या

## क्रशर प्लांट व पत्थर खनन से ग्रामीणों के समक्ष विकट परिस्थिति

# रंका में 16 और रमकंडा में 8 प्लांट स्थापित

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले के रंका व रमकंडा प्रखंड में दो दर्जन क्रशन प्लांट व खनन क्षेत्र से दोनों प्रखंड के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रंका प्रखंड के पिंडरा गांव में एमजी कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड की ओर से क्रशर व खनन का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह के क्रशर व पत्थर खनन का कार्य रंका प्रखंड में 16 जगह और रमकंडा प्रखंड में आठ जगह स्थापिर्त कया गया है। इस कार्य से दोनों ही प्रखंड के एक दर्जन से अधिक गांव प्रभावित हो रहे हैं। वहीं दिन रात भारी भरकम वाहनों की आवागमन से लोग परेशान



एक दर्जन गांव उजड़ने के कगार पर हैं : ग्रामीण

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

ग्रामीण मुकेश प्रजापति, राजकुमार यादव, छलकनियां देवी, उषा देवी, सविता देवी, सहोदरी देवी, तलुका देवी आदि ग्रामीणों ने कहा कि शासन-प्रशासन को हमलोगों की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। कोई सुनने वाला ही नहीं है। गांव की हालत बद से बदत्तर हो गई है। इसी तरह से सरकार पत्थर खनन का कार्य कराती रही तो गांव-गांव के उजड़ जाएंगे। ग्रामीण पलायन को मजबूर हो जाएंगे। ग्रामीणों ने कहा कि क्रशर प्लांट व पत्थर माईंस से सिर्फ हमलोग ही परेशान नहीं हैं। मवेशियों को भी रखना मुश्किल हो गया है। डस्ट से बीमारी होने का खतरा बना हुआ है। महिलाओं ने कहा कि खाना बनाने से लेकर खाना खाने में भी समस्या है। डस्ट के कारण सांस लेना मुश्किल हो गया है। सरकार क्या सोच कर जंगल व जमीन दोनों को बर्बाद कर रही है।

है। पत्थर खनन के लिए लगातार ब्लास्टिंग का कार्य किया जा रहा है। जिससे कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। वहीं डस्ट से मनुष्य के साथ-साथ मवेशियों को भी दिक्कत हो रही है। पत्थर खनन के लिए जिस स्थान का लीज लिया गया है। वहां पर जमीन के नीचे 100 फीट अंदर तक पत्थर निकाला जा रहा है। वहीं पर बड़े-बड़े पत्थर के चट्टान को तोड़कर कंक्रीट (छरी) में मशीनों के माध्यम से बदल दिया जा रहा है।

# ग्रामीणों को समस्या हो, यह मुझे बर्दाश्त नहीं : सतेंद्रनाथ तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

परेशान होकर ग्रामीणों ने पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी को गांव में बुलाकर स्थिति से अवगत कराया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि विकास कार्य होना अच्छी बात है। लेकिन नियम के अनुसार होनी चाहिए। नियम को ताख पर रखकर व अधिकारियों व पदाधिकारियों के गलत रिपोर्ट पर लीज देना अपराध है। ग्रामीणों की समस्या को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले से मुख्यमंत्री, खनन सचिव को पत्र लिखकर अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रंका सीओ नियम का पालन नहीं किए है। लीज देने से पहले लीज के नियम का पालन अवश्य होना चाहिए। स्कूल, ग्रामीणों के मकान,



नेशनल पार्क, स्टेट हाईवे, जल स्त्रोत से दूरी होनी चाहिए। मगर स्थल पर देखा जा सकता है। कि पदाधिकारियों ने कितना नियम का पालन किया है। पूर्व विधायक ने कहा कि स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ने ठाकुर गढ़वा-रंका विधानसभा तबाह करने का काम किया है। पूरे क्षेत्र में अराजकता माहौल उत्पन्न हो गया है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोग पूरी तहर से त्रस्त हो चुके हैं।

### सिंचाई कूप की पूरी राशि लाभुकों की जगह वेंडर के खाते में हस्तांतरित

**डंडाई।** प्रखंड के वेंडरों की दुकान के कागज पर संचालित होने का मामला प्रकाश में आया है। बताया गया कि वेंडर ने सामग्री का आपूर्ति किये बिना लाभुक का सिंचाई कूप की पूरी राशि उनके खाते के बजाय वेंडर के खाते में हस्तांतरित कर दिया गया। मामला प्रखंड क्षेत्र के रारो पंचायत स्थित वेंडर यादव ट्रेड से जुड़ा है। मनरेगा लाभुकों ने मामले को लेकर उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा के पास लिखित शिकायत किया है। शिकायत में वेंडर यादव ट्रेडर्स के प्रोपराइटर पियूष रंजन के द्वारा सिंचाई कूप निर्माण के लिए हम लोगों को किसी भी तरह का सामग्री नहीं दिया गया और योजना मद की पूरी राशि उनके खाते में हस्तांतरित कर दिया गया है।

## एक नजर

### सोहर पंचायत के दुरलेटा गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत सोहर पंचायत के अतिसुदुरवर्ती क्षेत्र दुरलेटा में महुआडांड़ स्वास्थ्य की टीम पहुंची। ज्ञात हो कि आदीम जनजाति के 14-15 घरों में कोरवा बृजिया जाति के परिवार निवास करते हैं। पिछले दो दिनों से गांव के बच्चे दस्त उल्टी एवं बुखार से पीड़ित थे। जिसकी सुचना मिलते ही स्वास्थ टीम दुरलेटा गांव पहुंचे और जांच करते हुए लोगों एवं बच्चों के बीच दवा का विवरण किया। इस दौरान मलेरिया किट से लोगों के बीच मलेरिया की भी जांच की गई। मौसमी फलों के अत्यधिक सेवन की वजह से विशेष कर बच्चों के बीच दस्त एवं उल्टी जैसी परेशानी हो रही थी। जिसके लिए भी बच्चों को दवा दी गई।

### वज्रपात से महिला झुलसी



**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के मतकोमा ग्राम में तेज बरसात के साथ हुई वज्रपात से मुन्नी देवी (50 वर्ष) पति बलदेव गंझु मतकोमा घायल हो गए। जिन्हें परिजन ने आनंद फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया। जिसका डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार की जा रही है। बताया जाता है कि महिला घर के पास खेत में काम कर रही थी कि इसी दौरान तेज बरसात के साथ बज्रपात हुई और महिला उसके चपेट में आ घायल हो गई। इस घटना के बाद से परिजन चिंतित है बता दे की पहले भी बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बरसात के साथ वज्रपात होती रहती है क्षेत्र में लोगों को वर्षा के दौरान काफी सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### रेलयात्री संघर्ष समिति की बैठक में ग्रामीणों को गोलबंद करने का निर्णय

**बेतला।** केचकी स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराने को लेकर स्टेशन परिसर में रविवार को रेलयात्री संघर्ष समिति केचकी क्षेत्र की बैठक हुई। अध्यक्षता समिति के फौजदार सिंह ने की। बैठक में शामिल सदस्यों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर रेलवे के संबंधित अधिकारियों को कई बार आवेदन देने के बाद भी केचकी जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित नहीं होने पर घोर चिंता जताई और रेल प्रबंधन पर क्षेत्र के लोगों के साथ उपेक्षात्मक रवैया अपनाने का सीधा आरोप लगाया। बाद में रेल प्रबंधन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने के लिए गांव-गांव में जाकर ग्रामीणों को गोलबंद करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष फौजदार सिंह समेत समिति के हरेराम सिंह,उदयशंकर दयाल,यमुना सिंह, उमेश सिंह,जगनारायण सिंह,मनोज ठाकुर,बिनोद यादव,अरविंद मेहता,विजय प्रसाद आदि सदस्य शामिल थे।

### फोरलेन निर्माण के लिए पेड़ों की गिनती का कार्य जारी

**लातेहार।** एनएच 39 अंतर्गत फोरलाईन सड़क निर्माण को लेकर कुडु से लेकर उदयपुरा और उदयपुरा से लेकर भोगू तक के लिए एनएचआई के द्वारा पेड़ों की गिनती जारी है। इसे लेकर सिकनी से लेकर उदयपुरा तक एनएचआई कर्मियों के द्वारा पेड़ों की गिनती कर मार्किंग का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए वनों के क्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता ने बताया कि कुडू से उदयुपरा तक और उदयुपरा से लेकर भोगू तक सड़क के फोरलेन निर्माण के लिए एनएचआई के द्वारा पेड़ों की गिनती की जा रही है। पेड़ों की गिनती के बाद विभाग के द्वारा इसकी स्वीकृति ली जाएगी, फिर सरकार के द्वारा जारी गाइडलाईन के अनुसार पेड़ों का मुआवजा।

# चंदवा में रथ यात्रा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड के कामता मैदान में रथ यात्रा को लेकर भारी भीड़ उमड़ी थी। बारिश के बीच श्रद्धालुओं की भीड़ कम नहीं हुई । लातेहार बालूमाथ समेत चंदवा के विभिन्न गांव से हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस रथ यात्रा में शामिल हुए। कामता गांव में रविवार को रथ यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व लाल प्रेरित नाथ शाहदेव के द्वारा भगवान बलभद्र,बलराम एवं सुभद्रा की मूर्ति का पूजन किया गया।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखी चंदवा पुलिस



समस्त पूजन कार्यक्रम पंडित आचार्य बालकृष्ण मिश्र एवं पंडित घनश्याम मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ । इसके पश्चात लाल प्रेरित नाथ शाहदेव व उनके परिवार के सदस्यों द्वारा रथ को खींचकर आम लोगों के दर्शनार्थ बाहर लाया गया। इस वर्ष पहली बार आयोजित मेले में बिजली का नाव झूला समेत अन्य कई खेल लगाया गया था।मेले में आए श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखी गई। मेले को लेकर पुलिस पुरी तरह से मुस्तैद दिखी। मौके पर प्रदीप लाल,अमित नाथ शाहदेव,कौशल लाल नाथ शाहदेव,रघुवेंद्र उर्फ रघु लाल,अरविंद लाल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### होरीलोंग में तीन जलमीनार खराब, परेशानी झेल रहे हैं ग्रामीण

# दिखावा साबित हो रहा हर घर नल जल योजना : कमलेश सिंह



**बरवाडीह।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना में अधिकांश जगहों में लगाया गया जल मीनार महज दिखावा साबित हो रहे है । प्रखंड के छेंचा पंचायत के अति सुदूर होरीलोंग गांव में लगे तीन जल मीनार एक माह से खराब पड़े हुए है। जिससे इस गांव में रहने वाले लोग दूषित पानी पीने को मजबूर है। इस संबंध में भाकपा माले नेता कमलेश सिंह ने कहां की गांव में लगा के सोलरजल मीनार में पैसे का बंदरबांट एवं लूटखसोट होने के कारण है हर घर जल योजना महज दिखावा साबित हो रहा है। उन्होंने क्षेत्र में लगाए गए सभी जल नल योजना की जांच कर दोषी लोगो पर करवाई की मांग किया है। वही ग्रामीणों का कहना है कि जल मीनार खराब रहने की शिकायत कई बार पंचायत के मुखिया एवं संबंधित अधिकारियों को दी गई है। लोगों का जल मीनार मरम्मत नहीं हो पा रहा। शनिवार को भुक्तभोगी ग्रामीण शनिवार को पुन बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र देकर खराब पड़े जन्म मीनार की मरम्मत करवाने की मांग किया है ताकि उन लोगों की पेयजल समस्या संबंधित शिकायत दूर हो सके। बीडीओ को अपने आवेदन पत्र देने वालों में शांति देवी समेत अन्य मुक्त भोगी ग्रामीण शामिल है।

### अंबादोहर में नल जल बना शो पीस नहीं पहुंच रहा घरों में पानी



**चंदवा।** कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने रविवार को अंम्बादोहर में लगे नल जल योजना का जायजा लिया। ग्रामीणों से मिलकर इस संबंध में जानकारी ली। अंम्बादोहर के ग्राम प्रधान प्रमोद भगत ने बताया कि सुमन भगत के घर के पास लगे नल जल टंकी से घरों घर में लगे नल में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। प्रकाश उरांव के घर के पास लगे नल जल का भी यही हाल है। दोनों स्थानों पर लगे नलजल योजना से किसी भी ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। धनेश उरांव के घर के पास लगे पुराना चापानल भी महिनों से खराब पड़ा हुआ है। जोबीया गांव में भी करीब तीन माह तक एक नल जल चला इसके बाद बंद हो गया है। पेयजल के लिए ग्रामीण गांव में इधर उधर भटक रहे हैं। अयुब खान ने कहा कि शिकायत के बाद भी नल जल योजना में कोई सुधार नहीं हो रहा है। इससे ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। अयुब खान ने उपायुक्त गरीमा सिंह से नल जल योजना को ठीक कर पेयजल संकट दूर करने का अनुरोध किया है, मौके पर ग्राम प्रधान प्रमोद भगत, साजीद खान,प्रेमजीत उरांव व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



### बालूमाथ में गाजे-बाजे के साथ निकली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

**बालूमाथ।** बालूमाथ मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ की पूजा धूमधाम से की गई । मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ बलभद्र तथा माता सुभद्रा की विशेष पूजा अर्चना किया गया। जहां पर मुख्य यजमान की भूमिका निखिल अग्रवाल एवं उनके परिजनों ने निभाया । भगवान जगन्नाथ की पूरी पूजा अर्चना वैदिक अनुष्ठान के साथ पंडित दीनानाथ वैद्य ने कराया। जहां पर प्रतिमा की साजसज्जा के साथ-साथ नए वस्त्र धारण कराए गए और कई पकवानों से उन्हें भोग लगाया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच भंडारे और प्रसाद का वितरण किया गया । इसके पश्चात संध्या बेला में करीब 4:00 बजे गाजे बाजे के साथ भव्य रथ शोभायात्रा निकाली गई । जो महावीर मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर देवी मंडप भामाशाह नगर थाना चौक मुरपा मोड कसियाडीह प्रखंड कार्यालय बस पढ़ाओ दुर्गा मंडप छठ तलाब दुर्गा मंडप होते हुए मौसी बाड़ी पहुंच समाप्त हो गई। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान राह चलते लोगों एवं बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान उपेंद्र रंगीला उदय कुमार यादव रविंद्र गुप्ता सुरेंद्र गुप्ता ज्ञानी पांडे रणजीत सिंह अरुण कुमार गुप्ता कृष्णा साहू राजेंद्र गंझू लालदेव गंझू जितेंद्र कुमार उप मुखिया अमित गुप्ता बबलू गुप्ता पंकज केसरी बिंदेश्वर गंझू ऋषि कुमार शैलेश कुमार सिंह उपेंद्र सिंहा संतोष सिंहा आशीष कुमार सिंह भाजपा नेता अमित कुमार हेमराजगंझु इंद्रदेव ओझा बालेश्वर ठाकुर संजय कुमार ओझा शंकर साहू ओम प्रकाश जायसवाल सागर कुमार प्रयाग साहू सूरज जायसवाल जयप्रकाश गुप्ता मुकेश कुमार नरोज नायक पुटन कुमार साहू सुरेंद्र साहू अनमोल कुमार सूरज कुमार साह समेत तक कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### प्रखंड से विद्यालयों तक निःशुल्क पाठ्य व खाद्य सामग्री पहुंचाने में वेंडरों की मनमानी

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

प्रखंड से विद्यालय तक पाठ्य व खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति में भेंडरों की मनमानी व लापरवाही बरतने की शिकायत पर राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कड़े रुख अख्तियार किये हैं। बता दें की पाठ्य व खाद्य सामग्रियों को विद्यालय तक पहुंचाने के एवज में धांधली व वसूली की शिकायत पर 2 जुलाई 2024 को पत्रांक क्यूयू 40/06/2023/23541 के माध्यम से सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान को राज्य परियोजना निदेशक ने पत्र लिखा है। जिसमें उल्लेख किया है कि प्रखंड से विद्यालय तक सामग्रियों को ले जाने के लिए शिक्षकों को व्यय का वहन करते हुवे परेशान भी होना पड़ता है। इस मामले को गंभीर मानते हुवे अविलंब कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पत्र में आगे उल्लेख किया गया है कि राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा सामग्रियों को विद्यालय तक पहुंचाने के लिए प्रति विद्यालय 500 रुपये दी जाती है। जबकि, गुणवत्त शिक्षा के अंतर्गत 1000 रुपये प्रति विद्यालय देने का प्रावधान रखा गया है। वहीं निदेशक ने पत्र में जिला के अधिकारियों से जानबूझकर अनुपालन नहीं करने की स्थिति को कर्तव्यहीनता मानते हुवे कड़े टिप्पणी भी किये हैं। साथ हीं, उन्होंने 15 दिनों के अंदर संबंधित अधिकारियों से सम्यक प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

### डीवीसी ने ध्वजारोहण कर 77वां स्थापना दिवस मनाया

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने अपना 77वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर शहर के जुबली चौक के होटल कार्निवल में ?स्थित डीवीसी कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीवीसी के तुबेद कोल माइंन के जीएम अरविंद कुमार ठाकुर ने डीवीसी का ध्वजारोहण कर किया। मौके पर संबो?धित करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि आज डीवीसी का 77 वां स्थापना दिवस है। यह हम सब लोगों के लिए सुखद पल है। उन्होने कहा कि डीवीसी खनन के अलावा अपने सामाजिक दायि?त्वों के निवर्हन के दौरान सामाजिक सरोकार की गतिवि?धियों को संचालित करती है। उन्होने बताया कि डीवीसी संचालित तुबेद कोल माइन खुलने से क्षेत्र में समृदिध आयी है।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्री सर्जिकेयर हॉस्पिटल करे बेहतर सेवा : बैद्यनाथ

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित अंबाकोठी में श्री सर्जिकेयर हॉस्पिटल का उद्घाटन लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने फिता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बेहतर सेवा है। पीड़ितों को बेहतर इलाज मिल सके, इसका प्रयास करें। ताकि लोगों को आपके अनुभव का लाभ मिल सके। लातेहार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने कहा कि चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होते हैं, इसलिए चिकित्सा को व्यवसाई से ज्यादा सेवा के भाव से किया जाना चाहिए। अस्पताल के व्यवस्थापक सह चिकित्सक श्रीकांत कुमार ने कहा कि लोगों को बेहतर से बेहतर सेवा देने का हम सबों का प्रयास रहेगा।

### संघ की बैठक में डीडीसी सुरजीत बने अध्यक्ष

**लातेहार।** स्थानीय परिसदन में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ, लातेहार इकाई की एक बैठक उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को की गई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह को अध्यक्ष, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण गगराई को उपाध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार सदर को सचिव, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा को संयुक्त सचिव एवं अंचल अधिकारी सदर अरविंद देवाशीष टोप्पो को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया । बैठक में प्रखंड अंचल स्तर पर पदस्थापित राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हेतु सुरक्षा गार्ड की प्रतिनियुक्त करने की मांग की गई ।

## किसी भी सूरत में क्लिनिकल एस्टैबलिशमेंट एक्ट का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं, होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई : डीसी

- अवैध नर्सिंग होम संचालक व बिना डिग्री वाले चिकित्सकों के विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी
- जिले में लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगी

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले में क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट की अवहेलना कर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है। साथ ही बिना डिग्री के चिकित्सक प्रसव जैसे कार्य को अंजाम दे रहे है। इसकी जानकारी मिलने के पश्चात उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सदर अनुमण्डल पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव के नेतृत्व में शुक्रवार को जिले के अवैध नर्सिंग होम संचालको के विरुद्ध एवं गैर डिग्री धारक चिकित्सकों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में बाईपास रोड से राज नर्सिंग होम के संचालक रंजीत कुमार और गैर डिग्री धारक चिकित्सक कुमार चंदन को हिरासत में लिया गया। छापेमारी दल ने दोनो को शहर के बाईपास इलाके से गिरफ्तार किया। उपायुक्त ने कहा लगातार जिले में अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालन से संबंधित शिकायत प्राप्त हो रही थी इसे संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई हेतु एक टीम का गठन किया गया और छापेमारी की कार्रवाई की गई। जिसमें एक बिना डिग्री घारक चिकित्सक एवं एक नर्सिंग होम संचालक की गिरफ्तारी की गई है, संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले के आमजनों और गर्भवती माताओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिले में लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगी। क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट का अवहेलना करने वाले नर्सिंग होम संचालक व पीसी एण्ड पीएनडीटी का अवहेलना करने वाले अल्ट्रासाउण्ड संचालक के उपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने बताया कि शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि जिले में दर्जनों की संख्या में अवैध नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। साथ ही बिना डिग्रीधारी झोलाछाप सिजेरियन समेत अन्य ऑपरेशन यूट्यूब के माध्यम से कर रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन किया गया और उपरोक्त कार्रवाई की गई। उपरोक्त संबंधित नर्सिंग होम/अस्पताल संचालकों के विरूद्ध विधि सम्मत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## पत्थलगड़ा में स्थायी बीडीओ व सीओ नहीं होने से ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा(चतरा)**

प्रखंड कार्यालय पत्थलगड़ा में स्थाई प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी के नहीं रहने से विकास कार्यों पर विपरीत असर पड़ रही है। साथ ही कई कल्याणकारी योजनाएं बाधित हो रही हैं। ज्ञात हो की 05 मार्च 2024 को प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी का तबादला हो जाने के बाद गिद्धौर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव को पत्थलगड़ा बीडीओ व सीओ का अतिरिक्ता प्रभार दिया गया। ऐसे में दो प्रखंडों के बीडीओ व सीओ के प्रभार के कारण पत्थलगड़ा में समय नहीं दे पाते हैं। आलम यह है ग्रामीण प्रखंड कार्यालय कार्यों को लेकर पहुंचते हैं, पर बीडीओ का घंटो इंतजार करने के बाद बेरंग वापस लौट जाते हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सप्ताह में दो या तीन दिन प्रभारी बीडीओ पहुंचते हैं, पर दो-तीन घंटे ही समय दे पाते हैं। जिसके कारण कुछ लंबीत कार्य होते हैं, अधिकतर पैंडींग ही रह जाते हैं। प्रखंड में स्थाई बीडीओ एंव सीओ नही होने के कारण विकास कार्यों की गति धीमी हो गई है। छात्र-छात्राओं के जातीय, आवासीय, आय प्रमाण पत्र के अलावे जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में हो रहे विलंब के कारण लोगों को विभिन्न प्राकर की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जमीन के मोटेशन, मनरेगा व 15वीं वित्त योजना के अतिरिक्त अन्य कार्यों में गिरावट आने लगी है।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, दर्जनों दो पहिया वाहनों को किया गया जब्त



**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित आईआरबी कैंप के समीप लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें दो पहिया,चार पहिया व सभी तरह की वाहनों की कागजातों की जांच की गई साथ ही दो पहिया वाहन में हेलमेट ट्रिपल लोडिंग इत्यादि की जांच की गई। वहीं आए दिन दुर्घटनाओं से बचने के लिए दो पहिया वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट का प्रयोग व चार पहिया वाहन चालकों को हमेशा सीट बेल्ट लगाने का सख्त निर्देश दिया गया। वहीं सभी वाहन चालकों को अपने वाहन के साथ वाहन से संबंधित सभी कागजात को हमेशा अपने साथ रखने को बोला गया था मगर वाहन चालकों के द्वारा हेलमेट नही लगाने को लेकर दर्जनों दो पहिया वाहन जब्त किया गया । मौके पर सा0आनि मधुसुदन प्रसाद जिला पुलिस बल साथ में आईआरबी के जवान मौजूद थे।

### भाजपा के चेतलाल रामदास ने बारियातू प्रखंड क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव मे भाजपा नेता सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी चेतलाल रामदास ने जन संपर्क अभियान चलाया. जन संपर्क के दौरान अपने पक्ष मे जनाधार बनाने के उदेश्य से ग्रामीण महिला, पुरुष युवक युवतियों से मुलाकात कर एक बार मौका देने का अपील किया। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी चेतलाल रामदास ने ग्राम हिसरी ग्राम पहुंचे। जहां उपस्थित ग्रामीणों को देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओ के बारे में अवगत कराया। साथ ही रामदास ने कहा की 2024 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार झारखंड के प्रदेश में बन रही है और हम सभी का नेतृत्व करने के लिए झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी हमारे मुख्यमंत्री होंगे। हम आप सभी से आशा रखते हैं कि इस बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने का कार्य हम सभी करेंगे।

### कोलियरी में संचालित ट्रांसपोर्टर व कोयला सैंपलिंग कंपनी स्थानीय को 75 प्रतिशत रोजगार दे : महेंद्र उरांव



**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह फूलबसिया मे संचालित मगध कोलयरी मे जितने कोयला ट्रांसपोर्टर व सैपलिंग कम्पनी से समाज सेवी महेंद्र उरांव ने स्थानीय बेरोजगार ग्रामीणों कों 75 प्रतिशत रोजगार देने की अपील की है। वहीं बताया की मगध मे कई कोयला ट्रांसपोर्टर है और सैपलिंग कम्पनी काम करते हैं।लेकिन यहाँ ग्रामीण और युवा धूल फांकने को बिवश हैं। सभी ट्रांसपोर्टर कम्पनी है वह बाहरी लोगों से काम करवाते है। यहाँ के लोग रोजगार के लिए भटक रहे हैं। समाज सेवी महेंद्र उरांव ने उक्त सभी ट्रांसपोर्टर और कोयला सैम्पलिंग कम्पनी से आसपास के ग्रामीणों के साथ जिला सभी प्रखंड के बेरोजगार 75 प्रतिशत ग्रामीणों को रोजगार देने की आग्रह किया साथ ही कहा की 25 प्रतिशत बाहरी लोगों को भी रोजगार दे कोई अपत्ती नहीं है।

### शिवपुर-कठौतिया रेलवे निर्माण में जुटीं कंस्ट्रक्शन कंपनियों के विरुद्ध विभागीय जांच



टंडवा (चतरा): टंडवा प्रखंड क्षेत्र में शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाईन निर्माण में जुटे कंपनियों द्वारा निर्धारित मानकों को दरकिनार कर मिट्टी कटाई करने के मामले में विभागीय कार्रवाई की तैयारी चल रही है। बताया जाता है कि तथ्यों को छिपाकर वन भूमि व गैर मजरुआ भूमि की अवैध कटाई करने से जहां कंस्ट्रक्शन कंपनियों द्वारा जहां लाखों रुपए का अवैध धनोपार्जन किया गया, वहीं सरकारी राजस्व का भी चूना लगाया गया है। मामला मिश्रोल पंचायत के फुलवरिया व टेकठा गांव का है। जहां शिकायत के आलोक में डीएफओ के निर्देश पर शनिवार को वन विभाग के अधिकारियों ने गहनता से जांच पड़ताल किया। बताया गया कि रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी जायेगी। जानकारों की मानें तो जमीनी स्तर से डेढ़ मीटर की गहराई तक मिट्टी का उत्खनन राजस्व व खनन विभाग से अनापत्ति व भौतिक सत्यापन होने के पश्चात हीं किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो कुछ बिचौलियों व सफेदपोशों से सांठ-गांठ कर अवैध तरीके से मिट्टी की कटाई जोरों पर है। वहीं अधिकारियों की चहलकदमी से नियत प्रावधानों को ताक पर रखकर अवैध तरीके से काम करने वाले कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। पूर्व में राजा कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी पर लापरवाही बरतने के मामले में डीएमओ चतरा द्वारा लाखों का जुमार्ना अध्यारोपित कर कड़ी कार्रवाई की गई थी।

### बीडीओ की उपस्थिति में पंचायत समिति सदस्य की बैठक



**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड प्रमुख ममता देवी के अध्यक्षता में पंचायत समिति का अहम बैठक हुई। बैठक में प्रमुख के अलावे उप प्रमुख, वीडियो सहित विभिन्न पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में प्रखंड के कई कल्याणकारी योजना जैसे पीसीसी पथ, नाली आदि जैसे योजना की कमी प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रमुख कामेश्वर राम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा गया। जिससे प्राथमिकता के तौर पर योजना लिस्ट में चढ़ाने तथा अधूरे पडे योजना को पूर्ण करने पर चर्च हुई। उन्हें प्राथमिकता तौर पर ली जाएगी बैठक में प्रमुख ममता देवी, उपप्रमुख कामेश्वर राम बीडियो सोमा उराव,पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी,पिन्टू नायक,ईश्वरी पासवान, बीरबल भगत,सहित कई लोग शामिल थे।

### बोरिंग के चार माह बाद भी केचकी में नहीं लगा चापानल, पेयजल संकट

**बेतला।** ग्राम केचकी स्थित पुराने पंचायत भवन के पास करीब चार माह पूर्व कराए गए बोरिंग में संबंधित ठेकेदार की लापरवाही से अबतक चापानल नहीं लगाया गया है। इससे वहां पर पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इसबारे में आसपास के महेंद्र सिंह,सुरेंद्र सिंह,श्याम बहादुर सिंह,रविन्द्र सिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि बोरिंग में चापानल लगवाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को कई बार कहा गया। पर इसपर सार्थक पहल करना अबतक किसी ने मुनासिब नहीं समझा। नतीजतन पंचायत भवन के पास बसे आदिवासी परिवारों को अपनी प्यास बुझाने के लिए बरसात के इस मौसम में भी करीब आधा किमी की दूरी पैदल तय करनी पड़ती है। वहीं ग्रामीणों ने चापानल के लग जाने से करीब आधा दर्जन आदिवासी परिवारों को पानी की गंभीर समस्या से निजात मिल जाने की बात कही।

## लोहरदगा में एकसाथ तीन स्थानों से निकली भव्य रथयात्रा, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद

### उमंग, उल्लास और श्रद्धा के साथ निकली ऐतिहासिक रथयात्रा

# भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ मौसीबाड़ी पहुंचे भगवान जगन्नाथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला में ऐतिहासिक रथ यात्रा उमंग, उल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। जय जगन्नाथ, जय श्री राम आदि के जयघोष करते हुए श्रद्धालु भगवान के रथ को खींचे। रथ यात्रा के मौके पर भक्ति का माहौल रहा। अहले सुबह से ही शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर, चंद्रशेखर आजाद चौक स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर, तिवारी दूरा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना करनेवालों की भीड़ लगी रही। इस दौरान शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर के आस पास मेला का दृश्य जैसा प्रतीत हो रही थी। पूजा सामग्रियों की अस्थायी तौर पर दुकाने व ठेला लगा था। पूजा दुकानों पर बताशा, इलायची दाना, फूल, बेलपत्र, सिंदूर, रोड़ी, अछत, मौली धागा, नारियल आदि की दुकान सजी हुई थी। दोपहर बाद रथयात्रा निकाली गयी। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान का रथ खींचा। भगवान के विग्रहों को रथारूढ़ कर शहर का परिभ्रमण कराया गया। जगन्नाथ स्वामी के रथ को ईस्ट गोला रोड स्थित मौसीबाड़ी पहुंचाया गया। जहाँ भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ नौ दिन तक मौसीबाड़ी में रहेंगे। घुरती रथ के अवसर पर भगवान जगन्नाथ को गुदरी बाजार स्थित जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर में लाया जायेगा। मेला को लेकर लोगों में भक्ति के साथ उत्साह देखा गया। शहरी क्षेत्र के अलावा दूर दराज से लोग रथ यात्रा में शामिल हुए। लोहरदगा में रथ यात्रा का इतिहास काफी पुराना है। यहां 270 साल से निरंतर रथ यात्रा निकाली जा रही है।, रथ मेला को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुरोहितों ने बताया कि जगन्नाथ रथ यात्रा में भाग लेने वाला जन्म-जन्म के चक्कर से मुक्त हो जाता है। भगवान जगन्नाथ को भगवान श्रीकृष्ण का अवतार माना गया है। इनकी महिमा का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों एवं पुराणों में मिलता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ (भगवान श्रीकृष्ण) उनके भाई बलराम (बलभद्र) और बहन सुभद्रा रथयात्रा के मुख्य आराध्य होते हैं। जो इस रथयात्रा में शामिल होकर रथ को खींचते हैं, उन्हें 100 यज्ञ के बराबर पुण्य लाभ मिलता है। रथयात्रा के दौरान हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं व रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। इधर ऐतिहासिक रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे।



### आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने ठाकुरबाड़ी परिसर में सेवा प्रदान की

**लोहरदगा।** महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी का रथ यात्रा के शुभावसर पर स्थानीय ठाकुरबाड़ी में जगन्नाथ स्वामी के दर्शन व पूजन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान श्री शंकर तिवारी सेवा न्यास के सहयोग से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने ठाकुरबाड़ी परिषर मे सेवा प्रदान करते हुए महाप्रभु के भक्तों को व्यवस्थित तरीके से पूजन पाठ करने व दर्शन हेतु सभी ततपरता के साथ सहयोग किया। इस दौरान जूता चप्पल का रख रखाव, प्रसाद वितरण, मंदिर प्रांगण में विधि व्यवस्था को बनाने रखने में मदद की।

## रथ पर आरूढ़ होकर भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र पहुंचे मौसीबाड़ी

**भंडरा।** भंडरा के ऐतिहासिक नौ दिवसीय रथ यात्रा मेला शुरू हो गया है। भगवान के दर्शन को लेकर भक्तों की कतार लग गई। जय-जय जगन्नाथ के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। लोगों में भगवान के दर्शन और रथ खींचने को लेकर एक प्रतिस्पर्धा नजर आई। रथ पर आरूढ़ होकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा मौसी बाड़ी पहुंचे। रथयात्रा के मौके पर सुबह के पहली बेला से लेकर देर शाम तक भगवान के जयकारे से पूरा वातावरण गूंजता रहा। जय-जय जगन्नाथ के जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रत्नवेदी से मौसी के घर तक भाई बलराम एवं बहन सुभद्रा के साथ प्रभु जगन्नाथ पहुंचे। इस दौरान भगवान के दर्शन और रथ खींचने के लिए आम-खास उमड़ पड़े। लोहरदगा सहित आस पास के हजारों की संख्या मे भक्त भगवान का रथ खींचकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। ऐतिहासिक रथयात्रा मेला को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिजली आपूर्ति बंद रही।



### सुरक्षा के व्यापक थे इंतजाम

ऐतिहासिक मेले में हजारों की भीड़ को देखते हुई पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। रांची लोहरदगा मुख्य पथ मे मसमानो मोड़, नवडीहा मोड़, आकाशी पथ मे अखिलेश्वर मोड़ मे बैरियर लगाकर दंडाधिकारी नियुक्त किया गया था। वही थाना के समीप मंच बनाकर लोगो की सहायता की जा रही थी। जबकि मेले मे जगह जगह पुलिस बाल मौजूद थे। वही चार ड्रोन कैमरे के सहारे मेले की निगरानी की जा रही थी। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह, सीओ दुर्गा कुमार बीडीओ प्रतिमा कुमार सहित 19 दंडाधिकारी मेले मे शांति व्यवस्था को लेकर निगरानी कर रहे थे।

### मौसीबाड़ी के समीप अखिलेश्वर धाम में भक्तों ने की भोलेनाथ की पूजा

मौसीबाड़ी के समीप स्थित प्रसिद्ध व ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम मे भी काफी संख्या मे भक्तो ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। अखिलेश्वर धाम मे भक्तो की इतनी भीड़ उमड़ी थी की भक्तो को घंटो लाइन मे खड़े होकर भगवान शिव की पूजा करनी पड़ी। वही ऐतिहासिक मेले मे स्वास्थ्य के मद्देनजर भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर नर्स व अन्य स्वास्थ्य कर्मी शिविर लगाकर मौजूद थी।

### द ग्रेट गौरी सर्कस, मौत का कुआं, ब्रेक डांस, मीना बाजार में उमड़ी भीड़

रथयात्रा मेला में द ग्रेट गौरी सर्कस, मौत का कुवा, ब्रेक डांस, बिजली के झूले, ड्रेगन ट्रेन, मिना बाजार आदि मनोरंजन के साधन मौजूद थे। काफी संख्या में लोगो ने झूले, सर्कस का लुफ्त उठया, वही महिलाओं ने मिना बाजार में उपलब्ध तरह तरह के श्रृंगार सामग्री की खरीदारी की वही मिठाइयों की भी जम कर बिक्री हुई।

### कुडू में रथयात्रा शांतिपूर्ण व भक्तिमय वातावरण में संपन्न

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू में रथयात्रा शांतिपूर्ण व भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हो गया। रविवार 7 जुलाई की सुबह कुडू इंदिरा गांधी चौक स्थित बिड़ला शिव मंदिर से भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के प्रतिमा को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ कुडू बाजार टाड स्थित दुर्गा बाड़ी लाया गया था जहां सुबह से शाम तक दर्शनार्थियो की भीड़ लगी रही। पुरोहित जमुना पाठक ने पूजा करायी। पूजा के बाद भगवान को विग्रहों को रथ में सवार कर रथयात्रा निकली गयी। भगवान के जयकारे के साथ श्रधालु भक्तों ने रथ को खिंच कर बस स्टैंड स्थित दुगार्बाड़ी हनुमान मंदिर मौसीबाड़ी पहुंचाया। जहां से नौ दिनो के प्रवास के बाद भगवान जगन्नाथ वापस इंदिरा गांधी चौक स्थित शिव मंदिर पहुंचेगे। ततपश्चात भगवान पुरे वर्षा ऋतू निंद्रा अवस्था में रहेंगे। पूजा व रथयात्रा में कुडू प्रखंड के अलावे अनेक प्रखंड के सैंकड़ो श्रद्धालू शामिल हुए।

## भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसीबाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय एंव बनारी में रविवार को रथयात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की इस रथयात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। इस दौरान हरि बोल के उद्घोष से वातावरण गूंजता रहा। पंडित मुन्नू और टेमन दास ने तीनों विग्रहों की विधिवत पूजा- अर्चना की ओर सबों के लिए सुख, शांति, समृद्धि की प्रार्थना की। रथ यात्रा थाना परिसर मंदिर से शुरू होकर ब्लॉक परिसर स्थित मंदिर मौसी बड़ी पहुंचा। वहीं बनारी में रथ यात्रा का आयोजन किया गया जो बाजार टाड़ स्थिति देवी मंडप से शुरू होकर बनारी चौक स्थित दुर्गा मंदिर मौसी बड़ी पहुंचा जहां भक्तों का उत्साह देखते बन रहा था संयुक्त रूप से भक्तों ने रथ का रस्सी खींचक भगवान से सुख समृद्धि की कामना की। मुनू पंडित ने कहा कि धार्मिक मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ कि इस रथ यात्रा में शामिल होने वाले भक्त को सभी तीर्थों के फल मिलते हैं। रथ यात्रा में मुख्य रूप से थानेदार राकेश कुमार मुखिया राम प्रसाद बड़ाइक केदार साहू गणेशाराम महतो बनारी में कृष्ण सिंह राजू मांझी पंचम सिंह उत्तम साहू के अलावे सैकड़ो की संख्या में भक्त उपस्थित थे।



### भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की पूजा-अर्चना विधिवत संपन्न

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखंड के उत्तरी भरनो पंचायत अंतर्गत समसेरा गांव के चन्दागढ़ रथ पूजा समिति के तत्वाधान में भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना विधिवत सपंन्न हुआ। चन्दा गढ़ रथ पूजा समिति के अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने बताया की रविवार की सुबह 9 बजे जगन्नाथ भगवान महाप्रभु का महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं के दर्शन के लिये मंदिर खोल दिया गया और सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक श्रद्धालुओं की भीड़ भगवान जगरनाथ महाप्रभु की दर्शन के लिये उमड़ पड़ी। उन्होंने बताया की समसेरा के चन्दा गढ़ में जगरनाथ महाप्रभु का रथ मेला 100 वर्षो पूर्व से ही किया जा रहा है। इस रथ मेला में भरनो, समसेरा, करंजटोली, जामटोली, पंडरानी, महुआलोटी, रायकेरा, अमलीया, कैरों, कुम्हरों, मलगो, दुम्बो, पीपीरटोली, अम्बाटोली, डहुटोली, लालटोली, बूढीपाठ समेत आसपास के कई गांवो के हजारों श्रद्धालु चन्दा गढ़ में भगवान जगन्नाथ स्वामी की दर्शन में आते हैं। इस अवसर पर रथ मेला लगाया गया है, जहां हजारों की भीड़ उमड़ी है। चन्दागढ़ में रथ मेला में मिठाइयों खासकर जलेबी का आनंद हरेक व्यक्ति लेते हैं, मेला में खेल खिलौने की काफी आकर्षक दुकानें सजी है। जहां मेला में आये लोग खूब खरीददारी करते नजर आये।वहीं शाम के करीब पांच बजे जगरनाथ महाप्रभु अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ में बिराजमान होकर मौसीबाड़ी करंजटोली गांव पहुँचे, जहां रथ खिंचने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी।भगवान जगन्नाथ महाप्रभु मौसीबाड़ी में रहकर फिर से 9वीं दीन में वापस रथ में बिराजमान होकर घूरती रथ में वापस हो जाएंगे। रथयात्रा को लेकर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति खुद ही पुलिस पदाधिकारियों के साथ पुलिस जवानों ने रथ खिंचने एवं रथ यात्रा में विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर कमान संभाले रखे।

### सिसई में वर्ष में दो बार निकलती है रथयात्रा

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखंड के नागफेनी ग्राम के नागफेनी कोयल नदी के तट पर स्थित जगन्नाथ मंदिर नागफेनी परिसर में विराजमान जय जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा और भाई बलराम स्वामी की रथ यात्रा वर्ष में दो बार चलती है। पहली रथ यात्रा तिल संक्रांति त्यौहार के दिन और दूसरी रथ यात्रा आज चलीं हैं, जबकि आज जिला मुख्यालय स्थित करौंदी बगीचा (मालवीय नगर) परिसर में वर्ष में एक बार रथयात्रा के दिन ही भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम की रथयात्रा निकल जाती है जो अपने मौसी के घर में 9 कहते हैं। पश्चात पुनः अपने मंदिर में विराजमान हों जाते हैं। जिसे घूरती रंथ के नाम से जाना जाता है। आज प्रातः होते ही भगवान जगन्नाथ स्वामी बहन सुभद्रा और भाई बलराम का पुजारी द्वारा सनातन हिंदू धर्म के रीति रिवाज से और विधि विधान के साथ मंत्र उच्चारण के बीच भव्य पूजा एवं महा आरती को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उम्र पड़ी जो देर संध्या तक पूजा अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम की भाव्य रथयात्रा निकाली गई। जो वर्ष में एक बार अपने मौसीबड़ी में पहुंचकर प्रफुल्लित होते हैं।

### टिंगटांगर गांव में ऐतिहासिक रथ मेले का हुआ आयोजन, हजारों की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के टिंगटांगर गांव में ऐतिहासिक रथ मेले का आयोजन हुआ। जहां लोगों ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति एवं विकास की कामना की चैनपुर मुख्यालय से सटे टिंगटांगर गांव में ऐतिहासिक रथ में लगा आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 1000 से अधिक की संख्या में श्रद्धालु मेला पहुंचे श्रद्धालु सर्वप्रथम मेला परिसर में स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की पूजा अर्चना कर सुख शांति एवं समृद्धि की आशीर्वाद मांगी। मंदिर में पूजा के लिए पहले सुबह से ही मंदिर कपाट खोल दिया गया था, मंदिर का मुख्य पुजारी रामाकांत त्रिपाठी ने भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र बहन सुभद्रा पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मेले का आनंद उठाया मेला में पहुंचने वाले लोगों के लिए। मिठाइयां शृंगार खिलौने फल सहित विभिन्न प्रकार के दुकान सजे हुए थे। जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की पूजा के बाद संध्या 5:40 बजे भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को रथ में बैठ कर मौसी बड़ी तक पहुंचाया गया। रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी हुई थे, वहीं सुरक्षा को लेकर चैनपुर पुलिस प्रशासन अलर्ट दिखी चैनपुर एसडीपीओ अमिता लकड़ा, थाना प्रभारी अजय यादव, एसआई दिनेश कुमार, एसआई मदन शर्मा सहित पुलिस के जवान मंदिर परिसर में तैनात दिखे। इस मौके पर मुख्य रूप से पूजा समिति के अध्यक्ष बिलासदेव नायक, अजय नाग, मदन सिंह, बिलाश बड़ाईक, संजय भगत, दशरथ भगत, राजकुमार नायक सहित पूजा समिति के लोग शामिल थे।

## झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा लोहरदगा के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक सहकारिता भवन परिसर लोहरदगा में मुमताज अहमद की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से दिनांक 22 सितम्बर 2024 को जिला महासंघ लोहरदगा का सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन का स्वागताध्यक्ष-शैलेन्द्र कुमार सुमन, स्वागत सचिव-महेश कुमार चौहान, कोषाध्यक्ष-रउफ अंसारी तथा सदस्य के रूप में जिला महासंघ के सभी पदाधिकारी, संघों/यूनियनों के सभी जिलाध्यक्ष/सचिव तथा सभी सक्रिय कार्यकर्ता निर्वाचित किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि सम्मेलन में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिला तमाम राजपत्रित पदाधिकारियों एवं राज्य महासंघ के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाय। सम्मेलन में कुल 400 प्रतिनिधि एवं प्रेक्षक भाग लेंगे। बैठक में महेश कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार सुमन, मुमताज अहमद, मो0 जफर आलम, देवेन्द्र लाल दास, अजय कुमार सिंह, आनन्द कुमार सिंह, महातम यादव, धर्मेंद्र कुमार, रविशंकर आदि शामिल थे।

### कुडू में नहीं थम रहा जंगली हाथियों का आतंक

# फिर चार घरों को ढाहा, अनाज खाया, फसलों को किया बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू में हाथियों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है। पिछले लगभग एक माह से विभिन्न गांव में घूम रहे इन हाथियों ने लगभग तीन दर्जन घरों को तोड़ दिया और खेतों में लगी फसलों को नष्ट कर दिया है। सबसे अधिक नुकसान झुंड से बिछडे अकेले विशाल हाथी ने पहुंचाया है। शनिवार की रात एक बार फिर कुडू के बढमारा गांव में प्रवेश कर यह हाथी गांव के राजेन्द्र उरांव के घर को क्षतिग्रस्त कर घर मे रखे तीन बोरा बटुरा दाल खा गया, वही गांव के शिव सहाय उरांव, रविन्द्र यादव के घरों को क्षतिग्रस्त कर घर मे रखे अनाज चट कर गया। ज्ञात हो कि इससे पहले भी बिते सोमवार की रात हाथियों का झुंड इटरा बड़मारा में चार घरों को तोड़ डाला था। प्रतिदिन किसी न किसी गांव में हो रहे हाथियों के इस हमले से क्षेत्रवासियों की नींद उड़ी हुई है। खासकर सुदूरवर्ती और जंगलवर्ती इलाके में बसे गांव के लोगो को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग पूरी रात जागकर अपने घरों और फसलों की रखवाली करने पर मजबुर हैं। अब तो आलम यह है कि गांवों को छोड़ हाथियों का दल कुडू के रिहायशी इलाके में भी प्रवेश कर जा रहे है। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से हाथियों से निजात दिलाने और नुकसान कि भरपाई के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।



## न्यूज | बॉक्स

### गायत्री परिवार ने स्कूल मैदान में 41 आम के पौधे लगाए



**लोहरदगा।** 'तरुमित्र पूजन' के साथ रविवार को युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार के द्वारा सेन्हा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय,चांदकोपा के मैदान में 41 बीजू आम के 5-5 फिट ऊंचे पौधे का रोपण किया गया। पौधे की मवेशियों से सुरक्षा हेतु बांस के जाली बनाकर उसे घेराबंदी की गई। तरुमीत्र पूजन के अंतर्गत पेड़ लगाने से पहले पौधे का विधिवत पूजन एवं संरक्षण का संकल्प स्थानीय ग्रामवासियों के द्वारा लिया गया को समय समय पर खाद पानी,दीमक चींटी एवं गाय बकरी से उसकी रक्षा करेंगे। गांव के सदस्यों में बिनोद साहू, निवास साहू, अभय साहू, भोला साहू, रामोतार साहू, दयाशंकर साहू, रामजतनराम, बबलू राम, प्रजापति जी, बिपिन साहू, प्रवीण साहू, नवीन साहू ने पेड़ को बच्चे की तरह गोद लेकर देखभाल करने की बात कही है। चांदकोपा ग्राम के जागरूक गणमान्यों ने और भी अधिक से अधिक क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण हेतु अभियान प्रारंभ कर दिया है। इस महान कार्य हेतु गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ, लोहरदगा के जिला समन्वयक,युवा समन्वयक एवं उप समन्वयक अनिल कुमार, दुबराज मांझी, बिकास पासवान, सौरभ केशरी एवं युवा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक सह संस्थापक रितेश साहू ने सदैव सहयोग करने की बात कही है। पौधारोपण कार्यक्रम में पूजन रोपण एवं प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर संजू वर्मा, हिमांशु वर्मा, विनय वर्मा, रवि गुप्ता, प्रो गोविंद सही, प्रतिमा सही, इंदु देवी, आरती देवी समेत अनेकों गणमान्य का स्वागत तिलक वंदन एवं उनके हाथों पौधे का रोपण करा कर किया गया। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के द्वारा सुधाकर साहू के विशेष योगदान के लिए आभार प्रकट किया गया।

### चैनपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल के डुमरी थाना क्षेत्र के जिलिंग टोली गांव निवासी एतवा लोहरा ने चैनपुर थाना में अपने बेटी के साथ हुए। दुष्कर्म के मामले में दो युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसपर चैनपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिता के द्वारा थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि 6 तारीख को मेरी बेटी घर आई और मुझे एवं मेरी पत्नी को बताया की 5 तारीख को चैनपुर के डीपाटोली फाराअम्बा निवासी सस्तु लोहरा पिता चिरू लोहरा एवं उसी गांव के उमेश नायक पिता मोथो नायक अपने मोटरसाइकिल से मेरे गांव जिलिंग टोली आए। और मेरी बेटी को गाड़ी में बैठकर सस्तु लोहरा के घर ले गया जहां रात को दोनों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया किसी प्रकार मेरी बेटी उनके चुंगल से भागकर घर पहुंची और घटना की जानकारी दी। इधर चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव ने बताया कि लड़की के पिता के द्वारा आवेदन प्राप्त होने के पश्चात त्वरित कार्रवाई करते हुए। एक आरोपी उमेश नायक को गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं फरार सस्तु लोहरा को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### तालाब में तैरता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के चंदलासो पंचायत अंतर्गत कोकर पतरा टोली गांव के पास तालाब में रविवार की सुबह एक युवक का शव तैरता मिला। ग्रामीणों ने शव देख इसकी जानकारी कुडू थाना को दी। मृतक की पहचान चंदलासो पुरनाडीह निवासी स्व देवा उरांव के 32 वर्षीय पुत्र सुनील उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुनील शनिवार की रात घर से निकला था और वापस नही लौटा। सुबह ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि सुनील का शव उसके घर से करीब एक किलोमीटर के फासले पर कोकर पतरा टोली स्थित कुंवर उरांव के तालाब में तैरता मिला है। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट जैसे निशान हैं। जिससे परिजनों ने आशंका जताई है कि सुनील की हत्या की गई है। हत्या के बाद शव को तालाब में शव फेंका गया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया है और मामले की तफ्तीश में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा। समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा थाने में कोई आवेदन नही दिया गया है।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली गई रैली




**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का प्रखंड मुख्यालय जारी में झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के द्वारा विश्व ताम्बूकू निषेध दिवस के अवसर पर आज जारी गांव में नशा सेवन से मुक्त करने के उद्देश्य से रैली निकाली गई वही मौके पर उपस्थित देवकी देवी ने कहा कि आज गुमला जिला में युवाओं के द्वारा विभिन्न तरह का नशा सेवन किया जा रहा है उससे मुक्ति करने की उद्देश्य से यह रैली निकाला जा रहा है ताकि गुमला जिला को नशा मुक्ति बनाया जा सके उन्होंने कहा कि आज के युवा तरह-तरह के नशापन तंबाकू गुटखा सिकरेट डेंनराईट आदि नशीली पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। इस नशीली पदार्थ से से बचें और अपना और अपना परिवार को सुरक्षित रखे साथ ही कहा नशीली पदार्थ खुद के लिए तो अभिशाप है साथ ही साथ इससे परिवार भी बर्बाद होता है। मौके पर बेरोनिका मिंज,रेणुका टोप्पो अनिमा लकड़ा, एलीना मिंज, जयंती देवी, मारिया बेला केरकेट्टा, सविता देवी, रुखसार खातून, फुल मनी एक्का, शीलवंती एक्का आदि उपस्थित थे।

### पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर 70 वर्षीय वृद्ध ने की आत्महत्या

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना क्षेत्र के बिरकेरा डाडटोली नींव गन्दूर उरांव(70) ने रविवार को पेंड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक घर से कुछ दूर जाकर पेंड़ में फांसी लगाया था। चरवाहों ने गन्दूर को फांसी से झूलते देख ग्रामीणों को सूचना दिया था। मृतक आत्महत्या क्यो किया इसकी किसी को कोई जानकारी नहीं है, उक्त सूचना मिल ही सिसई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, उक्त घटनास्थल दलबल के साथ पहूंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

# एक नजर

## 15 जुलाई को अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा चाईबासा में : संजय पांडे

**चाईबासा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में विशेष बैठक जिला अध्यक्ष संजय पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संजय पांडे ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद पूरे राज्य के प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्र में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम करना तय किया गया है। चाईबासा विधानसभा में 15 जुलाई को अभिनन्दन सह विजय संकल्प कार्यक्रम करना तय किया गया है। कार्यक्रम संयोजक रामानुज शर्मा ने बताया कि 15 जुलाई को चाईबासा विधानसभा स्थित चाईबासा नगर, सदर, झींकपानी, टोंटो और हाटगम्हरिया मंडलों के बूथों में बढ़त लिए 7 बूथों के बूथ समिति, प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक को सम्मानित किया जाएगा।

## ईचा डैम को रद्द करने का अपना वादा पूरा करें चम्पाई सोरेन : संघ

**राजनागर।** राजनागर प्रखंड हेरमा पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम धोड़ाडीह में ईचा खरकई बांध विरोधी संघ कोल्हान ने जन जागरण सह जनांदोलन चलाया। पिछले कई महीनों से संघ द्वारा ईचा डैम को रद्द करने के लिए यह जनांदोलन कोल्हान के 87 गांव में चला कर लोगों जागरूक किया जा रहा है। झारखंड और ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जन आंदोलन को ग्रामीणों एवं डैम प्रभावितों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। अभियान को मजबूत नेतृत्व प्रदान करने के लिए ग्रामीण मुंडा, मानकी, ग्राम प्रधान को शामिल किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष बीर सिंह बुड़ीउली ने कहा कि संघ का एकमात्र लक्ष्य वर्षों पुरानी आदिवासी मूलवासी की मांग ईचा डैम रद्द करने की है। कोल्हानवासी डैम रद्द होने की प्रतीक्षा में हैं।

## उसरी बचाव अभियान के तहत पौधों का किया गया वितरण



**गिरिडीह।** रथ यात्रा के उपलक्ष्य में उसरी बचाव अभियान समिति के सदस्यों ने रविवार को हर घर वृक्ष लगाओ अभियान के तहत पौधों का वितरण किया। इस दौरान गिरिडीह के सर्कस मैदान में उसरी बचाओ अभियान समिति के सदस्य राजेश सिन्हा ने आम, नीम, जामुन, अमरूद समेत कई फलदार और छायादार वृक्ष लोगों के बीच बांटे और उन्हें अपने घरों के पास रोपण कर देखभाल करने की अपील की। इस बाबत राजेश सिन्हा ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने की जरूरत है इसलिए उनके द्वारा एक लाख वृक्ष गिरिडीह में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी के तहत लोगों को प्रेरित कर पौधे का वितरण किया जा रहा है। मौके पर प्रदीप रजक, उमाकांत, नौशाद आलम, सोमनाथ चटर्जी रमेश सिन्हा के साथ दर्जनों लोग मौजूद थे।

## लिपुंगा मुठभेड़ के दिन से लापता रांदो सिरका का अब तक नहीं चला पता

**सरायकेला।** गुवा थाना अन्तर्गत कोलायसाई गांव निवासी रांदो सिरका (20 वर्ष) 17 जून की सुबह से लापता है. अब तक उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है. रांदो सिरका की तलाश में उसके पिता बोंज सिरका एवं गांव के मुंडा चन्द्रमोहन सिरका तीन बार गुआ थाना का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन पुलिस उसके बारे में कुछ भी बताने को तैयार नहीं है. पुलिस सिर्फ इतना आश्वासन दे रही है कि पता चलने पर बताया जायेगा. 3बोंज सिरका व मुंडा चन्द्रमोहन सिरका ने बताया कि रांदो सिरका 17 जून की सुबह बैल-बकरी लेकर पास के कोल्हान जंगल में चराने गया था. उसी दिन अहले सुबह लिपुंगा गांव क्षेत्र के जंगलों में पुलिस व नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी, जिसमें पांच नक्सली मारे गये थे।

# विधि-विधान से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**गाजे - बाजे के साथ निकली रथयात्रा में जय जगन्नाथ के जयकार से गुंजायमान हुआ शहर**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** रथयात्रा के पावन अवसर पर शहर के आईसीआर रोड स्थित पुरातन शिवालय में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। काफी संख्या में लोग भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होने के लिए मंदिर परिसर पहुंचे। इस दौरान पुजारी सतीश मिश्रा के द्वारा पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की पूजा अर्चना की गई। साथ ही विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन, मिठाई आदि का भोग भगवान को अर्पित किया गया।

इसके बाद पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रह को माथे पर लेकर परिक्रमा किया गया। इसके बाद सुसज्जित रथ पर विराजमान कर रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए रथयात्रा मौसी बाड़ी अर्थात गांधी चौक स्थित छोटकी काली मंडा पहुंची। अब यहां अगले 7 दिनों तक पूरे विधि-विधान के साथ यहां पूजन आरती होगी। इसके बाद पंचांग के मुताबिक आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को भगवान वापस मंदिर में प्रवेश करेंगे। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। जय जगन्नाथ के जयघोष से शहर गुंजायमान हो उठा। झाल मजीरों और ढोल के थाप के साथ आतिशबाजी भी देखने को मिला। रथयात्रा में काफी संख्या में युवतियां भी शामिल रही। इस पावन अवसर पर जानकारी देते हुए आचार्य सतीश मिश्रा ने कहा कि इस बार थयात्रा के साथ रविवार का दिन और रविपुख्य नक्षत्र है। आज का दिन विशेष संयोग है। उन्होंने कहा कि आज के दिन भगवान के दर्शनमात्र से ही जन्म जन्मांतर के कष्ट मिट जाते हैं। रथ यात्रा को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था के भी चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। जगह- जगह पुलिस कर्मी तैनात थे।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या, जंगल में मिली शव

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिले में 24 साल के युवक की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में शनिवार को नौ लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों में 35 साल की विधवा महिला भी शामिल है। लगभग एक महीने पहले महिला और युवक का मोबाइल फोन को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसके बाद आरोपियों ने मिलकर युवक की हत्या कर दी। पटमदा के खेरूआ टोला पलमा का रहने वाला राजाराम सोरेन (24) का शव 10 जून को बोड़ाम के लायलयम जंगल से पुलिस ने बरामद की थी। पुलिस की जांच के बाद मामले का बोड़ाम पुलिस को सफलता हाथ लगी। मामले में पता चला कि अवैध संबंध के कारण राजाराम की हत्या योजना बनाकर की गई थी।

जांच में पता चला कि मृतक राजाराम का बोड़ाम की एक महिला के घर पर आना-जाना होता था। इसके बाद पुलिस ने उस महिला से पूछताछ की। पूछताछ में ही यह बात सामने आई कि राजाराम की हत्या योजना बनाकर की गई थी। उसकी पीट-पीट कर हत्या करने के बाद शव को जंगल के बीच जाकर फेंक दिया गया था।

## मुसीबत बनी बस टर्मिनल से गंडानाटा जाने वाली सड़क



**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की राजलाबांध पंचायत अंतर्गत पीडब्ल्यूडी चौक अवस्थित जिला परिषद बस टर्मिनल से गंडानाटा जाने वाली सड़क मुसीबत का पर्याय बन गई है। एक साल पहले स्वीकृत होने के बावजूद भी सड़क मरम्मत की दिशा में कोई पहल नहीं हुआ है। इस सड़क पर मोटरसाइकिल, साइकिल तो दूर की बात है पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। प्रतिदिन कई गांवों के ग्रामीण तथा स्कूली बच्चे आवागमन के लिये इसी सड़क पर निर्भर हैं। यह सड़क पाथरा तथा पूणार्पाणी पंचायत के लगभग पंद्रह गांवों को बहरागोड़ा मुख्य बाजार के साथ जोड़ती है। बरसात के इस मौसम में सड़क पर तालाबनुमा गड्ढे बन गये हैं।

# न्यूज बॉक्स

## बायपास सड़क निर्माण के नाम पर मानकी मुंडा स्वशासन प्रथा का उल्लंघन



**चाईबासा।** पुटीदा से रघुनाथपुर एनएच 75 ई चाईबासा बायपास सड़क निर्माण के नाम पर कोल्हान में प्रवृत्त पारंपरिक मानकी मुंडा स्वशासन प्रथा का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। जनजातीय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुसूची पांच राज्य और जिला में स्थानीय स्वशासन से परामर्श और पारंपरिक ग्रामसभा से सहमति प्राप्त करने के बाद ही बायपास सड़क निर्माण करने के लिए विज्ञापन प्रकाशित करना चाहिए। यह बातें रविवार को सदर प्रखंड तुईबीर गांव में खूंटकट्टी रैयत रक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित बैठक में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सन्नी सिंकु ने कहीं। सन्नी सिंकु ने कहा कि चाईबासा बायपास सड़क निर्माण करने के लिए केंद्रीय स्तर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग और भूमि संसाधन विभाग नोडल एजेंसी है। अनुसूची पांच के अंतर्गत आने वाले राज्य होने के कारण झारखंड के अनुसूचित जिला में आदिवासियों की जमीन अधिग्रहण करने के पहले राज्यपाल से सहमति प्राप्त करना आवश्यक है। आदिवासियों का जमीन अधिग्रहण करने के पहले उनका अनैच्छिक रूप से विस्थापन न हो, इसीलिए भूमि अधिग्रहण पुनर्वास पुनर्स्थापन प्रतिकर पारदर्शिता अधिनियम 2013 को अधिनियमित किया गया है। इसका उल्लंघन खुले तौर पर 15 जनवरी 2024 को विज्ञापन प्रकाशित कर किया गया है।

## घाटशिला में एनएच-18 पर कार ने टाटा 407 को मारी टक्कर, 5 घायल



**जमशेदपुर।** श्याम सुंदरपुर थाना के समीप एनएच 18 फोरलेन पर रविवार को एक कार ने टाटा 407 वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये जबकि दो युवती एवं एक अन्य युवक को भी चोट आई है। सभी कोलकाता से जमशेदपुर के मानगो जा रहे थे। घटना के संबंध में श्याम सुंदरपुर थाना के एएसआई देव कुमार प्रसाद ने बताया कि काफी तेज रफ्तार से युवकों ने स्विफ्ट डिजायर कार से 407 वाहन को ठोकर मार दी। हाईवे पेट्रोल एवं अन्य वाहन की मदद से पांचों घायलों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया। पांचों का इलाज डॉ मीरा मुर्मू ने किया। इस्माइल को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर किया उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल फजल खान तथा इस्माइल को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर किया गया है। इस दुर्घटना में कार चला रहे मानगो निवासी फजल खान को गंभीर चोट आई है। जबकि कार के आगे बैठी बारीडीह निवासी नंदनी कुमारी को हल्की चोट लगी है। पीछे बैठे मोहम्मद इस्माइल, बंटी सिंह एवं सिमरन कौर तीनों जमशेदपुर के जवाहर नगर एवं मानगो का रहने वाले हैं। पुलिस युवतियों से नंबर लेकर परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। परिजन के आने के बाद इन लोगों को परिवार के हवाले किया जाएगा। पुलिस को मामला संदिग्ध लगता है क्योंकि युवतियां अपने परिवार का सही नंबर नहीं दे रही हैं।

## बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, 12 चोरी की बाइक बरामद



**जमशेदपुर।** बमामाईंस पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में लाल बाबा फाउंड्री निवासी सतपाल सिंह और जुगसलाई निवासी अंकित सोनकर उर्फ छोटू शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कुल 12 चोरी की बाइक, बाइक चोरी करने के लिए इस्तेमाल में आने वाली मास्टर चाबी और चार वाहनों की फर्जी आरसी बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने अन्य जगहों से 7 लावारिस बाइक भी बरामद किया है जिसे बमामाईंस थाना क्षेत्र में लावारिस हालत में पाया गया। पुलिस मान रही है कि यह बाइक भी चोरी की है। रविवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि बीते कई दिनों से बमामाईंस में बाइक चोरी की घटना बढ़ गई थी जिसको देखते हुए एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने पहले सतपाल सिंह को गिरफ्तार किया जो बाइक चोरी करता था।

## सर्पदंश से 18 वर्षीय युवक गंभीर परिजन ले गए झाड़ग्राम

**जमशेदपुर।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के भारुडीह गांव निवासी विनोद हांसदा के 18 वर्षीय पुत्र कारु हांसदा को रविवार को घर के बाहर सांप काट लिया। आनन फानन में परिवार वाले कारु को लेकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डॉ मीरा मुर्मू ने जांच कर सांप काटने के लक्षण कारू में पाये। उसे 10 एंटी स्नेक वेनम दिया गया, इसके बाद तत्काल उसे बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर किया गया। परिवार वाले एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर न ले जाकर निजी वाहन से झाड़ग्राम के लिए रवाना हो गए।

# कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

वेटरन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड के गिरिडीह इकाई की एक बैठक सदर प्रखंड के सिरसिया में अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष नवीनकांत सिंह ने किया। जबकि बैठक में संगठन के सचिव अमित रंजन, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप शर्मा, आर के वर्मा, अजीत कुमार, अरविंद सिंह, रवि द्विवेदी, बीपी यादव, दशरथ किस्कू आदि उपस्थित थे। बैठक के दौरान कारगिल विजय दिवस के रजत अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि इस अवसर पर 26 जुलाई को एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बताया गया कि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बैठक के दौरान सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई।

# अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियान चलाएगी पुलिस

## ओवर स्पीड, काले शीशे और ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर चलेगा विशेष अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

शहर में कई ऐसे अवैध पार्किंग स्थल है जहां वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है. ऐसे में सड़कों में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वहीं बाइक चोर गिरोह ऐसे अवैध पार्किंग स्थलों का इस्तेमाल चोरी की बाइक को छुपाने में करते है। इसे लेकर पुलिस जल्द ही अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियान चलाएगी। एसएसपी किशोर कौशल ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पूरा खाका तैयार किया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सभी यातायात थाना प्रभारियों को आदेश दिया गया है कि वैध और अवैध पार्किंग स्थलों को



चिह्नित करें। इसके बाद उक्त स्थलों में खड़े वाहनों की सत्यापन करें। उन्होंने बताया कि जुगसलाई नगर परिषद, जेएनएसी और मानगो नगर निगम से ऐसे वैध और अवैध पार्किंग स्थलों की लिस्ट मांगी गई है।

### अस्थाई होंगे चेकिंग प्वॉइंट

एसएसपी ने बताया कि शहर में फिलहाल सीमित स्थल पर स्थाई चेकिंग प्वॉइंट है जिसकी जानकारी सभी को है। अब पुलिस कई अस्थाई चेकिंग प्वॉइंट पर जांच अभियान चलाएगी ताकि नियम की अनदेखी करने वालों को पकड़ा जा सके। पुलिस रैश ड्राइविंग करने वाले, कार में काले शीशे लगाने वाले और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। न्होंने बताया कि बिष्टुपुर और साकची थाना क्षेत्र में कई ऐसे बार हैं जो रात तक खुले होते हैं।

## दानपेटी से चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया चोर

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के चिल्ड्रेन पार्क स्थित राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को दानपात्र से दिनदहाड़े चोरी करते हुए पुजारी ने एक चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया. उसे लोगों के सहयोग से पुलिस को सुपुर्द कर दिया। मंदिर के पुजारी चंदन कुमार ने बताया कि पूजा कर रहे थे। तभी किसी ने आवाज दिया कि एक व्यक्ति दानपात्र और दीया को चोरी कर ले जा रहा है। दौड़कर लोगों की मदद से युवक को पकड़ लिया।

# भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आज से

**28 जुलाई 2024 की रात 11 बजे तक वायु सेना की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु पदों के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों की भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। भारतीय वायुसेना के अग्निवीर वायु के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 08 जुलाई, 2024 को आधिकारिक वेबसाइट अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन पर खुली रहेगी।

इसके अलावा, अग्निवीर वायु भर्ती के लिए उम्मीदवार 08 जुलाई 2024 सुबह 11 बजे से 28 जुलाई 2024 रात 11 बजे तक भारतीय वायु सेना की वेबसाइट पर लॉग इन कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस भर्ती में 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के बीच जन्मे अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित, भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ कला और वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ और अंग्रेजी विषय में भी 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है, या 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के लिए पात्र हैं। साथ ही, इच्छुक अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवार भर्ती से संबंधित सभी नियमों की जानकारी भारतीय वायुसेना की वेबसाइट से ले सकते हैं।

## चक्रधरपुर में करोड़ों की लागत से बना जेल, उद्घाटन से पहले ही भवन में दरार

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में कैदियों को रखने के लिए दूसरा जेल का निर्माण हो चुका है। इसकी रंगाई-पोताई का काम चल रहा है। चक्रधरपुर स्थित नेशनल हाईवे के पास यह जेल बना है। करोड़ों रुपये की लागत से इसका निर्माण हुआ है। जेल के उद्घाटन से पहले ही भवन में दरार पड़ने लगी है। बताया जाता है कि सरकार के करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी इसमें घटिया सामान का उपयोग किया गया है। इसकी वजह से दीवारों में अभी से दरार आ गई है। चाईबासा-रांची मुख्य मार्ग एनएच 75(ई) के किनारे चक्रधरपुर में करीब डेढ़ दशक पूर्व जेल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। लेकिन किसी न किसी वजह से इसका निर्माण कार्य हमेशा अधर में लटक रहा था। लेकिन इस बार जेल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और रंगाई पोताई का कार्य चल रहा है। अगस्त के अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बताया जाता है कि जेल के अंदर 300 कैदियों को रखने की क्षमता है।

## मेन मार्केट निवासी बच्चे की डिमना में करंट लगने से मौत

**जमशेदपुर।** किरीबुरु के मेन मार्केट निवासी सह कबाड़ी कारोबारी जीतेन गुप्ता का 8 वर्षीय पुत्र नेहाल गुप्ता की रविवार की सुबह करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना जमशेदपुर के डिमना क्षेत्र की बताई जा रही है। घटना की खबर पाकर मृतक के परिवार के अन्य सदस्य किरीबुरु से जमशेदपुर के लिये रवाना हो गये हैं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उक्त बच्चा डिमना क्षेत्र स्थित अपने आवास में परिवार के साथ रहता था। पास के मैदान में 7 जुलाई की सुबह खेलने गया था। उस मैदान में किसी लोहे के ग्रिल में करंट था। ग्रिल में बच्चा के सटने से करंट लग गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

# श्री लक्ष्मीनारायण की प्राण प्रतिष्ठा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ संपन्न



**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के पांचवें और अंतिम दिवस रविवार को श्री लक्ष्मीनारायण, शिव परिवार, हनुमान जी, मां काली की प्रतिमाओं की मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई. प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन के साथ ही यज्ञ की पूर्णाहुति हुई. इस पांच दिवसीय महायज्ञ के प्रमुख यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक और श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक सरयू राय रहे। साथ ही स्थानीय लोग भी यजमान बने। प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अब आम लोग मूर्तियों का पूजन-दर्शन कर सकेंगे। यज्ञ की समाप्ति के हजारों लोगों ने महाभोग ग्रहण किया। पांच दिनों तक चले इस प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ में हजारों लोग शामिल हुए। इन पांच दिनों में महायज्ञ परिसर का पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। मंदिर परिसर में एक यज्ञवेदी बनाया गया था। समस्त धार्मिक अनुष्ठान वहीं संपन्न हुए। वहीं पांचों दिन रामधुन गाने वाले गायकों का दल निरंतर रामधुन गाता रहा। पांच दिनों तक चले इस महायज्ञ को सफल बनाने में सर्वश्री आशुतोष राय, हरेराम सिंह, अनिकेत सिंह, असीम जी, मुकेश सिंह, राघवेंद्र सिंह, पप्पू सिंह आदि की महती भूमिका रही। यह पूरा महायज्ञ बेगूसराय से पधारे प्रख्यात पंडित गौरीशंकर ठाकुर जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।.

डेवलपर को 48 माह में देना था फ्लैट, 13 वर्ष में भी अधूरा

## दिप्ती कंस्ट्रक्शन पर टाटा स्टील के कर्मियों की सोसायटी सम्पूर्ण सहकारी समिति के सदस्यों ने लगाया आरोप

**जमशेदपुर।** मांझी टोला में टाटा स्टील के 16 कर्मचारियों ने एक साथ 36 कट्ठा जमीन 1983 में खरीदकर सम्पूर्ण सहकारी समिति बनाई। जिसके बाद कर्मचारियों ने जमीन को डेवलप करने के लिये 25 अप्रैल 2011 को दीप्ती कंस्ट्रक्शन के विनय चौबे के साथ एग्रीमेंट किया। इसके तहत उस जमीन पर सद्गुरु अपार्टमेंट्स नामक फ्लैट बनाया गया है। एग्रीमेंट के तहत 48 माह में कर्मचारियों को फ्लैट बनाकर देना था। लेकिन 13 साल में डेवलपर ने अधूरा अपार्टमेंट्स बनाकर रखा है। रविवार को यहां आयोजित प्रेसवार्ता में टाटा स्टील के कर्मचारियों की सोसायटी के सदस्यों ने उक्त आरोप लगाए।

# कोयला ट्रांसपोर्टिंग का मजदूरों ने किया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

गोबिंदपुर क्षेत्र अन्तर्गत खरखरी कोलियरी भूमिगत खदान से सटे कोलडंप में रविवार को कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिये पहुंचे तीन हाइवा एवं एक पेलोडर को असंगठित मजदूरों के विरोध के कारण खाली लौटना पड़ा. मजदूर मैनुअल लोडिंग की मांग कर रहे थे। कहा जा रहा है कि सुबह लगभग 7:30 बजे एक साथ तीन हाइवा एवं एक पेलोडर कोलडम्प में दाखिल होने की खबर मिलते ही आसपास के दर्जनों असंगठित मजदूर कोलडंप में आ धमके। प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। मजदूरों के तेवर को देखते हुए कोलडंप में दाखिल हुए सभी वाहनों को वापस लौटना पड़ा।

इस मौके पर मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन मजदूर विरोधी नीति के तहत लोकल सेल को बंद कर मशीन से कोयला लोडिंग करके कोयला ट्रांसपोर्ट करना चाहती है, जो असंगठित मजदूरों के साथ सरासर अन्याय है।

कहा कि प्रबंधन की इस नीति के कारण असंगठित मजदूर भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। प्रबंधन की इस मजदूर विरोधी नीति को सफल नहीं होने दिया जाएगा। बताते चलें कि कोलडंप में लगभग एक हजार टन कोयला पड़ा हुआ है। खरखरी कोलयरी भूमिगत खदान में कोयले का उत्पादन नहीं के बराबर है, जिससे पिछले छह माह से कोयले का उठाव नहीं हो पाया है। इधर पिछले 15 दिनों से सुरक्षा कारणों को लेकर डीजीएमएस द्वारा मजदूरों को खदान के अंदर जाने पर रोक लगाई गई है। मामले में श्रमिक संगठनों के कथनानुसार प्रबंधन की साजिश और संसाधनों की कमी के कारण उक्त खदान बंदी के कगार पर पहुंच गई है।

## इटकी में जगन्नाथ रथयात्रा की धूम





**इटकी।** इटकी में सोमवार को धूमधाम से रथयात्रा निकाली गई। इटकी जगन्नाथ मंदिर से रथ को श्रद्धालुओं ने खींचकर मौसीबाड़ी पहुंचाया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# नवनिर्मित पुल के नीचे से अनावश्यक मिट्टी और बोल्डर को हटाया जाए : ग्रामीण

**अनावश्यक मिट्टी के जमाव ने नदी की धारा को किया है बाधित, कई किसान प्रभावित**



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

एनएच 31 स्थित जवाहर घाट पुल निर्माण के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी अपनी जिम्मेवारी समाप्त कर ली है. पुल निर्माण के बाद पुल के नीचे अनावश्यक रूप से रखा गया मिट्टी और बोल्डर पुल के नीचे ऐसे ही छोड़ दिया गया है। जिससे नदी की धारा का बहाव बाधित हुआ है। जिसे स्थल निरीक्षण से स्पष्ट देखा जा सकता है। पानी के बहाव बाधित होने से पुल के दूसरे छोर (जामुखाडी) को ओर पानी का स्तर घटा है। इसका सीधा प्रभाव स्थानीय किसानों के खेतों में हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पहले यहां गर्मी के मौसम में भी खेतो में फसल लहलहाता था। परंतु पुल बनने के बाद पानी में कमी आई है, जिससे सिंचाई प्रभावित हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने एनएचएआई के अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए पुल के नीचे अनावश्यक मिट्टी और पत्थर जमाव को हटाने की मांग किया है। मामले के संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नही होने के कारण उनकी प्रतिक्रिया नही ली जा सकी है।

सुप्रभात

**भरोसा खुदा पर है तो जो लिखा है तकदीर में वही पाओगे, भरोसा अगर खुद पर है तो खुदा वही लिखेगा जो आप चाहोगे : स्वामी**

# नेताओं केअमर्यादित बयान

***आजकल*** एक चलन सा हो गया है कि बिना जिम्मेदारी के मनमाना बयान देकर कुछ दिनों की सुर्खियां बटोरीं जाएं। पूर्व गृह मंत्री जो पेशे से वरिष्ठ वकील भी हैं पी चिदंबरम की टिप्पणी से राजनीतिक गलियारों में हलचल मची है। तीन नए आपराधिक कानूनों पर पी चिदंबरम की तीखी टिप्पणियों पर आपत्ति जताते हुए उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री के बयान को 'अक्षम्य' करार दिया और मांग की कि पूर्व केंद्रीय मंत्री को अपना 'अपमानजनक और बदनाम करने वाला बयान वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब सुबह मैंने एक प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक को दिए गए चिदंबरम के साक्षात्कार को पढ़ा तो मैं शब्दों से परे चौंक गया, जिसमें उन्होंने कहा कि नए कानूनों का मसौदा अंशकालिक लोगों द्वारा तैयार किया गया था। क्या हम संसद में पार्ट टाइमर हैं? यह संसद के विवेक का अक्षम्य अपमान है। श्री धनखड़ ने कहा कि क्या हम संसद में अंशकालिक हैं? संसद के विवेक का अक्षम्य अपमान हैं। मैं शब्दों से परे स्तब्ध हूं। कृपया उन दिमागों से सावधान रहें जो जानबूझकर एक रणनीति के रूप में, कथा के माध्यम से, हमारे देश को नीचा दिखाने, हमारी संस्था को नीचा दिखाने, हमारी प्रगति को धूमिल करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि वे आलोचना के लिए आलोचना में लगे रहते हैं। मेरे पास इतने मजबूत शब्द नहीं हैं कि मैं इस तरह की कहानियों की निंदा कर सकूं। एक सांसद को अंशकालिक करार दिया जा रहा है। मैं इस मंच से उनसे अपील करता हूं कि कृपया इस अपमानजनक, और सांसदों के प्रति अत्यधिक अपमानजनक टिप्पणी को वापस लें। मुझे आशा है कि वह ऐसा करेगा। पूर्व गृह मंत्री ने कहा कि दीर्घावधि में, तीन कानूनों को संविधान और आपराधिक न्यायशास्त्र के आधुनिक सिद्धांतों के अनुरूप लाने के लिए उनमें और बदलाव किए जाने चाहिए। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने ब्रिटिश काल के क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान ले लिया है। चिदंबरम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''तथाकथित नए कानूनों का 90-99 फीसदी अंश कांट-छांट करने, नकल करने और इधर से उधर चिपकाने का काम है। यह काम मौजूदा तीन कानूनों में कुछ बदलाव करके किया जा सकता था लेकिन यह व्यर्थ कवायद बना दी गयी।'' उन्होंने कहा, ''हां, नए कानूनों में कुछ सुधार किए गए हैं और हम उनका स्वागत करते हैं। उन्हें संशोधन के रूप में पेश किया जा सकता था। दूसरी ओर, कई प्रतिगामी प्रावधान भी है। कुछ बदलाव प्रथम दृष्टया असंवैधानिक हैं।'' आजकल ऐसे बयान संसद से लेकर सड़क पर दिए जा रहे हैं जिससे न सिर्फ आलोचना का स्तर गिरा है बल्कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के नेता हिंदुओं की तरह व्यवहार नहीं करते क्योंकि वे हर समय 'हिंसा और नफरत' में लिप्त रहते हैं। उनके इस बयान पर सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों ने भारी विरोध जताया। गांधी ने विभिन्न धर्मों के देवी-देवताओं और प्रतीकों की तस्वीरें दिखाते हुए कहा, 'शिवजी कहते हैं, डरो मत, डरो मत , अभय मुद्रा दिखाते हैं (दाहिना हाथ सीधा रखते हुए हथेली बाहर की ओर रखते हैं), अहिंसा की बात करते हैं, लेकिन जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे नफरत, हिंसा और असत्य में लिप्त रहते हैं। 'पहले भी राहुल गांधी के बयानों से अतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत सरकार को फजीहत का सामना करना पड़ा, जिससे उबरने के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। भारतीय विदेश मंत्रालय राहुल गांधी के बयानों से उबरा ही था कि पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने पूर्व गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे द्वारा दिया उक्त बयान को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में इस्तेमाल किया है, जिसमें पूर्व गृहमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक को भारत में आंतक की फैक्टरी तैयार करने वाला एक संगठन करार दिया था। अपने संबोधन में इमरान खान ने संघ की तुलना हिटलर और मुसोलिनी के राजनीतिक दलों से की है। बयानबाजी में भाजपा नेता भी पीछे नहीं 2018 में बार-बार की नसीहत के बावजूद छपने और दिखने की प्रवृत्ति के कारण बयानबाजी करते रहे नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिर से आगाह किया। उन्होंने कहा कि जिसकी बोलने की जिम्मेदारी है, सिर्फ उसे ही बोलने दें।

इन दिनों

# आप कब शुरू करेंगे छोटे और मोटे अनाज का भोजन



आर.के. सिन्हा

***कुछ*** ही दिन पहले हिन्द महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के त्रिवेणी संगम पर स्थित कन्याकुमारी के स्वामी विवेकानंद परिसर के विशाल सभागार में आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयोजित 'इंटरनेशनल आयुष समिट' का तीन दिवसीय आयोजन हुआ था, जिसका 'की नोट स्पीच' मैंने दिया था और समारोह का उद्घाटन केरल के माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान साहब ने किया। मेरा पूरा व्याख्यान रोगों से बचाव में छोटे और मोटे अनाज यानी मिलेट्स की उपयोगिता को लेकर ही था। मैंने उपस्थित सैकड़ों डॉक्टरों और विभिन्न मेडिकल कॉलेज के छात्रों से यही कहा कि आप अच्छे डॉक्टर मात्र बड़ी कम्पनियों की अच्छी और महंगी दवाइयां लिखने भर से नहीं कहे जायेंगे, बल्कि अच्छे डॉक्टर बनने के लिए आपको अपने मरीजों को यह भी बताना होगा कि वे जिस रोग से ग्रसित हैं, वे रोग उन्हें हुये क्यों और उससे बचा कैसे जा सकता है। यदि डॉक्टर रोगों की प्रतिरोधक क्षमता तैयार करने वाले छोटे और मोटे अनाजों के गुणों को ठीक से समझ लें तो उनका, उनके मरीजों का और पूरे समाज को भारी फायदा होगा। छोटे और मोटे अनाज सिर्फ प्रोटीन और फाइबर ही नहीं देते बल्कि, खाने वाले को शरीर में उत्पन्न हो रहे रोगों का निदान भी करते हैं क्योंकि, मोटे और खासकर छोटे अनाज के फाइबर (रेशे) मानव शरीर की सभी प्रमुख अंगों के कोशिकाओं या सेल्स को साफ भी करते हैं। यदि आप हाल के दिनों में दिल्ली गए हों तो देखेंगे कि राजधानी दिल्ली में भारत सरकार के बहुत से बड़े-बड़े दफ्तर निर्माण भवन, शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन आदि भवनों से चलते हैं। जाहिर है, जहां पर हजारों मुलाजिम काम करेंगे और रोज सैकड़ों बाहरी लोगों का भी आना-जाना लगा रहेगा, वहां पर कैंटीन तो होगी ही। पर निर्माण भवन की कैंटीन ने अपने को बदला है। वहां पर अब मोटे और छोटे अनाज से तैयार होने वाले पकवान भी परोसे जाने लगे हैं। हालांकि पिछले सात दशकों से यहाँ मात्र गेहूं और मैदे की बनी पकवानें ही मिला करती थीं। यह एक तरह से यह वर्त्तमान मोदी सरकार की संकल्प शक्ति और दृढ़ इच्छा का ठोस संकेत है कि चालू वर्ष 2023 को चूँकि विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया गया जिसने मोटे और छोटे अनाज के प्रति जागृति पैदा कीक अतः खान-पान में एक व्यावहारिक बदलाव की शुरूआत हुई और कोशिश यही रही कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष नाम भर का नहीं रह जाये। इसका प्रस्ताव भारत ने ही दिया था और भारत के इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 मार्च 2021 को अपनी स्वीकृति दे दी थी। इसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मोटे और छोटे अनाज के उत्पादन और खपत के प्रति जागरूकता पैदा करना ही था। दरअसल मोटे और छोटे अनाजों में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं। बीटा-कैरोटीन, नाइयासिन, विटामिन-बी6, फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जस्ता आदि से भरपूर इन अनाजों को सुपरफूड भी कहा जाता है। ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), मक्का, जौ, कोदो, सामा, सांवा, कंगनी, कुटकी चीना आदि जिसे लघु घान्य या 'श्री धान्य' या 'श्री अन्न' भी कहा जाता है,



मोटे और छोटे अनाज की श्रेणी में आते हैं। लघु धान्य या कुटकी, कांगनी और साँवा जैसे अनाज मिलेट्स यानी छोटे अनाज होते हैं। इनका सेवन करने से हड्डियों को मजबूती मिलती है, कैल्शियम की कमी से बचाव होता है, ज्यादा फाइबर होने से पाचन दुरुस्त रहता है, वजन कंट्रोल होने लगता है, दुबले-पतलों का वजन कुछ बढ़ जाता है तो ज्यादा वजन वालों का घट कर बी.एम.आई. (बॉडी मास इंडेक्स) के स्तर पर घट जाता है कएनीमिया का खतरा कम होता है, यह डायबिटीज तथा दिल के रोगियों के लिए भी यह उत्तम माना जाता है। जब इन दोनों रोगों की चपेट में लगातार लोग आ रहे हैं तब छोटे और मोटे अनाज का सेवन संजीवनी बूटी का काम कर सकता है। शादियों के सीजन में तो हर रोज भारी संख्या में विवाह हो रहे हैं। आपको भी विवाह समारोहों में भाग लेने के निमंत्रण मिल ही रहे होंगे। अगर विवाह के कार्यक्रमों में भी छोटे और मोटे अनाज से तैयार कुछ व्यंजन अतिथियों को परोसे जाएं, तो यह एक शानदार पहल होगी। आखिर हम कब तक वही खाएंगे, जो खाते चले आ रहे हैं और बीमार पड़ते चले जा रहे हैं। आज विश्व भर में सारी बीमारियों की जड़ गेहूं है। मैं सलाह देता हूँ कि पाठक गूगल पर सर्च करके एक पुस्तक 'वीट बेली' यानी 'गेहूं की तोंद' नामक पुस्तक को डाउनलोड कर लें जिसने पूरे अमेरिका और यूरोप में तहलका मचाया हुआ है। 'वीट बेली' अमरीकी वैज्ञानिकों द्वारा शोध के उपरांत तैयार एक ऐसी पुस्तक है जिसमें यह सिद्ध किया गया है कि गेहूं में पाया जाने वाला 'ग्लूटेन' नाम का रसायन डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मानसिक बीमारियों के साथ-साथ मोटापे की भी मुख्य वजह है। गेहूं छोड़िये और वजन घटाइए। अभी हम जिस गेहूं से पका हुआ भोजन कर रहे हैं, उससे हमारी सेहत बिगड़ रही है। देखिए अब देश वासियों को अपनी जुबान से ज्यादा अपनी सेहत पर तो ध्यान देना ही होगा। वह तब ही संभव है जब हम छोटे और मोटे अनाज को अपने भोजन का हिस्सा बनाने लगेंगे। अब इस लिहाज से देरी करने का समय नहीं रह गया है। देरी से नुकसान ही होगा। देरी छोड़िये, अपना स्वास्थ्य सुधारिये! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चाहते हैं कि भारत छोटे और मोटे अनाज का वैश्विक केंद्र बने और छोटे और मोटे अनाज को 'जन आंदोलन' का रूप दिया जाए।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## काव्य कोना

### यथार्थ से दूर

चिलचिलाती धूप में
परिन्दे भी थक के सो गये
फिर यह आवाज कैसी
लोहे पर लोहा पटकने का
किसकी क्षुधा की ज्वाला शान्त होना चाहती है व्यवधान डाल रही गंभीर मंत्रणा में वातानुकूलित कमरे में नियोजित। सिर्फ और सिर्फ उनके लिए रेगिस्तान के तपते धूप में
भींगते बरसात में
कंपकंपाती ठंड में
न ठौर-न ठिकाना जिसका
भाग्य निर्धारण करना है उनका
घिरें सपने में सोने की चहार-दीवारी
के पर लग जाये परिन्दे के
देखें आसमां में हरदम, यथार्थ से हट
कर कोशिश है!

**- नाग मणि**

## आपकी बात

# हिंदुओं को हिंसक ठहराने वाले राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द की जाए : राष्ट्र सेवा फाउंडेशन



सुनील कुमार सिंह

***राष्ट्र*** सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हाल हीं में संसद में हुई एक चर्चा के दौरान प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदू समुदाय के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने हमें और करोड़ों हिंदुओं को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने हिंदुओं को हिंसक, झूठ और नफरत फैलाने वाला कहा है। इस बयान से हमारे साथ-साथ देशभर के करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। इस कारण देशभर में हिंदुओं के बीच आक्रोश की लहर उठी है। यह बयान लोकसभा से टीवी चैनलों द्वारा सीधे प्रसारित होने के कारण विश्व भर के लोगों तक पहुंचा है, जिससे सहिष्णु हिंदू समाज की बदनामी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेता राहुल गांधी या उनकी पार्टी द्वारा ऐसा बयान पहली बार नहीं दिया गया है, इससे पहले भी कांग्रेस ने भगवा आतंकवाद या हिंदू आतंकवाद की संकल्पना प्रसारित करने की कोशिश की है। कांग्रेस हमेशा से वैश्विक स्तर पर हिंदू समाज को बदनाम करने का प्रयास करती आई है। राहुल गांधी का मंदिरों में जाना और हाथ पर कलेवा जैसे पवित्र धागा को बांधना यह केवल धोखा था, यह सिद्ध हो चुका है। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक में कश्मीरी हिंदुओं को कश्मीर से किसने विस्थापित किया? कौन से समुदाय ने यह विस्थापन किया, क्या राहुल गांधी यह बताएंगे? सर तन से जुदा का फतवा जारी करके देश भर में कई हिंदुओं की हत्या करने वाले कौन थे, क्या राहुल गांधी यह बताएंगे? मणिपुर में हजारों सहिष्णु मितई समाज पर हमला करके उन्हें विस्थापित करने वाले कौन थे, क्या राहुल गांधी कभी यह बताएंगे? वर्ष भर में श्रीरामनवमी, हनुमान जयंती, नवरात्रि, महाशिवरात्रि, हिंदू नववर्ष आदि हिंदू त्योहारों के समय पत्थर बाजी करने वाले, हिंदुओं की हत्या करने वाले, देवताओं की मूर्तियां तोड़ने वाले कौन थे, इस पर राहुल गांधी कभी क्यों नहीं बोलते? संपूर्ण विश्व जिहादी आतंकवाद से त्रस्त है, लाखों लोग इस में मारे गए हैं, लेकिन इस आतंकवाद का रंग कौन सा है, इस पर राहुल गांधी कभी क्यों नहीं बताते? सर्वाधिक प्राचीन हिंदू धर्म सहिष्णुता के कारण ही अन्य पंथियों की तरह कभी साम्राज्य विस्तार या धर्मांतरण के लिए किसी पर हमला नहीं किया है। बल्कि वैश्विक हिंदू समाज आज सार्वभौमिक शांति और कल्याण की विचारधारा के लिए जाना जाता है। वसुधैव कुटुंबकम या संपूर्ण जगत एक परिवार है इस सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करता है। इस समाज को हिंसक, झूठा, द्वेषपूर्ण या आतंकवादी के रूप में लेबल करना उसकी छवि को खराब करने का प्रयास है। कहा कि एक राष्ट्रीय स्तर के नेता का यह बयान अत्यंत अनुचित और समाज में फूट डालने वाला है। साथ ही, हिंदू समाज के विरुद्ध देश भर में घृणा और द्वेष का माहौल तैयार हुआ है। इस आपत्तिजनक बयान से देश की एकता को धक्का पहुंचा है। देश की समरसता और शांति के लिए यह एक बड़ा अवरोधक बन गया है। इस पर राहुल गांधी द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण यह स्वीकार्य है। इसलिए उन्हें हिंदू समाज से सार्वजनिक और बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, लोकसभा में लोकसभा सदस्यता की शपथ लेते समय सभी के साथ समभाव से व्यवहार करने की शपथ ली जाती है। राहुल गांधी ने इस शपथ का उल्लंघन किया है। इसलिए, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होना अत्यंत आवश्यक है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**(अध्यक्ष राष्ट्र सेवा संगठन, दलादिली चौक रिंग रोड रांची)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

## धर्म

# भारत राष्ट्र के एकत्व और सामाजिक समरसता के प्रतीक भगवान जगन्नाथ का मंदिर



रमेश शर्मा

***उड़ीसा*** प्राँत के पुरी में विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर भारत राष्ट्र के एकत्व और सामाजिक समरसता के प्रतीक इस मंदिर का इतिहास बहुत-उतार चढ़ाव से भरा है। विध्वंस और पुनर्निर्माण का संघर्ष अयोध्या के बाद इसी मंदिर का है। यह रथयात्रा और पुरी का जगन्नाथ मंदिर ऐतिहासिक सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि पुरी मंदिर का निर्माण दो सौ वर्ष ईसा पूर्व हुआ था। आदि शंकराचार्य जी द्वारा स्थापित चार धर्म पीठों में एक पीठ पुरी में भी स्थापित है। यह ऋग्वेदी पीठ है और गोवर्धन मठ के नाम से जानी जाती है। पुरी के विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ जी मंदिर से रथयात्रा आरंभ होती है। इस मंदिर में जगन्नाथ जी के रूप में भगवान कृष्ण, उनके बड़े भ्राता बलभद्र जी और बहन सुभद्रा जी की प्रतिमा स्थापित हैं। भगवान जगन्नाथजी अपने बड़े भाई बलभद्र जी और बहन सुभद्रा के साथ प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को तीन रथों में सवार होकर गुन्डिचा मंदिर जाते हैं। यह मंदिर यहाँ से तीन किलोमीटर दूर है। वहाँ कुछ दिन रुककर आषाढ़ शुक्ल पक्ष दसवीं को लौटते हैं। इस वर्ष यात्रा सात जुलाई को आरंभ हो रही है और इसका समापन 16 जुलाई को होगा। सामान्यतः यह रथ यात्रा पन्द्रह दिन की होती है लेकिन इस वर्ष तिथियों में कुछ परिवर्तन है, इस कारण दो दिन कम रहेंगे। यात्रा के लिए भगवान जगन्नाथ जी नंदीघोष नामक रथ में विराजमान होंगे। उनकी ध्वजा का नाम त्रैलोक्य मोहिनी है। इस रथ का रंग हल्का लाल पीला होता है। इसमें 16 पहिए होते हैं। रथ की ऊंचाई 44.2 फीट होती है। बलभद्र जी के रथ की ध्वजा ताल ध्वज है। इस रथ की ऊंचाई 43.2 फीट होती है। इसमें 14 पहिये होते हैं। सुभद्रा जी का रथ 42 फीट ऊंचा होता है। इस रथ की ध्वजा का नाम दर्प दलन है। सबसे आगे बलभद्र जी का रथ, उनके पीछे सुभद्रा जी का रथ और फिर भगवान जगन्नाथ जी का रथ होता है। रथ के सारथी दारूक और द्वारपाल जय विजय होते हैं जबकि संरक्षक गरुढ़ जी हैं। इन रथों को 50 मीटर लंबी रस्सियों द्वारा हाथ से खींचा जाता है। रथ खींचने केलिये मानों स्पर्धा हो जाती है। वहाँ उपस्थित लाखों श्रृद्धालुओं में सभी रथ खींचकर पुण्य लाभ लेना चाहते हैं। सबसे पहले बलराम जी का रथ खींचा जाता है, फिर देवी सुभद्रा का और फिर भगवान जगन्नाथ का रथ होता है।

**पुरी के विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ जी मंदिर से रथयात्रा आरंभ होती है। इस मंदिर में जगन्नाथ जी के रूप में भगवान कृष्ण, उनके बड़े भ्राता बलभद्र जी और बहन सुभद्रा जी की प्रतिमा स्थापित हैं।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से

**CA CK Mishra**
16 m ·

सैनिक की पत्नी होना बड़ा साहस का काम है ,और उतना ही साहस होना चाहिए उसके बाद कोई सम्मान लेने में. आपके... See more



5 · 1 comment
Like · Comment · Send · Share

## X - से

**Dhruv Rathee (Parody)** @dhruvr... · 1d
It's time to Support BSNL and boycott Jio and others overpriced networks.

Type #bsnl_में_पोर्ट_करो & #BoycottJio in the comments.

Target - 5000 Comments

#BSNL4G #BSNLNetwork




1.9K · 7.9K · 25K · 847K

## बोधि वृक्ष

# 400 साल पुराना है रानी सती का यह मंदिर

**ऐसे पहुंचे** झुंझुनू बस स्टैंड से रानी सती मंदिर के लिए ऑटो रिक्शा लें। दूरी तीन किलोमीटर है। ऑटो रिक्शा वाले 10 रुपये किराया लेते हैं। रेलवे स्टेशन से मंदिर की दूरी 2 किलोमीटर है। वहीं शहर के गांधी चौक से मंदिर की दूरी महज एक किलोमीटर है। आप ऑटो रिजर्व करके भी मंदिर जा सकते हैं। अगर एक दिन रुकना है तो रानी सती मंदिर के स्वागत कक्ष पर आवास के लिए भी आग्रह कर सकते हैं।



**(समाप्त)**

# भावना, शोषण और त्रासदी



गिरीश्वर मिश्र

***आज*** के जटिल तनावों के बीच साधारण आदमी मन की शांति भी चाहता है और अपनी तमन्नाओं को फलीभूत भी करना चाहता है। इन दोनों कामनाओं की पूर्ति के लिए वह भटकता रहता है। उस मनस्थिति में अगर कोई उठ कर हाथ थामने का स्वाँग भी भरे तो बड़ी राहत मिलती है। कुछ ऐसा ही हुआ जब भक्ति, समर्पण और जीवन में उत्कर्ष की आकांक्षा लिए निष्ठा के साथ इकट्ठा हुए श्रद्धालु भक्तों के हुजूम के बीच अचानक हुई भगदड़ के दौरान बीती दो जुलाई को सवा सौ लोगों को असमय ही अपनी जानें गंवानी पड़ी और बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए। यह विचलित कर देने वाला दुखद हादसा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक छोटे से शहर हाथरस के एक गांव में हुआ। यह मानवीय त्रासदी जनता, धर्म गुरुओं, उपदेशकों और जन-व्यवस्था के लिए ज़िम्मेदार सरकार सब के सामने कई तरह के सवाल छेड़ गई। आज इक्कीसवीं सदी के ज्ञान युग में विकसित भारत का दम भरने वाले, विश्व की तीसरी अर्थ व्यवस्था का सपना संजोने वाले हम सब को विचार के लिए बाध्य कर रही है। हमें सोचना होगा और व्यवस्था में सुधार लाना होगा। सामाजिक स्तर पर मानसिकता में सुधार की भी गुंजाइश है। राजनीतिक और सामाजिक विमर्श में तर्क, वैज्ञानिक बोध और आध्यात्मिकता के महत्व की अनदेखी नहीं की जा सकती। सब कुछ धन सम्पदा और अर्थ से ही नही चलेगा - न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यः। हम सब मानव स्वभाव की रीति-नीति और उतार चढ़ाव को विस्मृत नहीं कर सकते। इस भीषण दुर्घटना के नायक सूरजपाल सिंह जाटव उर्फ. परमात्मा भोले बाबा नारायण साकार हरि नामक शख़्स है। अब तक मीडिया में आई जानकारी के अनुसार यह एक भूतपूर्व सजायाफ़्ता पुलिस कर्मी और वर्तमान में स्वघोषित और स्वयंभू धर्म गुरु हैं जो जनता के आध्यात्मिक मार्ग दर्शक बन कर लोकोपकार में जुटे हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जातियों और गरीबों के बीच उनहोने उद्धारकर्ता के रूप में अपनी अच्छी खासी मसीहाई कि स्म की छवि बना ली है। भोली-भाली गरीब जनता में प्रसिद्धि फैली हुई है कि साकार हरि के आश्रमों में लगे हैंड पम्प से निकलने वाला पानी अनेकानेक रोगों की दवा है। इसी तरह उनकी चरण-धूलि की भी प्रसिद्धि है। उसे स्वास्थ्यवर्धक, कल्याणकारी और विघ्न विनाशक घोषित किया गया है। आज एटा, मैनपुरी, कासगंज तथा आगरा आदि कई स्थानों पर भोले बाबा के आश्रम बन गए जहां उसके अनुयायियों ने गुरु के लिए सर्वसुविधासम्पन्न आलीशान व्यवस्था बना दी है। स्वयं साकार हरि सफेद सूट धारण करते हैं और आधुनिक रुचि की वस्तुओं के शौकीन हैं। अपनी भव्य प्रस्तुति में वह ईश्वरीय सत्ता को उपस्थित करते हैं और अधर्म के नाश को अपना उद्देश्य बताते हैं। आम जनता में वे भोले बाबा के रूप में विख्यात हैं। प्राप्त सूचना के अनुसार हाथरस में घटनास्थल पर भोले बाबा का प्रवचन और सत्संग चल रहा था। मौके पर पुलिस भी थी और कुछ सरकारी अधिकारी भी थे, पर एकत्र हो गए जन समूह के आकार के हिसाब से इनकी संख्या बहुत कम थी। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## टेक वर्ल्ड

# अकवाले फीचर के साथ बदलें WHATS APP में प्रोफाइल

***अब*** आप आसानी से अक की मदद से अपना प्रोफाइल पिक्चर बेहद खूबसूरत तरीके से और मनचाहे तरीके से जनरेट कर लेंगे और अपने प्रोफाइल पिक्चर को लाजवाब बना सकते हैं। इस संदर्भ में व्हाट्सएप ने प्राइवेसी का भी बेहद ध्यान रखते हुए लोगों को यह आस्वस्त किया है कि अक से जेनरेटेड फोटो को कॉपी करना आसान नहीं होगा और इस कंटेंट का लोग गलत इस्तेमाल भी नहीं कर पाएंगे। मैसेजिंग ऐप में अक ओएस और एंड्रॉयड दोनों ही वर्जन के लिए आई जेनरेटेड प्रोफाइल पिक्चर पर कुछ ऐसी तकनीक लगाई है कि इन फोटोस और वीडियो के स्क्रीनशॉट भी नहीं लिए जा सकते हैं। कुल मिलाकर अगर आप व्हाट्सएप पर अपना अक जेनरेटेड प्रोफाइल पिक्चर लगाते हैं तो आप सिक्योरिटी से रिलेटेड कोई चिंता करने की जरुरत नहीं है। इससे पहले व्हाट्सएप में एक और फीचर अपने कस्टमर के लिए लांच




किया था जिसमें स्टेटस में 1 मिनट तक का वीडियो शेयर करने का फीचर था, फिलहाल यह बीटा स्टेटस के लिए ही उपलब्ध है और आम लोगों के लिए इसे लॉन्च नहीं किया गया है। बता दें कि इससे पहले आप स्टेटस में 30 सेकंड का वीडियो अपलोड करते आ रहे हैं और जब यह फीचर लॉन्च हो जाएगा तो इसके बाद आप 1 मिनट तक की लंबी वीडियो अपने स्टेटस में पोस्ट कर सकेंगे। **(समाप्त)**


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# लोक कल्याण की कामना से उतारी गई भगवान जगन्नाथ की आरती

एजेंसी

**वाराणसी।** काशी के विश्व प्रसिद्ध तीन दिवसीय रथयात्रा मेले के पहले दिन रविवार को नमामि गंगे ने भगवान बलभद्र, बहन सुभद्रा, जगन्नाथ जी की आरती उतारकर लोक कल्याण की कामना की। भगवान जगन्नाथ को प्रिय वस्तुओं का भोग लगाकर खुशहाल और आत्मनिर्भर भारत के लिए गुहार लगाई। सदस्यों ने काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में रथ के आस-पास सफाई कर स्वच्छता को संस्कार के रूप में शामिल करने का संदेश दिया। रथयात्रा मेले में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं एवं पूजन सामग्री के दुकानदारों से पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की गई। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए श्रद्धालुओं में तुलसी के पौधे का वितरण किया गया। संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी के साथ शहर भ्रमण को निकले हैं। हमें स्वच्छता का ख्याल रखना है।

हमारे आराध्य देवों ने भी हमें स्वच्छता का संदेश दिया है। सभी प्रकार की पूजा स्वच्छता के बिना अधूरी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्यवर्धक पर्यावरण का निर्माण करना हमारी भी जिम्मेदारी है। इसलिए पेड़ लगाएं और पॉलीथिन का उपयोग न करें।



## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया इस्कॉन मंदिर की रथयात्रा का शुभारंभ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रथ की रस्सी खींच कर कोलकाता मैं इस्कॉन मंदिर की रथ यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने इस्कॉन मंदिर की पूजा अर्चना में भी हिस्सा लिया और सभी को रथ यात्रा की बधाई दी। उनके साथ इस्कॉन के पुजारी भी थे। उन्होंने रथ की रस्सी खींचकर यात्रा का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री के साथ उनकी भाभी और अभिषेक बनर्जी की मां लतादेवी भी थीं। उन्होंने इस्कॉन के साधु-संतों और पुजारियों से बातचीत कर पूजा-अर्चना की।

## बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ निकले जगन्नाथ



*रविवार को पटना में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समारोह के अवसर पर धार्मिक जुलूस में भाग लेते भक्त।*

## भगवान जगन्नाथ का नगर भ्रमण शुरू, मंगला आरती में शमिल हुए गृहमंत्री शाह और सीएम पटेल

**अहमदाबाद।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया पर रविवार सुबह 7 बजे अहमदाबाद में 147वीं रथयात्रा परंपरा के साथ नगर भ्रमण के लिए निकली। सुंदर और आकर्षक रथों पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलराम श्रद्धालुओं को दर्शन दे रहे हैं। परंपरा के अनुसार सुबह 4 बजे मंगला आरती हुई जिसमें केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह परिवार के साथ शामिल हुए। वहीं, सुबह 7 बजे सोने के झाड़ू से मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने रथ की सफाई की। इस दौरान हजारों लोग सड़कों के दोनों ओर खड़े होकर भगवान की एक झलक पाने को बेताब दिखे। अहमदाबाद के जमालपुर स्थित भगवान जगन्नाथ का मंदिर करीब 460 साल पुराना है।



# न्यूज बॉक्स

## हाथरस पीड़ितों को मिले अधिक मुआवजा राहुल गांधी ने योगी को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर हाथरस हादसे के पीड़ितों को मिलने वाले मुआवजे में बढ़ोतरी का अनुरोध किया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल ने अपने पत्र में हाथरस पीड़ितों से मुलाकात और उनसे हुई बातचीत का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपनों को खोया है, उनकी पूर्ति करना संभव नहीं है लेकिन हम उनकी हर संभव सहायता कर अपना फर्ज निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जो मुआवजा घोषित किया गया है, वह बहुत अपर्याप्त है। मेरा आग्रह है कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए और उसे जल्द से जल्द दिया जाए। साथ ही साथ घायलों का समुचित इलाज कराया जाए और उन्हें भी उचित मुआवजा दिया जाए। राहुल गांधी ने कहा है कि हादसे में प्रशासन की लापरवाही दिखाई दी है। इस पर उचित एवं पारदर्शी तरीके से कार्रवाई कर आगे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार वहां के स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और संवेदनहीनता है।

## गोल्डन पासवान हत्याकांड के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, होगी सख्त कार्रवाई : चिराग



**सीवान।** न्यायालय कर्मी राकेश कुमार उर्फ गोल्डन पासवान की हत्या के बाद लोजपा (रामविलास) सुप्रीमो और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान सीवान पहुंचे। उन्होंने गोल्डन के परिजनों से मुलाकात की और भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने गोल्डन पासवान हत्याकांड के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। मृतक की बहन से बात करने के दौरान चिराग पासवान ने सीवान एसपी को तुरंत कॉल भी लगाई और अल्टीमेटम भी दिया। उन्होंने कहा कि अपराधियों की पहचान कर सात दिनों के अंदर कार्रवाई हो जानी चाहिए। इस मामले को मैनें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संज्ञान में दिया है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए चिराग पासवान ने कहा, इस मामले में पुलिस प्रशासन काफी सुस्त दिख रही है। अगर इस मामले में पुलिस प्रशासन के लोग भी दोषी होंगे तो उन पर भी कार्रवाई होगी।

## जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर हादसा, तेज रफ्तार डंपर ने सात वाहनों को मारी टक्कर



**जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार डंपर ने सात वाहनों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। अधिकारियों ने बताया कि तेज रफ्तार डंपर ने रामबन जिले के चंद्रकोट कस्बे के पास कुंफर में हाईवे पर वाहनों को टक्कर मारी। सभी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने बताया, व्यस्त हाईवे पर चालक डंपर को तेज रफ्तार से चला रहा था। इसी दौरान उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और दुर्घटना हो गई। डंपर जम्मू से घाटी की ओर जा रहा था। दुर्घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों को जाम खुलवाने में करीब एक घंटे का समय लग गया। अधिकारियों ने बताया, पुलिस ने दुर्घटना का संज्ञान लिया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## महाराष्ट्र : अमरावती सेंट्रल जेल में बम विस्फोट, कोई घायल नहीं



**मुंबई।** अमरावती जिला सेंट्रल जेल में बीती रात बम विस्फोट होने से खलबली मच गई। बम निरोधक दस्ता और पुलिस टीम जेल में पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार को देर रात अमरावती जिला सेंट्रल जेल में हाईवे की ओर से दो बम फेंके गए थे। इनमें से एक बम फट गया, जिससे जेल में खलबली मच गई। घटना के बाद जेल प्रशासन और कैदियों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता और अमरावती पुलिस की टीम जेल परिसर में पहुंची और दूसरा बम बरामद कर उसे नष्ट कर दिया। अमरावती के फ्रिजरपुरा इलाके में स्थित डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल जेल में इस समय 1 हजार 100 से ज्यादा कैदी हैं। उनमें से कुछ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है, जबकि अन्य के खिलाफ मामले लंबित हैं। अमरावती जिला सेंट्रल जेल में मुंबई, ठाणे, कोल्हापुर, नासिक से भी कैदी लाए गए हैं।

## जयपुर में मोबाइल पर कॉल कर दिया तीन तलाक, केस दर्ज

**जयपुर।** देश में तीन तलाक को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया है। इसके बावजूद भी तीन तलाक के केस आए दिन सामने आते रहते हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी आए दिन ऐसे केस दर्ज होते हैं, जिनमें महिलाओं की ओर से अपने पति पर तीन तलाक दिए जाने के आरोप लगाए जाते हैं। हाल ही में जयपुर कमिश्नरेट के विश्वकर्मा थाने में तीन तलाक का केस दर्ज हुआ है। अपने पति पर तीन तलाक का आरोप लगाने वाली पीड़िता ने ससुराल पक्ष पर दहेज मांग कर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर चंद्रभान सिंह कर रहे हैं। जांच अधिकारी चंद्रभान सिंह का कहना है कि 29 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस रिपोर्ट में उसने अपने पति पर तीन बार तलाक बोलकर तलाक देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि कुछ दिनों से वह अपने पीहर (मायका) में रह रही है। कुछ दिनों पहले पति ने पत्नी को मोबाइल पर कॉल किया और तीन बार तलाक तलाक तलाक बोल दिया। इतना कहने के बाद उसने फोन डिस्कनेक्ट कर दिया। वापस कॉल करने पर पहले तो उसने उठाया नहीं। बाद में नंबर ब्लॉक लिस्ट में डाल दिया।

## पटना में सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ लामबंद हुई महिलाएं, इस्तीफे की मांग



**पटना।** बिहार की राजधानी में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ महिलाओं ने सड़क पर हल्ला बोला। पटना महिला चेतना मंच के बैनर तले प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने टीएमसी अध्यक्ष का पुतला फूंका। पटना के आयकर गोलंबर के पास भारी संख्या में मौजूद महिलाओं ने ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला दहन किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि बंगाल में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। ममता बनर्जी वहां की मुख्यमंत्री हैं, लेकिन सब कुछ जानते हुए भी वह दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। प्रदर्शनरत महिलाओं ने ममता बनर्जी का इस्तीफे के साथ ही बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल मालती सिंह आरोप लगाया कि ममता बनर्जी प्रदेश में महिलाओं पर काफी अत्याचार कर रही हैं।

# एक नजर

## आगरा में चार बच्चियों की डूबकर हुई मौत

**आगरा।** जनपद के खंदौली थाना क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर बने गड्ढे में महिला और आठ बच्चे डूब गये। होमगार्ड ने स्थानीय लोगों की मदद से महिला और चार बच्चों को बचा लिया लेकिन इस हादसे में चार बच्चियों की मौत हो गई है। सूचना पर एसीपी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज पर बारिश के दौरान आने वाले पानी को बहाने के लिए एकत्रित करने के लिए गड्ढा बनाया गया है। रविवार सुबह सड़क किनारे झुग्गियों में रहने वाले कुछ बच्चे वहां खेल रहे थे। इस दौरान बच्चे नहाने के लिए पानी में उतर गए। सभी डूबने लगे तो मदद के लिए बच्चे चीखने-चिल्लाने लगे। महिला बच्चों को बचाने के लिए उस गड्ढे में कूद गयी।

# राहुल गांधी इस देश की राजनीति के सबसे बड़े कोढ़ हैं : गिरिराज सिंह

एजेंसी

**बेगूसराय।** उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव में जीत का दावा कर रहे हैं। अहमदाबाद में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर भाजपा की सरकार तोड़ देंगे। अयोध्या की तरह गुजरात में भी भाजपा को शिकस्त मिलेगी। राहुल गांधी के इस दावे पर भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी इस देश की राजनीति के सबसे बड़े कोढ़ हैं। ये लोग देश की राजनीति को सिर्फ मनोरंजन समझते हैं। जबकि, नरेंद्र मोदी देश को अपनी कर्म भूमि मानते हैं।"



बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबसे ज्यादा झटका यूपी में फैजाबाद संसदीय सीट पर लगा, जहां इंडी गठबंधन की सहयोगी सपा ने जीत दर्ज की। सपा नेता अवधेश प्रसाद ने भाजपा के प्रत्याशी लल्लू सिंह को 50 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त दी। इसी जीत को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा पर तंज कसते रहे हैं। अगर वर्ष 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव की बात करें तो, राज्य की 182 सीटों में से भाजपा के खाते में 156 सीटें आईं थी और वो प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने में सफल रही। कांग्रेस को सिर्फ 17 सीटों पर ही जीत मिली। वहीं, आम आदमी पार्टी 5 सीटों पर ही सिमट गई, जबकि अन्य के खाते में 4 सीटें आई थी।

## राहुल को हसीन सपने देखने की पुरानी आदत कांग्रेस भानुमती का कुनबा : राकेश सिन्हा



**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने की बात कही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को अयोध्या की तर्ज पर ही गुजरात में हराएंगे। लोकसभा सांसद के इस वार पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और आरएसएस विचारक राकेश सिन्हा ने राहुल गांधी के बयान पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी को हसीन सपने देखने की पुरानी आदत है। कुछ चीजें है जो दुर्घटनाओं में हो जाती हैं। लोकसभा चुनाव एक दुर्घटना थी और इसमें कुछ सीट कांग्रेस पार्टी को अधिक मिल गई है। सिन्हा ने कांग्रेस को संगठन हीन पार्टी करार दिया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस का ना अपना संगठन है, ना ही दृष्टि है। जिस पार्टी के पास ना संगठन हो न दृष्टि हो, जो पार्टी भानुमती का कुनबा हो, वह देश में कभी भी विकल्प नहीं बन सकती। सांसद से राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के 'सरकार गिरने' वाले बयान को लेकर भी सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा, वह अपनी पार्टी को संभाल लें।

# आज का राशिफल

**मेष:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी।

**वृषभ:** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मिथुन:** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें।

**कर्क:** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें।

**कन्या:** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**तुला:** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ समाचारों मिलेगें।

**धनु:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें।

**मकर:** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कुम्भ:** राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**मीन:** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना बड़ेगा।

## पुणे में जीका वायरस के पांच नए मरीज मिले, प्रशासन सतर्क

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में जीका वायरस के 5 नए मरीज मिलने से प्रशासन सतर्क हो गया है। इन पांचों के रक्त के नमूने प्रयोगशाला में भेजे गए थे। शनिवार शाम को सभी के रक्त नमूनों में जीका वायरस की पुष्टि हुई। इनमें तीन गर्भवती महिलाएं भी हैं। पुणे में इस समय कुल जीका वायरस के 11 मामले सामने आ चुके हैं। इससे पुणे नगर निगम ने नागरिकों को सावधान रहने की अपील की है। पुणे में मिले सभी संक्रमित मरीजों का इलाज जारी है। जीका वायरस का संक्रमण होने पर मरीजों में शरीर पर लाल चकत्ते, बुखार और मांसपेशियों में दर्द जैसे लक्षण दिखते हैं। पुणे नगर निगम के डॉ. राजेश दिघे ने कहा कि जीका वायरस से पीड़ितों का इलाज जारी है।

### बंगाल नगरपालिका भर्ती मामला

## सीबीआई का दावा, विभिन्न पदों के लिए एक जैसे प्रश्न पत्र किए गए तैयार

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विभिन्न नगरपालिकाओं में भर्ती घोटाले के मामले में इस महीने की शुरूआत में सीबीआई ने आरोपपत्र दाखिल किया था। सीबीआई ने डिटेल में बताया कि भर्ती में अनियमितताएं कैसे शुरू हुईं। सूत्रों ने बताया कि पहला शक तब पैदा हुआ जब पाया कि अलग-अलग ग्रेड्स के पदों की लिखित परीक्षा के लिए एक जैसे प्रश्न पूछे गए थे। ग्रुप सी और ग्रुप डी के पदों के लिए पूछे गए प्रश्न 100 प्रतिशत एक जैसे थे, जोकि भर्ती परीक्षा आयोजित करने के किसी भी प्रोफेशनल तरीके में कल्पना से परे है। सूत्रों ने बताया कि दूसरा शक तब पैदा हुआ जब, प्रश्नों के पैटर्न को देखा। उससे साफ हो गया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र तैयार करने में विशेषज्ञता और अनुभव रखने वाली किसी भी विशेषज्ञ आउटसोर्स एजेंसी की ओर से कोई प्रोफेशनल टच नहीं किया गया था। पूछताछ के दौरान जांच से पता चला कि इस मामले में किसी विशेष एजेंसी की विशेषज्ञता को नियुक्त करने के बजाय, विभिन्न पदों के लिए प्रश्न पत्र तैयार करने का कार्य निजी प्रमोटर अयान सिल के मालिकाना हक वाली एजेंसी को दिया गया था। वह नगर पालिका और स्कूल नौकरियों की भर्ती के मामलों में मुख्य आरोपी हैं। ईडी ने स्कूल में नौकरी दिलाने के मामले में संलिप्तता के संबंध में पिछले साल मार्च में सिल को गिरफ्तार किया था। वह पहले से ही न्यायिक हिरासत में है। सिल की कंपनी और नगर पालिकाओं की भर्ती मामले के बीच संबंध का पता पिछले साल ईडी अधिकारियों ने लगाया था। ईडी बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रही थी और तभी सिल संदेह के घेरे में आया था। इसके बाद उसके आवास पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया गया था।

### खतरा / लगातार बारिश से अररिया की नदियां उफान पर

# गांवों में घुसा बाढ़ का पानी ग्रामीणों में भय का माहौल

एजेंसी

**अररिया।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र से छोड़े जा रहे पानी के कारण जिले की नदियां उफान पर है। जिले में बहने वाली परमान, बकरा, नूना, सिंधिया, घाघी, रतुआ, सुरसर आदि नदी और धार पानी से लबालब हो गया है। वहीं नदियों में अचानक आए पानी से नदियां उफान पर है। फलस्वरूप नदी से सटे निचले इलाकों में नदी का पानी फैलने लगा है। कई गांवों में नदी का फैल चुका है जिससे गांव के लोग भय के साये में जीने को विवश है। सबसे ज्यादा उफान पर नूना नदी है। फलस्वरूप सिकटी प्रखंड के सालगुड़ी, कचना, बांसबाड़ी, सिघिया, साहू टोला, पड़रिया, ओलाबाड़ी, दहगामा आदि इलाकों में नदी का पानी फैल गया है। परमान नदी के कारण जोगबनी नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्ड, अमौना, कुसमाहा, पिपरा, कलुआ, बैजनाथपुर, अम्हारा, घोड़ाघाट, रमई, गुरमही, खवासपुर आदि के गांव के निचले इलाकों में नदी का पानी फैल गया है। कई स्थानों पर पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है। वहीं कुसाकांटा प्रखंड के सौरगांव, रहटमीना, लक्ष्मीपुर, जागीर परासी, सिकटिया आदि पंचायतों में भी नदी का पानी लोगों के घरों और आंगन में प्रवेश कर गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में भी परेशानी हो रही है।



## नवादा में वज्रपात से महिला सहित दो की मौत

**नवादा।** बिहार के नवादा में तेज बारिश अब आफत बनती जा रही है। आकाशीय बिजली गिरने से कई लोगों की जान चली जा रही है। रविवार को वज्रपात के कारण दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं घटना के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। पहला मामला नवादा के पकरीबरावां प्रखंड के बरेवा बीघा गांव का है। जहां तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

## तेलंगाना में पुलिसकर्मी ने उत्पीड़न से तंग आकर की आत्महत्या

**हैदराबाद।** तेलंगाना में एक पुलिस उपनिरीक्षक ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। कार्यस्थल पर कथित उत्पीड़न के बाद उन्होंने करीब एक हफ्ते पहले कीटनाशक खाया था। रविवार को अस्पताल में उनकी मौत हो गई। श्रीरामुला श्रीनिवास (38) भद्राद्री कोठागुडेम जिले के अश्वरावपेट पुलिस स्टेशन में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। सब-इंस्पेक्टर श्रीरामुला श्रीनिवास ने अपने वरिष्ठ अधिकारी और चार सहकर्मियों के उत्पीड़न से तंग आकर 30 जून को महबूबाबाद में कीटनाशक खा लिया। हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में तड़के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वारंगल जिले के निवासी सब-इंस्पेक्टर के परिवार में उनकी पत्नी, सात साल की बेटी और पांच साल का बेटा है। मजिस्ट्रेट ने दलित पुलिस अधिकारी का बयान दर्ज किया था, जिसमें उन्होंने आत्महत्या का प्रयास करने के कारणों के बारे में जानकारी दी। श्रीनिवास की पत्नी कृष्णवेनी की शिकायत पर पुलिस ने सर्किल इंस्पेक्टर (सीआई) जितेंद्र रेड्डी, कांस्टेबल सन्यासी नायडू, सुभानी, शेखर और शिवा नागराजू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स : युवराज, उथप्पा, पठान सब हुए फेल

# पाकिस्तान चैंपियंस ने इंडिया चैंपियंस को बुरी तरह से रौंदा




**एजेंसी। नई दिल्ली**
इंग्लैंड में हो रहे वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान चैंपियंस ने भारतीय चैंपियंस को 68 रनों से हरा दिया। इस मैच में इंडिया चैंपियंस के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मैच में पाकिस्तानी चैंपियंस की तरफ से बल्लेबाजों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए उसके तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए और 243 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

जिसके जवाब में इंडिया चैंपियंस की टीम सिर्फ 175 रन बना सकी। भारत की शुरूआत अच्छी रही। भारतीय टीम ने 5 ओवर में 1 विकेट खोकर 51 रन बनाए लेकिन उसके बाद टीम बैकफुट पर नजर आई। भारत की ओर से सबसे ज्यादा सुरेश रैना ने 40 गेंदों में 4 चौके व 2 छक्के के साथ 52 रन जड़े। अंबाती रायुडू ने 39, रॉबिन उथप्पा ने 22, युवराज सिंह ने 14, इरफान पठान ने 15 और अनुरीत सिंह ने नाबाद 20 रन बनाए।

पाकिस्तान के लिए वहाब रियाज और शोएब मलिक ने अच्छी गेंदबाजी की। इन दोनों ही गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। सोहेल खान और सोहेल तनवीर के खाते में 1-1 विकेट आया। इससे पहले पाकिस्तान चैंपियंस के लिए कामरान अकमल और शरजील खान ने तूफानी शुरूआत दी। दोनों प्लेयर्स ने ताबड़तोड़ अंदाज में रनों की बरसात कर दी। कामरान ने 40 गेंदों में 77 रन और शरजील ने 30 गेंदों में 72 रन बनाए। इसके बाद आए शोएब मकसूद ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 26 गेंदों में 51 रन बनाए। शोएब मलिक ने 25 रनों का योगदान दिया।

# दूसरे टी20 में भारत ने जिम्बाब्वे को 100 रनों से हराया

## अभिषेक शर्मा बने प्लेयर ऑफ द मैच




**एजेंसी। हरारे**
भारतीय क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे स्पोर्ट्स क्लब में दूसरा टी20 मैच 100 रनों से जीत लिया है। इसके साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है। जिम्बाब्वे ने इस सीरीज के पहले मुकाबले में शनिवार को टीम इंडिया को 13 रनों से मात दी थी।

भारत ने रविवार के मैच में अभिषेक शर्मा के शतक (100) और ऋतुराज गायकवाड़ की 77 रनों की तेज पारी के चलते 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 234 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में मेजबान टीम 18.4 ओवर में 134 रनों पर आउट हो गई। जिम्बाब्वे की ओर से वेसली मधेवेरे ने सर्वाधिक 43 रनों का योगदान दिया। उनके अलावा ब्रेन बेनेट ने 26 और ल्यूक जोंग्वे ने 33 रनों की पारी खेली। बाकी, कोई बल्लेबाज खास योगदान नहीं कर सका। भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में भी शानदार प्रदर्शन किया। आवेश खान ने 3 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। मुकेश कुमार ने भी 3.4 ओवर में 37 रन देकर 3 विकेट लिए। पहले मैच में चार विकेट लेने वाले रवि बिश्नोई ने चार ओवर में केवल 11 रन देकर 2 विकेट लिए। वाशिंगटन सुंदर ने चार ओवर में 28 रन खर्च करके 1 विकेट लिया। अभिषेक शर्मा ने भी तीन ओवर गेंदबाजी की, लेकिन उनको 36 रन खर्च करने के बाद कोई विकेट नहीं मिला। जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों में डियोन मेयर्स और क्लाइव मदांदे खाता भी नहीं खोल सके। कप्तान सिकंदर रजा ने सिर्फ 4 रनों का योगदान दिया। इस मुकाबले में शानदार शतक लगाने वाले युवा अभिषेक शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड' दिया गया है।




**तीसरे मैच में भारतीय टीम के साथ संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी जुड़ जाएंगे।**

### हरारे में जिम्बाब्वे ने कई बार इंडिया टीम को दी है मात

**हरारे।** भारतीय क्रिकेट टीम को जिम्बाब्वे ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में 13 रनों से मात दी है। भारत के लिए हरारे का यह मैदान बहुत अच्छा नहीं रहा है क्योंकि जिम्बाब्वे ने अभी तक भारत को यहां तीन बार टी20 मैचों में हराया है। जिम्बाब्वे ने भारत के खिलाफ 9 टी20 मैचों में अपनी सभी जीत हरारे पर ही हासिल की हैं। टी20 प्रारूप में भारत के खिलाफ जिम्बाब्वे की पहली जीत हरारे में जुलाई 2015 में आई थी, तब मेजबान टीम ने 10 रन की जीत हासिल करके दो मैचों की सीरीज को एक-एक से बराबर कर दिया था। इसके बाद जिम्बाब्वे ने दूसरी बार भारत को इसी मैदान पर जून 2016 में हराया था।

# बर्थडे स्पेशल : क्रिकेट जगत में धोनी की धाक

**एजेंसी। नई दिल्ली**
महेंद्र सिंह धोनी, इस नाम की भारतीय क्रिकेट में जो धाक है, वो किसी अन्य की नहीं। 7 जुलाई, 1983 को जन्मे धोनी ने 2020 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन आज भी फैंस का उनके लिए प्यार और लगाव कम नहीं हुआ है। एमएस धोनी भारत को तीन आईसीसी ट्रॉफी जिताने वाले इकलौते कप्तान हैं। यह रिकॉर्ड आज भी कायम है। माही करीब-करीब 16 साल तक टीम इंडिया के लिए खेले। इस दौरान उन्होंने बतौर विकेटकीपर, फिनिशर और कप्तान कई अलग-अलग भूमिकाएं बखूबी निभाई। बल्ले, कीपिंग से लेकर कप्तानी और खिताब जीतने में धोनी ने कमाल किया है। उनके नाम कुछ ऐसे रिकॉर्ड हैं, जिनका टूटना लगभग असंभव सा लगता है। धोनी आईसीसी की ती बड़ी ट्रॉफी जीतने वाले इकलौते कप्तान हैं। उन्होंने बतौर कप्तान टी20 विश्व कप 2007, 2011 का वनडे विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। यह ऐसा दौर था जब विश्व क्रिकेट में टीम इंडिया का दबदबा था। बड़ी से बड़ी टीमें भारत के सामने घुटने टेकने पर मजबूर थी। न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बल्कि दुनिया का यह सबसे खतरनाक फिनिशर आईपीएल में भी धमाल मचा चुका है। आईपीएल में भी उनकी कप्तानी शानदार रही। उन्होंने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और आरपीएस टीम की 226 मैचों में कप्तानी की। उनकी कप्तानी में चेन्नई ने 5 खिताब जीते। आईपीएल 2024 में धोनी ने ऋतुराज गायकवाड़ को सीएसके की कप्तानी सौंप दी, लेकिन वो अब भी इस टीम के लिए खेल रहे हैं।

## माही ने भारत को जिताए तीन आईसीसी खिताब



### 43 के हुए धोनी, पत्नी के साथ मनाया बर्थडे

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आज 43 साल के हो गए। मुंबई में बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान पत्नी साक्षी ने धोनी के पैर भी छुए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एमएस धोनी ने अपनी पत्नी के साथ आधी रात को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया और केट काटा। इस दौरान साक्षी ने मजाकिया अंदाज में उनके पैर भी छुए और कैप्टन कूल ने उन्हें आशीर्वाद भी दिया। बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर साक्षी ने शेयर किया। इसके अलावा, बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान भी इस अवसर पर मौजूद थे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसका कैप्शन था। हैप्पी बर्थडे कप्तान साहब!

### एक नजर

## डब्ल्यूडब्ल्यूई से जॉन सीना ने किया संन्यास का ऐलान



**टोरंटो।** डब्ल्यूडब्ल्यूई इतिहास के स्टार रेसलर और 16 बार के विश्व चैंपियन जॉन सीना ने संन्यास का ऐलान किया है। साल 2025 में वह आखिरी बार डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में नजर आएंगे। मनी इन द बैंक में वापसी करते हुए सीना ने यह ऐलान किया और प्रशंसकों को उनके वर्षों के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनिवर्स को संबोधित करते हुए कहा, मैं यहां क्यों हूं? आज रात में आधिकारिक तौर पर डब्ल्यूडब्ल्यूई से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। 47 वर्षीय ने खुलासा किया कि 2025 रॉयल रंबल, एलिमिनेशन चैंबर और लास वेगस में रेसलमेनिया 41 उनका आखिरी सीजन होगा।

# विनेश फोगाट ने स्पेन के ग्रां प्री में जीता स्वर्ण पदक



**एजेंसी। मैड्रिड**
भारत की दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट ने शनिवार को स्पेन के ग्रां प्री अंतरराष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 किग्रा श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। पूर्व रूसी पहलवान मारिया तिउमेरेकोवा, जो अब व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, उन्हें विनेश ने फाइनल मुकाबले में 10-5 से हराकर स्वर्ण जीता। विनेश को देर से स्पैनिश वीजा मिलने के कारण मैड्रिड पहुंचने में देरी हुई थी। उन्हें जाने से कुछ ही घंटे पहले वीजा मिला था। उन्होंने महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में तीन मुकाबले आसानी से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। महिलाओं के 53 किग्रा में टोक्यो ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली विनेश ने दिन की शुरूआत क्यूबा की पैन-अमेरिकन और सेंट्रल अमेरिकन चैंपियनशिप विजेता युसनेलिस गुजमैन के खिलाफ राउंड 1 की जीत के साथ की। विनेश ने क्यूबाई पहलवान को अंकों के आधार पर 12-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल में, हरियाणा के चरखी दादरी की 29 वर्षीय खिलाड़ी ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता कनाडा के मैडिसन पार्क्स को हराया। सेमीफाइनल में विनेश ने कनाडा की एक अन्य खिलाड़ी केटी डचैक को 9-4 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की।

## रोहित शर्मा की कप्तानी में हम डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी जीतेंगे : जय शाह



**एजेंसी। नई दिल्ली**
टीम इंडिया का मिशन 2024 पूरा हुआ और बीसीसीआई सचिव जय शाह की भविष्यवाणी भी सच साबित हुई। अब इस ऐतिहासिक जीत के बाद जय शाह ने एक बार फिर बड़ी भविष्यवाणी की है। बीसीसीआई सचिव ने रविवार को एक वीडियो संदेश के जरिए वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप खिताब जीतने पर टीम इंडिया को बधाई दी, साथ ही रोहित शर्मा की कप्तानी में अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का भरोसा भी जताया।

## कपिल और धोनी की विरासत को रोहित ने आगे बढ़ाया : गावस्कर



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि सलामी बल्लेबाज रोहित भी एमएस धोनी और कपिल देव की तरह ही लोगों के कप्तान हैं। रोहित टी20 विश्व कप 2007 और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारत की टीम के सदस्य थे। कप्तान के तौर पर वो वनडे विश्व कप 2023 और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उपविजेता रहे। लेकिन रोहित को आखिरकार किस्मत का साथ तब मिला जब भारत ने पिछले महीने केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर टी20 विश्व कप जीता। टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद रोहित ने टी20 विश्व कप 2024 जीत को अपने खेल करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया, जिसे भारत ने प्रतियोगिता में अजेय टीम के रूप में जीता। गावस्कर ने रविवार को मिड-डे के लिए अपने कॉलम में लिखा, रोहित शर्मा उन दो अन्य क्रिकेट दिग्गजों, कपिल देव और धोनी के साथ शामिल हो गए हैं, जिन्होंने भारत को विश्व कप ट्रॉफी दिलाई है।



## राजीव चंद्रशेखर फ्यूचर ऑफ ब्रिटेन कॉन्फ्रेंस को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लोकतंत्रीकरण पर ग्लोबल चर्चा शुरू की गई है। इसके तहत पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर अगले सप्ताह 'फ्यूचर ऑफ ब्रिटेन कॉन्फ्रेंस' को संबोधित करने वाले हैं। भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर 9 जुलाई को लंदन में टोनी ब्लेयर इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल चेंज की ओर से आयोजित 'गवर्निंग इन द एज ऑफ एआई : री-इमेजिन्ड स्टेट' की मेजबानी करेंगे। इस सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और आगे की रणनीति तैयार करने को लेकर बातचीत की जाएगी।

## भारत सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में बनेगा बड़ा खिलाड़ी : आईटी सचिव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में बड़ा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के पास टैलेंट और विशेषज्ञता मौजूद है। सरकार भी सेमीकंडक्टर के लिए इकोसिस्टम बनाने में इंडस्ट्री की मदद कर रही है। आईटी सचिव ने इन बातों का जिक्र फैबलेस सेमीकंडक्टर फर्म आईवीपी की ओर से आयोजित कॉन्फ्रेंस में किया। वैश्विक कंसल्टिंग फर्म मैकिंसे ने अपने अनुमान में कहा है कि पूरी दुनिया में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्रीज का आकार एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।


आगामी केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए हुई बजट-पूर्व परामर्श बैठक

# 23 को बजट पेश करेंगी सीतारमण, प्रक्रिया पूरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण बजट तैयार करने की प्रक्रिया के तहत उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित लोगों के साथ विचार-विमर्श को पूरा कर लिया है। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में यहां आयोजित आगामी केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए बजट-पूर्व परामर्श बैठकें हो गई हैं। ये बैठकें वित्त मंत्रालय में 19 जून, 2024 से शुरू होकर 5 जुलाई, 2024 तक अयोजित की गईं। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए बजट-पूर्व परामर्श बैठकों में व्यक्तिगत परामर्श के दौरान, 10 हितधारक समूहों के 120 से अधिक आमंत्रितों ने भाग लिया। इनमें किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों, ट्रेड यूनियनों, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र, रोजगार और कौशल, एमएसएमई, व्यापार और सेवाएं, उद्योग, अर्थशास्त्रियों, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के साथ-साथ बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और शहरी क्षेत्र के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्रालय के मुताबिक सीतारमण ने बजट पूर्व परामर्श बैठक में अपना बहुमूल्य सुझाव साझा करने के लिए प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि आगामी केंद्रीय बजट 2024-25 तैयार करते समय उनके सुझावों की सावधानीपूर्वक जांच की जाएगी और उन पर विचार किया जाएगा। इन बैठकों में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और व्यय सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, दीपम के सचिव तुहिन के. पांडे, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी, राजस्व विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के सचिव मनोज गोविल, संबंधित मंत्रालयों के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई, 2024 को अपना सातवां बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। यह बजट 2047 तक विकसित भारत का रास्ता तैयार करेगा।

# एआई से बढ़ रहा भारत का सिक्योरिटी मार्केट




**एजेंसी। नई दिल्ली**
बायोमेट्रिक और सर्विलांस उत्पादों की मांग में इजाफा होने के कारण भारत का सिक्योरिटी मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों की ओर से यह जानकारी दी गई। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा और उच्च गुणवत्ता के लिए सरकार की ओर से नियमों को बनाया जाना आवश्यक है। इन्फॉरमा मार्केट्स की ओर से आयोजित किए गए सिक्योरिटी और फायर एक्सपो में टीपी-लिंक कंज्यूमर के उपाध्यक्ष बिजॉय अलायलो ने कहा कि इस दशक में भारत का सर्विलांस मार्केट 16 प्रतिशत की कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) से बढ़ेगा। इसकी वजह टेक्नोलॉजी में साल-दर-साल आने वाला बदलाव है। उन्होंने आगे कहा कि सर्विलांस टेक्नोलॉजी में एआई को लागू करने की संभावनाएं असीमित हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और क्वालिटी गुणवत्ता के लिए सरकार को नियम बनाने होंगे। भारत में मौजूदा समय में सर्विलांस मार्केट की वैल्यू करीब 4.3 अरब डॉलर की है और इसका आकार 2029 तक बढ़कर 15 अरब डॉलर तक हो सकता है। इंडस्ट्री के जानकारों की मानें तो भारत के वीडियो सर्विलांस सिस्टम में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। मार्केट में इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के इंटीग्रेशन वाले आईपी कैमरों का चलन बढ़ रहा है। प्रामा हिकविजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एमडी और सीईओ आशीष पी. ढाकन का कहना है कि भारत के सिक्योरिटी मार्केट में विकास की काफी संभावनाएं हैं। एआई, आईओटी और बिग डेटा के कारण टेक्नोलॉजी में बड़ा बदलाव आ रहा है। भारत में इन्फॉरमा मार्केट्स के एमडी योगेश मुद्रा ने कहा कि एआई और आईओटी जैसे टेक्नोलॉजी आने से भारत में स्मार्ट सर्विलांस का मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक भारत में एआई का मार्केट 8 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। एआई में बायोमेट्रिक सिक्योरिटी, खतरे को जांचने और अनियमित व्यवहार को पकड़ने की क्षमता है।

## यूपीआई का असर! छोटे व्यापारों में डिजिटल लेनदेन बढ़ा




**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत में छोटे दुकानदारों और फर्म की ओर से ऑर्डर लेने या देने के लिए बड़ी संख्या में डिजिटल माध्यम का उपयोग किया जा रहा है। इसकी वजह यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) जैसी सुविधाओं का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी सर्वे के अनुसार, यूपीआई से भुगतान करने या ऑनलाइन ऑर्डर देने के रूप में बिजनेस उद्देश्य के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल 2022-23 के बीच ग्रामीण इलाकों में बढ़कर 13.5 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 7.7 प्रतिशत था। वहीं, शहरी इलाकों में यह बढ़कर 30.2 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 21.6 प्रतिशत पर था। इस तरह ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संयुक्त रूप से 7.2 प्रतिशत की बढ़त हुई है। यह दिखाता है कि असंगठित क्षेत्र में डिजिटल पेमेंट को लोग अपना रहे हैं और आईटी एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है।

## मार्केट आउटलुक : बजट, महंगाई और फेड की स्पीच अगले हफ्ते बाजार के लिए होंगे अहम



**एजेंसी। मुंबई**
भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता काफी शानदार रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही एक-एक प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। यह लगातार पांचवां हफ्ता था, जब बाजार में तेजी देखी गई। आने वाला हफ्ता बाजार के लिए काफी अहम होगा। मोदी सरकार 3.0 पूर्ण बजट 23 जुलाई को पेश करेगी। ऐसे में इससे जुड़ी अपडेट्स पर निवेशकों की निगाहें होंगी। इसके अलावा वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजों की शुरूआत इस हफ्ते से हो जाएगी। टीसीएस और एचसीएल टेक 11 और 12 जुलाई को तिमाही नतीजे पेश करेंगी। वहीं, महंगाई के आंकड़े भी जुलाई के दूसरे हफ्ते में सरकार द्वारा पेश किए जाएंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट में वरिष्ठ तकनीकी एनालिस्ट, प्रवेश गौर ने कहा कि आम बजट जुलाई में एक बड़ा इवेंट होने वाला है। पहले की तरह हम इस बार भी उम्मीद कर रहे हैं कि बजट विकास को बढ़ावा देने वाला होगा। वहीं, वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेड चेयरमैन की स्पीच, यूके जीडीपी डेटा, अमेरिका में महंगाई के साथ जॉबलेस क्लेम के आंकड़े काफी अहम होंगे। मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड में सिनियर वाइस प्रेसिडेंट, अरविंदर सिंह नंदा का कहना है कि निफ्टी के लिए 24,100 एक अहम सपोर्ट लेवल है।

## टीसीएस और इन्फोसिस का मार्केट कैप टॉप 10 में सबसे अधिक बढ़ा




**एजेंसी। मुंबई**
भारत की 10 सबसे अधिक बाजार मूल्यांकन वाली कंपनियों में से आठ के मार्केट कैप में जुलाई के पहले हफ्ते में 1.83 लाख करोड़ रुपये का इजाफा देखने को मिला है। इसकी वजह शेयर बाजार में तेजी का ट्रेंड जारी रहना है। बीते हफ्ते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में एक-एक प्रतिशत की बढ़त हुई है। यह लगातार पांचवां हफ्ता था, जब बाजार में खरीदारी देखी गई। टॉप 10 कंपनियों में सबसे ज्यादा फायदा देश की दिग्गज आईटी कंपनियों टीसीएस और इन्फोसिस को हुआ है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 38,894 करोड़ रुपये बढ़कर 14,51,739 करोड़ रुपये हो गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद टीसीएस देश की दूसरी सबसे ज्यादा बाजार मूल्यांकन वाली कंपनी है। बीते हफ्ते इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 33,320 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है और इसका बाजार पूंजीकरण बढ़कर 6,83,992 करोड़ हो गया है।

# 43 साल के हुए एमएस धोनी, पत्नी साक्षी ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आज 43 साल के हो गए। मुंबई में बर्थडे सेलिब्रेशन के दौरान पत्नी साक्षी ने धोनी के पैर भी छुए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एमएस धोनी ने अपनी पत्नी के साथ आधी रात को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया और केट काटा। इस दौरान साक्षी ने मजाकिया अंदाज में उनके पैर भी छुए और कैप्टन कूल ने उन्हें आशीर्वाद भी दिया। बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर साक्षी ने शेयर किया। इसके अलावा, बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान भी इस अवसर पर मौजूद थे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की, जिसका कैप्शन था। हैप्पी बर्थडे कप्तान साहब! आमतौर पर सोशल मीडिया की सुर्खियों से दूर रहने वाले धोनी ने हाल ही में भारतीय टीम को टी20 विश्व कप की जीत पर बधाई दी और इसे अपना खास जन्मदिन का तोहफा बताया। धोनी की आईपीएल फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स ने भी यही वीडियो शेयर किया और कैप्शन दिया, पार्टी शुरू हो गई! पीएसः केक और थाला सबसे बढ़िया कॉम्बो है!

भारत के पूर्व बल्लेबाज और धोनी के अच्छे दोस्त सुरेश रैना ने एक्स पर लिखा, जन्मदिन मुबारक हो माही भाई! आपको आपके हेलीकॉप्टर शॉट जितना शानदार और आपके स्टंपिंग कौशल जितना बेस्ट दिन की शुभकामनाएं। भारत के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने 2023 आईपीएल फाइनल की एक पुरानी तस्वीर शेयर की, जिसमें कैप्शन था, क्रिकेट में मेरे एकमात्र पसंदीदा व्यक्ति को जन्मदिन की शुभकामनाएं। माही भाई आपकी मौजूदगी सबसे बड़ा तोहफा है। ढेर सारा प्यार।

### जयपाल सिंह स्टेडियम में धूमधाम से मनाया धोनी का जन्मदिन

**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर खेल संघ, जरासंध अखाड़ा एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में रांची के राजकुमार एवं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का 43वां जन्मदिन रविवार को जयपाल सिंह स्टेडियम में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरासंध अखाड़ा के पहलवान, युवा क्रिकेटर एवं कई खेलप्रेमियों ने माही की तस्वीर वाला पोस्टर हाथ में लेकर उनके प्रति रांची का प्रेम और सम्मान प्रदर्शित किया। सबने मिलकर केक काटकर एक स्वर में हैप्पी बर्थडे धोनी कहकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर आशुतोष द्विवेदी, दीपक वर्मा, अंश वर्मा, अमरजीत कुमार, बबलू वर्मा, हरीश कुमार, अमन समेत कई युवा खेलप्रेमी उपस्थित थे।



### बीसीसीआई व जय शाह ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई और जय शाह भी शामिल हैं। कैप्टन कूल के जन्मदिन पर, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही धोनी के नेतृत्व और शांत व्यवहार की सराहना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शाह ने लिखा, एकमात्र एमएस धोनी को जन्मदिन की शुभकामनाएं! आपने खेल को सब कुछ दिया है और अपने नेतृत्व और शांत व्यवहार से लाखों लोगों को प्रेरित किया है। आपको अनंत सफलता और खुशी की शुभकामनाएं। बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, सच्चे अर्थों में लीडर। पूर्व टीम इंडिया के कप्तान और खेल को गौरवान्वित करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक एमएस धोनी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।



मुंबई में धोनी को बधाई देने पहुंचे अभिनता सलमान खान।

**धोनी के घर के बाहर प्रशंसकों ने मनाया जन्मदिन**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रविवार को 43वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर देशभर में उनके प्रशंसक उनका बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। राजधानी रांची में भी प्रशंसकों ने कैप्टन कूल माही का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। प्रशंसकों ने सिमलिया स्थित धोनी के घर के बाहर केक काटा और कट आउट पोस्टर पर उनको केक खिलाया। धोनी के प्रशंसक सुबोध कुशवाहा और कुशमाही एकेडमी के कोच बच्चों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि आज माही का 43वां जन्मदिन है। उनके जन्मदिन पर हम कामना करते हैं कि वह हमेशा खुश रहें और आगे भी क्रिकेट खेलते रहे। अहमदाबाद से आये एक प्रशंसक ने कहा कि वह सिर्फ धोनी को देखने और उनका जन्मदिन मनाने अहमदाबाद से रांची आये हैं लेकिन उन्हें अफसोस है कि धोनी से मुलाकात नहीं हो पायेगी। धोनी ने वर्ल्ड कप जीत को जन्मदिन का अनमोल तोहफा बताया। धोनी ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा, जन्मदिन के अनमोल तोहफे के लिए धन्यवाद। धोनी के जन्मदिन से आठ दिन पहले टीम इंडिया का टी-20 वर्ल्ड कप खिताब जीतना धोनी के लिए अब तक का सबसे अच्छा बर्थडे गिफ्ट है।

# एलिवेटेड कॉरिडोर का काम बिरसा जयंती तक हर हाल में पूरा करें

*रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर का किया निरीक्षण*

*कॉरिडोर के नीचे 31 मीटर के स्पेस में रात में बच्चों के खेलने की व्यवस्था बनाएं*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को रातु रोड में नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण किया। मंत्री ने अधिकारियों से 15 नवंबर तक काम पूर्ण करने को कहा ताकि 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर रांची की जनता को समर्पित किया जा सके। सेठ ने कहा कि काम की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी है। ऐसे महान विभूति के जयंती पर इस कॉरिडोर का उद्घाटन हो इससे बड़ा सौभाग्य और क्या हो सकता है। मंत्री ने कहा कि बच्चों को खेलने के लिए कहीं मैदान नहीं बचा है। कॉरिडोर के नीचे 31 मीटर का स्पेस है। इस स्पेस में बच्चों को खेलने की व्यवस्था रात 9 से 11 के बीच सुनिश्चित करें। रविवार को पूरे दिन यह सुविधा हो। खेल का आयोजन ओलंपिक संघ के देखरेख में होगा। वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कैरम, इंडोर गेम सहित अन्य खेलों का आयोजन हो सके। झारखंड पूरे देश को एक प्रेरणा दे सके। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सेठ ने कहा कि फ्लाई ओवर के ऊपर और नीचे सोहराय पेंटिंग एवं ट्राईबल पेंटिंग की जाए। पिलर पर हैंगिंग गार्डन का निर्माण करें। फ्लाई ओवर के ऊपर लाइट की व्यवस्था और नीचे कलरफुल लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जहां-जहां आबादी अधिक है वहां-वहां कट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही जहां मार्केट है और पार्किंग की व्यवस्था नहीं है वहां पर पार्किंग के लिए जगह छोड़े। नाली का निर्माण वाटर लेवल लेकर करें ताकि बरसात में पानी रोड पर ना वहे। यह व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस कार्य के लिए और कोई जरूरत हो उसे हम पूर्ण करेंगे। रांची के विधायक सीपी सिंह ने भी अधिकारियों को सुझाव दिया और लोगों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए काम करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के सभी वरीय पदाधिकारी, भाजपा के महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, सत्यनारायण सिंह, ललित ओझा, संजय जायसवाल, पार्षद ओमप्रकाश, मंडल अध्यक्ष सुबेश पांडे, ओमप्रकाश पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरकार में आते ही ओबीसी समाज को देंगे अधिकार : सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस राज्य की एक बड़ी आबादी के साथ इस राज्य की सरकार खिलवाड़ कर रही है। राज्य सरकार ने चुनावी घोषणा में वादा किया था कि जैसे ही सरकार में हम आएंगे छह माह के अंदर ओबीसी समाज का अधिकार देने का काम करेंगे लेकिन सरकार के विदाई वर्ष में भी इस राज्य के ओबीसी समाज को लॉलीपॉप दिखाने का काम किया। सुदेश महतो रविवार को ओबीसी एकता अधिकार मंच के अरगोड़ा स्थित केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस सरकार में बैठे मंत्री और मुख्यमंत्री केवल घोषणाएं करते हैं। धरातल पर एक भी काम नहीं हो रहा है और ओबीसी समाज को छला जा रहा है। हम ओबीसी समाज की लड़ाई को मजबूती के साथ विधानसभा में रखने का काम करेंगे और हम ओबीसी समाज के लोगों से आग्रह करते हैं कि इस लड़ाई को मजबूती के साथ एकजुटता के साथ खड़ा होकर लड़ाई लड़े ताकि ओबीसी समाज का हक अधिकार मिल सके।

## न्यूज | बॉक्स

### देवघर मकान हादसे में तीन लोगों की मौत पर बाबूलाल मरांडी ने जताया शोक

**रांची।** देवघर स्थित एक पुराने मकान के गिर जाने से तीन लोगों की हुई मौत पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरा शोक प्रकट किया है। मरांडी ने कहा कि घटना को सुनकर मर्माहत हूं। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि ईश्वर परिजनों को धैर्य एवं साहस प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि रविवार सुबह नगर थाना क्षेत्र के सीता होटल के पास बमबम बाबा पथ हंसकुप मुहल्ले में एक तीन मंजिला इमारत ढह गयी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई।

### झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने बासुकीनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना



**दुमका।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. बिद्युत रंजन सारंगी ने रविवार को बासुकीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। पूजा-अर्चना करने के बाद चीफ जस्टिस वन विभाग के रेस्ट हाउस गये। इसके बाद वे रांची के लिए रवाना हो गये। इस मौके पर दुमका डीसी ए डोड्डे, एसपी पीतांबर सिंह खेरवार सहित कई प्रशासनिक अफसर मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि पांच जुलाई को डॉ. बिद्युत रंजन सारंगी ने झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की शपथ ली थी।

### पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने बीजेपी छोड़ी

**रांची।** बहरागोड़ा से पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने बीजेपी को बाय-बाय कर दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भेज दिया है। उन्होंने लिखा है कि पत्र के माध्यम से मैं भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूं। यह निर्णय मैंने



गहन चिंतन और आत्ममंथन के उपरांत लिया है। कुणाल षाडंगी ने इस्तीफे की कॉपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को भी भेजी है। कुणाल ने लिखा है कि पिछले कई महीनों से मैं यह महसूस कर रहा हूं कि कई बार पूर्वी सिंहभूम जिले की बुनियादी समस्याओं से जुड़े विषयों और संगठनात्मक विषयों को आपके और अन्य वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में लाने के बावजूद पार्टी जिले की महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति बिलकुल उदासीन है। जब मैंने प्रदेश के प्रवक्ता के पद से त्यागपत्र दिया था, तो मुझे उम्मीद थी कि मेरे द्वारा रखे गए विषयों पर पार्टी संज्ञान लेगी लेकिन दुखद है कि स्थिति आज भी जस की तस है।

## कांग्रेस-झामुमो-राजद परिवार की पार्टी भाजपा कार्यकर्ताओं की : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गिरिडीह स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में पार्टी कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी है। केवल चुनाव ही नहीं, बल्कि दिन-प्रतिदिन होने वाले सांगठनिक कार्यक्रमों को कार्यकर्ता ही सफल बनाता है। वैचारिक लड़ाई को आगे बढ़ाने के सहयोगी हैं। ऐसे कार्यकताओं के बल पर ही देश में तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हुआ है। कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है जबकि कांग्रेस-झामुमो-राजद परिवार की पार्टी है। मरांडी ने कहा कि नेताओं को तो रोज सम्मानित किया जाता है लेकिन कार्यकर्ता चुपचाप काम में जुटा रहता है। जनता के सवालों से जूझता है। जनप्रतिनिधियों से संबंधित शिकायतों को सुनता है और सब कुछ सहन कर जनता की सेवा में जुटा रहता है। समस्याओं के समाधान में हर संभव प्रयास करता है। जनता ठगबंधन सरकार के लूट, भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी से ऊब चुकी है।



**हेमंत सरकार देश की सबसे सबसे भ्रष्ट**

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार भारत की सबसे भ्रष्ट सरकार है। आज विकास के काम ठप हैं। विधि व्यवस्था ध्वस्त है। पुलिस प्रशासन केवल उगाही में लगा है। किसी कार्यालय में बिना पैसे का कोई काम नही हो सकता। बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। व्यापारियों को जेल से धमकी मिलती है। रंगदारी नहीं देने पर जान खतरे में है। पिछले साढ़े चार वर्षों में एक भी उद्योग राज्य में नहीं लगा। मरांडी ने कहा कि शिबू सोरेन परिवार को सत्ता की भूख ऐसी कि बिना कोई आरोप के अपने ही मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए बाध्य कर दिया।

## हेमंत सरकार ठगबंधन सरकार रिटर्न्स है : अमर कुमार बाउरी

*भाजपा विधायक दल की बैठक में कहा गया यह सरकार अंतर्कलह से घिरी है और डरी हुई है*

*सत्ता पक्ष सदन में वाद विवाद सुनिश्चित करे, बताए सरकार बनाने की जरूरत क्यों पड़ी*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार शाम पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक सीपी सिंह,नीलकंठ सिंह मुंडा, भानु प्रताप शाही, बिरंची नारायण,अनंत ओझा,रामचंद्र चंद्रवंशी,नीरा यादव,रणधीर सिंह,नवीन जायसवाल,राज सिन्हा,कोचे मुंडा,केदार हाजरा,अपर्णा सेन गुप्ता,आलोक चौरसिया, नारायण दास,किशुन दास,शशि भूषण मेहता,अमित मंडल , पुष्पा देवी शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार की वापसी ठगबंधन सरकार रिटर्न्स है। बाउरी ने कहा कि यह सरकार अंतर्कलह और विवाद से घिरी है और डरी हुई है। मुख्यमंत्री में हिम्मत नही कि वे पूरे मंत्रीमंडल के साथ विश्वासमत प्राप्त करें। उन्होंने कहा ठगबंधन सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों से जैसी लूट मचाई है उससे कोई वर्ग अछूता नहीं है। कोई वर्ग खुश नहीं है।सभी इस भ्रष्ट निकम्मी सरकार से जल्द निजात चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सदन में वाद विवाद में भाग लेना चाहती है। भाजपा चाहती है कि मुख्यमंत्री सदन में बताएं कि आखिर फिर सरकार बनाने की जरूरत क्यों पड़ी जब मुख्यमंत्री काम कर रही रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा मांग करती है कि सदन में इस विषय पर बहस हो । उन्होंने कहा कि यह हेमंत सरकार का अंतिम विश्वासमत सत्र होगा। काठ की हांडी बार बार नही चढ़ती है।

## पीजीटी परीक्षा में हुए व्यापक भ्रष्टाचार के हैं पुख्ता प्रमाण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) पीजीटी परीक्षा में हुए धांधली के जांच के मांग एवं श्रेया डिजिटल, बोकारो एवं शिवा इंफोटेक परीक्षा केंद्र के सफल अभ्यर्थियों के जांच की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरना दे रहे अभ्यर्थियों से रविवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रांची विधायक सीपी सिंह, कांके विधायक समरी लाल, राजमहल विधायक अनंत ओझा एवं गोड्डा विधायक अमित मंडल ने मुलाकात की। साथ ही उनके विषय को विस्तार से जाना। मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि जेएसएससी पीजीटी मामले में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। जिस तरह से अभ्यर्थियों ने अपने साथ हो रहे अन्याय के पुख्ता प्रमाण दिखाएं है, उससे लगता है कि झारखंड सरकार ने सफल अभ्यर्थियों से पैसे लेकर नौकरी बेचने का काम किया ह। सरकार को चाहिए कि जब सीबीआई पहले से ही नियुक्ति घोटाले मामले पर अपनी जांच कर रही है तो इस मामले की जांच भी एक साथ करवा दें। बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रति वर्ष पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था और नौकरी नहीं मिलने पर पांच से सात हजार रुपये का भत्ता देने का वादा युवाओं से किया था लेकिन नौकरी देना तो दूर सरकार नौकरी को बेचने का काम कर रही है। कई मामले की जांच एसआईटी का गठन कर की गई, जिसमें राज्य सरकार के ही दो अधिकारियों की गिरफ्तारी भी की गई लेकिन पूरा मामला ठंढे बस्ते में चला गया और किसी पर भी कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। बाउरी ने कहा कि धरने पर बैठे छात्रों को पहले तो समझाने का काम किया जा रहा था लेकिन अब उन्हें धमकी भी दी रही है। यदि युवाओं के साथ कोई भी छेड़छाड़ होती है तो सड़क से लेकर सदन तक भारतीय जनता पार्टी इस लड़ाई को लड़ने का काम करेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि युवाओं के साथ सरकार छेड़छाड़ ना करें, नहीं तो सत्ता के साथ झारखंड से भी उन्हें हाथ धोना पड़ेगा। रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि जिस तरह से छात्रों ने प्रमाण पेश किए हैं उसे लगता है कि झारखंड के पांच सेंटर से ही अभ्यर्थी सफल हुए हैं। जिस कंपनी को परीक्षा करवाने का टेंडर दिया गया वह कंपनी पहले से ही ब्लैक लिस्ट है। इसके बावजूद फिर से उसी कंपनी से परीक्षा करवाने पर भी सरकार के ऊपर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### वादे के अनुरूप सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा स्थाई करे हेमंत सरकार : अमर बाउरी

**रांची।** भाजपा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रांची विधायक सीपी सिंह, राजमहल विधायक अनंत ओझा, कांके विधायक समरी लाल एवं गोड्डा विधायक अमित मंडल ने रविवार को सहायक पुलिसकर्मियों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को विस्तार से जाना। करीब आधे घंटे चले इस मुलाकात में भाजपा के विधायकों ने सभी सहायक पुलिसकर्मियों को आश्वस्त किया कि यदि यह सरकार आप सभी को स्थायी नहीं करती है तो आने वाले चुनाव के बाद यदि भाजपा की सरकार बनती है तो इस मामले पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया से कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों को सरकार ने ही नियोजित किया था और सरकार ही अब उन्हें स्थायी नहीं कर रही है। सहायक पुलिसकर्मियों के साथ वर्तमान सरकार की हुई वार्ता में यह स्पष्ट किया गया था कि उन्हें जल्द ही स्थायी कर दिया जाएगा लेकिन झूठे वादे और सहायक पुलिसकर्मियों को ठग कर सत्ता में आई राज्य सरकार अब उनकी सुध तक नहीं ले रही है। सरकार सिर्फ सोशल मीडिया पर आश्वासन देकर और सहायक पुलिसकर्मियों को ठग कर सत्ता हासिल करने का काम किया। उन्होंने कहा कि आने वाले सत्र में इन सभी मुद्दों को सदन के भीतर प्रमुखता से रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 एवं 2021 में सहायक पुलिसकर्मियों के साथ राज्य सरकार हुई वार्ता में मौखिक एवं लिखित रूप से सरकार ने वादा किया था।



### जयप्रकाश जनता दल की प्रदेश समिति का विस्तार

**रांची।** कांके ब्लॉक चौक शिव मंदिर रोड स्थित जयप्रकाश जनता दल के प्रदेश कार्यालय में सुबोध कुमार की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में झारखंड प्रदेश समिति का विस्तार किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री अशोक दास ने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में झारखंड प्रदेश में चुनाव लड़ने का फैसला लिया गया है एवं समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए हमारा संगठन प्रमुखता से कार्य करेगी। प्रदेश अध्यक्ष सुबोध कुमार ने कहा कि सड़क से लेकर सदन तक गरीबों की आवाज जेपी जनता दल बनेगी। प्रदेश महामंत्री ने समिति विस्तार के नामों की घोषणा की, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सुबोध कुमार, उपाध्यक्ष डॉ सीताराम सिंह, महामंत्री दिलीप वर्मा, सचिव विनोद कुमार, श्याम नंदन पासवान, सिकंदर कुमार, आदित्य कुमार यादव शामिल हैं।

## पृष्ठ एक के शेष

**भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा...**

जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख- शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री ने राज्य की समस्त जनता को रथयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने आस्था एवं भक्ति के समागम में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं के साथ जय जगन्नाथ के जयकारे लगाए और रथ की रस्सी को हाथ लगाकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को मौसीबाड़ी के लिए आगे बढ़ाया। ऐतिहासिक रथयात्रा के अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक राजेश कच्छप, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय एवं विनोद पांडेय सहित अन्य कई लोग शामिल हुए।

**जय जगन्नाथ के जयकारे से गूंजा...**

भगवान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलभद्र बहन सुभद्रा एवं भगवान जगन्नाथ स्वामी के बचपन काल की प्रतिमा को रथ पर आरूढ़ कराया गया। रथ पर आरूढ़ भगवान का पूजन व आरती के बाद टिकैत विश्वदेव नारायण सिंह, विवेक भवानी सिंह एवं चैनपुर के गणमान्य लोगों ने रथ की रस्सी खींच कर रथ यात्रा प्रारंभ की गई। चैनपुर के सुप्रसिद्ध रथ यात्रा के अलावा ठाकुरबाड़ी से चलकर राम जानकी मंदिर जनकपुरी बारालोटा तक, नदी किनारे श्रीराम जानकी मंदिर शास्त्री नगर तथा पुलिस लाइन स्थित इस्कॉन केंद्र से भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली गई और पूरे शहर में घुमाया गया। जिसमें शहर के हजारों श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

**हेमंत बने युवाओं के...**

अब राज करेगा। कल्पना सोरेन की विषम परिस्थिति में कुशल नेतृत्व देश भर में आयरन लेडी के रूप में अपनी पहचान दिलाई। जिसका सीधा फायदा झारखंड विधानसभा के चुनाव में मिलेगा। झारखंड में झामुमो के पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी व विरोधी औंधे मुंह गिरेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने माटीकला बोर्ड गठन को लेकर सकारात्मक संकेत दिया है। युवाओं को यथोचित स्थान मिलने के आसार है, जरूरत है क्षेत्र में निःसवार्थ काम करने की।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


ब्रीफ न्यूज

## गाजा स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में 16 की मौत, अन्य कई लोग घायल



**गाजा।** फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा है कि गाजा पट्टी में एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए हैं, साथ ही इस हमले में कई अन्य घायल हो गए हैं। घायलों की संख्या कम से कम 75 बताई गई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इमारत में हजारों विस्थापित लोग रह रहे थे।

## जापान में गर्मी से लोग परेशान, पारा 40° के करीब, दो बुजुर्गों की मौत

**टोक्यो।** जापान में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। देश में पड़ रही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को टोकाई से लेकर कांतो में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने 26 प्रांतों के लिए हीट स्ट्रोक अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा निवासियों से भीषण गर्मी से सावधानी बरतने की अपील की है। फिलहाल तापमान नीचे जाने की कोई संभावना नहीं है।

## अमेरिका के केंटकी में गोलीबारी में चार लोगों की मौत, तीन अन्य घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी के एक घर में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। फ्लोरेंस पुलिस विभाग के अनुसार, चार लोगों की घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। वहीं तीन अन्य घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस प्रमुख जेफ मैलेरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अधिकारी शनिवार को सुबह करीब 3 बजे फ्लोरेंस के एक घर पर पहुंचे तो वहां लोगों को को गोली मारी गई थी। घर के मालिक के बेटे के जन्मदिन की पार्टी के लिए लोग यहां इकट्ठा हुए थे।

## महिला आयोग की अध्यक्ष पर सांसद महुआ की अभद्र टिप्पणी पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष पर सांसद महुआ मोइत्रा की अभद्र टिप्पणी के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस मुख्यालय के अनुसार राष्ट्रीय महिला आयोग से एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि महुआ मोइत्रा, सांसद द्वारा एक ट्वीट (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर) को कथित रूप से दोबारा पोस्ट किया गया है।

### पुरी रथयात्रा में भगदड़

# चार सौ श्रद्धालु घायल, एक की मौत

पूरे वर्ष इस विशेष अवसर का **इंतजार** करते हैं श्रद्धालु



**एजेंसी। नई दिल्ली**

**पुरी।** देश-विदेश में प्रसिद्ध पुरी जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। बलभद्र जी के रथ खींचे जाने के दौरान अचानक भगदड़ मच गई। इस दौरान 400 से ज्यादा श्रद्धालु नीचे गिर गए। घटना में एक श्रद्धालु की मौत हो गई। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें 50 से ज्यादा श्रद्धालुओं को इलाज के बाद छोड़ दिया गया है। घायलों में कइयों की हालत गंभीर बताई जा रही है। भगदड़ में दो पुलिस कर्मचारी भी घायल हुए हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को पुरी के जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

**शाम ढली तो माहौल में छाया सन्नाटा :** पुरी में रविवार को रथयात्रा का उत्सव अपने चरम पर था। लाखों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन के लिए उमड़े थे। दोपहर बाद करीब 5:20 बजे पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने रथों की पूजा-अर्चना की और छेरा पहरा रस्म अदा की। इसके बाद जैसे ही भगवान बलभद्र के रथ तालध्वज को खींचने की प्रक्रिया शुरू हुई, भीड़ बेकाबू हो गई। देखते ही देखते भगदड़ मच गई। इस हादसे पर दुख जताते हुए स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने कहा कि घायलों को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक **रथ यात्रा** में अतिथि के रूम में शामिल हुए।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भक्तों के साथ खींचा सुभद्रा का रथ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी भक्तों के साथ देवी का रथ खींचा। इसके बाद वे यहां से लौट गई हैं और मंगलवार सुबह फिर रथयात्रा में शामिल होंगी। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक रथ यात्रा में अतिथि के रूम में शामिल हुए। रथारूढ़ चतुर्धा विग्रहों की एक झलक पाने के लिए लोग लालायित दिखे। वहीं भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुरी जगन्नाथ धाम में जल, थल, नभ हर जगह सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए थे। रथयात्रा में शामिल होने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शाम 4 बजे बड़दांड पहुंचीं। इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति के साथ-साथ राज्यपाल रघुवर दास और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी थे।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** अकाउंटिंग फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस को रिकॉर्ड करने, समराइज करने और क्लासिफाई करने की प्रक्रिया है जो बिजनेस डिसीजंस लेने में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है। इस जानकारी का उपयोग फाइनेंशियल स्टेटमैंट्स बनाने के लिए किया जाता है, जिसमें बैलेंस शीट, इनकम स्टेटमेंट और कैश फ्लो स्टेटमेंट शामिल हैं, जो कंपनी की फाइनेंस पोजीशन और परफॉर्मेंस की एक तस्वीर प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, अकाउंटिंग में बजट की प्रिपरेशन, फाइनेंस फोरकास्टिंग और फाइनेंशियल डेटा का एनालिसिस शामिल है।



# अकाउंटिंग कर अपने जीवन को संवार सकते हैं

### अकाउटिंग क्यों चुनें

- **जॉब स्टेबिलिटी:** अकाउंटिंग एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें प्रोफेशनल्स की उच्च मांग है। जब तक बिजनेसेज और ऑर्गनाइजेशंस हैं, अकाउंटेंट्स की आवश्यकता होगी।
- **वर्सिटेलिटी:** एक अकाउंटिंग डिग्री आपके लिए पब्लिक अकाउंटिंग, कॉर्पोरेट अकाउंटिंग, गवर्नमेंट अकाउंटिंग और नॉन-प्रॉफिट अकाउंटिंग सहित कई अलग-अलग करियर के रास्ते खोल सकती है।
- **करियर अचीवमेंट्स:** अकाउंटेंट्स जो अपने करियर में आगे बढ़ना चाहते हैं, उनके पास सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट (सीपीए) बनने का अवसर है, जिससे अधिक सैलरी और अधिक सीनियर पद प्राप्त हो सकते हैं।
- **प्रोफेशन डेवलपमेंट:** अकाउंटिंग का फील्ड लगातार विकसित हो रहा है और अकाउंटेंट्स को नए नियमों और टेक्नोलॉजीज़ के साथ अपडेट रहने की आवश्यकता है। यह चल रही लर्निंग और प्रोफेशनल डेवलपमेंट के अवसर प्रदान कर सकता है।
- **फाइनेंशियल नॉलेज:** अकाउंटेंट्स फाइनेंशियल मैनेजमेंट के एक्सपर्ट्स होते हैं, जो पर्सनल फाइनेंसेस के लिए और ठोस फाइनेंशियल डिसीजंस लेने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।
- **सोशल इंपैक्ट्स:** अकाउंटेंट्स ऑर्गनाइजेशन और बिजनेसेज की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी और ग्रोथ सुनिश्चित करने में इंपोर्टेंट रोल निभाते हैं, जो समाज के समग्र कल्याण में योगदान कर सकते हैं।

### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, हैदराबाद
- यूनिवर्सिटी ऑफ, मुंबई
- हिमालयन यूनिवर्सिटी, अरुणाचल प्रदेश
- साई कॉलेज, भिलाई
- द आईआईएस यूनि वर्सिटी, राजस्थान
- ज्ञानामानी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, तमिल नाडु
- कनोरिया पीजी महिला महाविद्यालय

### करियर स्कोप

- टॉप इंडस्ट्रीज
- अकाउंटिंग फर्म्स
- फाइनेंशियल फर्म्स
- बैंक्स
- ऑडिटिंग फर्म्स
- स्टॉक मार्केट/ब्रोकर

### टॉप रिक्रूटर्स

- Deloitte
- EY
- KPMG
- PwC
- Grant Thornton
- BDO
- Reserve bank of india
- HDFC
- Bank of Baroda

### टॉप विदेशी यूनिवर्सिटीज

- हंबर कॉलेज कनाडा
- सेंटेनियल कॉलेज कनाडा
- सेंट क्लेयर कॉलेज कनाडा
- यूनिवर्सिटी ऑफ विंडसर कनाडा
- फैंशेव कनाडा
- डर्हम कॉलेज कनाडा
- सैनेका कॉलेज ऑफ अप्लाइड आर्ट्स एंड टेक्नोलॉजी
- स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रेलिया
- चिशोल्म इंस्टिट्यूट, ऑस्ट्रेलिया
- साउथर्न कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी